चैत्र कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, मंगलवार
18 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 45, पृष्ठ-12



पेज 10

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 31.0° | 33.6° |
| न्यून. | 20.0° | 20.6° |

₹82000 (10 ग्राम)

₹104000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 74,169.95 | 86.767 |
| +341.05 | -0.174 |

माह-ए-रमजान

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:01 | 4:36 |
| 18 मार्च | 19 मार्च |

## होली बाद सत्र के हंगामेदार होने के आसार

# विधानसभा का बजट सत्र होली छुट्टी के बाद आज से

**हालिया** घटनाओं को लेकर विपक्ष आक्रामक

**सत्ता** पक्ष ने भी जवाबी प्रहार को कसी कमर





नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र होली के अवकाश के बाद पुनः मंगलवार 18 मार्च से शुरू होने जा रहा है। 12 मार्च से 17 मार्च तक होली का अवकाश था। ज्ञात हो कि बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हुआ था। विधानसभा में बजट 28 फरवरी 2025 को पेश किया गया था। यह सत्र 27 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र में 20 कार्य दिवस हैं। इधर, कुछ घटनाओं को लेकर मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रुख से लगता है कि बजट सत्र की शेष बची कार्यवाही के दौरान पक्ष और विपक्ष में खींचतान देखने को मिल सकती है। वहीं, मंईयां सम्मान योजना और राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना से हेमंत सोरेन सरकार की जनता और सदन दोनों जगह मजबूत स्थिति बनी हुई है।

मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने सदन में विभिन्न विषयों को प्रमुखता से उठाने की रणनीति बनाई है। इसकी बानगी उस देखने को मिली थी, जब भाजपा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हजारीबाग में हत्या का मामला पूरे जोर से उठाया था। हंगामा के कारण स्पीकर रबींद्र नाथ महतो को सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी।

### सत्र में शेष बचे दिनों की कार्यवाही

| तिथि | कार्यवाही |
|---|---|
| 18 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 19 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 20 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 21 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद |
| 22-23 मार्च | अवकाश |
| 24 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक |
| 25 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक |
| 26 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य |
| 27 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प |

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने राज्य के डीजीपी पर टिप्पणी भी कर दी थी। लेकिन, पुलिस ने अपनी शक्ति दिखाई और कुख्यात गैंगस्टर अमन साव पलामू में मुठभेड़ में मार गिराया। इस समय भाजपा के पास दो बड़े मुद्दे हैं। एक मुद्दा है गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस को लेकर हुई हिंसा। दूसरा मुद्दा है मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थियों का।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पिता का निधन, पीएम ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ देबेंद्र प्रधान का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में धर्मेंद्र प्रधान के सरकारी आवास पर अंतिम सांस ली। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे डॉ देबेंद्र प्रधान एक प्रशंसित राजनेता थे और ओडिशा में उनका बहुत सम्मान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर जाकर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ देबेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि दी। वहीं, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. प्रधान के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से फोन पर बात भी की।



### हंदवाड़ा मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**हंदवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा के जचलदार इलाके में सोमवार की सुबह से चल रही मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। इस दौरान एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## पहले अनाज सड़ जाता था और अब बांट दिया जाता है

- शहरों में ₹43 और गांवों में ₹33 रोज खर्च करने वाला गरीब नहीं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के गरीबी रेखा के नए पैमाने की प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ शामिका रवि ने घोषणा की है कि हर माह शहरों में 1,410 रुपए और गांवों में 960 रुपए से कम खर्च करने वाला गरीब है। यदि शहरों में कोई व्यक्ति 43 रुपए रोज खर्च करने की स्थिति में है, तो उसको गरीब नहीं माना जाएगा। लेकिन, यदि कोई व्यक्ति इससे एक रुपया भी कम रोज खर्च करता है, तो सरकार उसको गरीब मानेगी। इसी तरह से भारत के गांवों में यदि कोई व्यक्ति 32 रुपए रोज खर्च कर रहा है, तब तो वह गरीब है, लेकिन यदि 33 रुपए खर्च करता है, तो वह गरीबी रेखा से ऊपर उठ गया मान लिया जाएगा।

इस पैमाने के आधार पर सरकार का दावा है कि भारत में अब केवल चार प्रतिशत गरीब रह गए हैं और पिछले 12 साल में करीब 30 प्रतिशत लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल दिया गया है। केंद्र सरकार के इस फॉर्मूले के अनुसार बिहार व उत्तर प्रदेश में कम गरीब हैं, और इन दो राज्यों से ज्यादा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि राज्यों में गरीब हैं। विपक्षी सवाल पूछते हैं कि जब भारत में मात्र 4 प्रतिशत ही लोग गरीब हैं, तो 60 फीसद लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज क्यों दिया जा रहा है, तब भारत सरकार की विद्वान अर्थशास्त्री शामिका रवि ने कहा कि पहले अनाज सड़ जाता है और अब बांट दिया जाता है।

## अड़की की दो नाबालिग लड़कियां दिल्ली से रेस्क्यू

- मानव तस्करी की हुई थीं शिकार
- खूंटी लाने को टीम दिल्ली रवाना

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**खूंटी/नई दिल्ली।** खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों का रविवार को दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त दोनों लड़कियों को अच्छे काम का लालच देकर मानव तस्कर दिल्ली ले गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली में प्लेसमेंट एजेंसी वाले उन्हें दाई का काम करने के लिए अन्यत्र भेजने वाले थे। जैसे ही दोनों नाबालिग लड़कियों को इसकी भनक लगी, वे किसी तरह तस्करों के चंगुल से निकल भागीं। एक लड़की ने अपने मोबाइल से इसकी सूचना झारखंड भवन के टोल फ्री नंबर पर देते हुए मदद की गुहार लगाई।

सूचना मिलते ही नोडल अफसर नचिकेता ने परामर्शी निर्मल खलखो, मिशन मुक्ति फाउंडेशन के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह और रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय कुमार पांडे को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी साथ मिलकर पीड़िताओं को रेस्क्यू के अभियान में लग गए। पीड़िताओं के मोबाइल फोन का लाइव लोकेशन दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र में मिलने पर नेबसराय थाना पुलिस के सहयोग से पीड़िताओं को सुरक्षित बचा लिया गया। इधर, खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर एक रेस्क्यू टीम पीड़िताओं को दिल्ली से खूंटी लाने और अग्रतर कार्रवाई के लिए खूंटी से दिल्ली रवाना हो गई है। टीम में बाल संरक्षण पदाधिकारी मो. अल्ताफ खान, महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो, एएसआई रमजानुल हक, आरक्षी प्रिया कुमारी आदि शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए मोबाइल ऐप लांच

- आवेदन करना होगा आसान, सुविधा केंद्र की भी हुई शुरुआत

नई दिल्ली (हि.स.)

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित नए संसद भवन में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए एक मोबाइल ऐप लांच किया। इस ऐप के जरिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से जुड़ी जानकारियां देने के लिए पहले सुविधा केंद्र की भी शुरुआत की गई है। यह केंद्र कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बनाया है। यहां से युवाओं को इंटर्नशिप के बारे में जानकारी और मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख पहले 12 मार्च थी, लेकिन इसे बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दिया गया है।

### इंटर्न को मिलेगा 5 हजार रुपये का मासिक वजीफा

सरकार ने इस योजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिसमें से 48 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इस योजना के लिए पात्र आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिए, उसने कक्षा 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण की हो। इसके साथ ही उसके पास स्नातक की डिग्री, आईटीआई डिप्लोमा या अन्य तकनीकी योग्यता हो। योजना के तहत इंटर्न को 5 हजार रुपये का मासिक वजीफा, आकस्मिक खर्चों के लिए 6 हजार रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवरेज भी मिलता है।

शेष पेज 11 पर

## पश्चिमी सिंहभूम में जगन्नाथपुर के गितिलिपि गांव में घर में रखे पुआल में लगी आग

# चार बच्चे जिंदा जले, मचा कोहराम

पुलिस अगलगी मामले का कर रही सघन जांच

नवीन मेल डेस्क





**चाईबासा (प. सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के गितिलिपि गांव में सोमवार को दिन में लगभग 11:00 बजे एक घर में लगी आग की चपेट में आकर चार बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस हादसे से गांव में कोहराम मच गया। मौके पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे। दमकल की गाड़ी आग बुझाने में लगी रही। आग कैसे लगी, यह पता नहीं चल पाया है। मृत बच्चों में ग्रामीण अर्जुन चातार का पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस चातार, चंद्रमोहन सिंकू का पांच वर्षीय पुत्र साहिल सिंकू, सुखराम सुंडी का दो वर्षीय पुत्र रोहित सुंडी और एक पांच साल की बच्ची भूमिका सुंडी शामिल हैं।

बताया गया कि बच्चे एक घर के कमरे में रखे गए पुआल में खेल रहे थे। इसी दौरान वहां अचानक आग लग गई। आग देखते ही देखते पूरे घर में फैल गई। इस आग में बच्चे झुलस गए और उनकी मौत हो गई। घर में उस वक्त कोई भी बड़ा व्यक्ति मौजूद नहीं था। सभी लोग काम करने घर के बाहर गए थे। जानकारी के अनुसार, गांव की एक महिला बिरंग गगराई इस घर के पास पानी लेने गई थी। उसने पुआल में लगी आग में चार बच्चों को फंसा देखा।

वह उन्हें निकालने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रही। शोर मचाने पर जब तक गांव के लोग जुटे, तब तक आग भयावह रूप ले चुकी थी। धुएं का गुबार पूरे गांव में फैल गया था। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, पुलिस इंस्पेक्टर बासुदेव मुंडा, बीडीओ सत्यम कुमार, सीओ मनोज कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी संजय सिंह और पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी करीब एक घंटे बाद पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर के अनुसार, चारों बच्चे नाबालिग थे। अगलगी मामले की गहन जांच की जा रही है।

## इंडिया | विदेशी पक्षी दे रहे हैं प्रयागराज के संगम की स्वच्छता का संकेत



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विश्व के सबसे बड़े ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ के समापन के 15 -20 दिन बाद भी संगम तट पर विदेशी पक्षियों की भारी संख्या में उपस्थिति ने वैज्ञानिकों को अचंभित कर दिया है। सामान्यतः फरवरी के अंत तक विदा हो जाने वाले ये विदेशी मेहमान इस बार अभी तक संगम में डेरा डाले हुए हैं। पक्षी वैज्ञानिकों और जीव वैज्ञानिकों का मानना है कि यह संगम के जल और वायु की शुद्धता का प्रमाण है। हर साल दिसंबर के अंत में रूस, साइबेरिया और पोलैंड जैसे ठंडे देशों से हजारों की संख्या में विदेशी पक्षी संगम क्षेत्र में आते हैं जिनका ठहराव फरवरी के अंत तक रहता है लेकिन इस बार आधे मार्च तक भी इनका यहां बने रहना वैज्ञानिकों के लिए सुखद आश्चर्य की बात है। पक्षी वैज्ञानिक प्रो संदीप मल्होत्रा का कहना है कि लारस रीडिबंडस प्रजाति के ये विदेशी परिंदे प्रदूषण मुक्त जल और स्वच्छ हवा के सूचक माने जाते हैं। ये पक्षी प्राकृतिक रूप से तभी रुकते हैं जब जल में मौजूद जलीय जीव सुरक्षित हों और पर्यावरण अनुकूल हो। इनकी देर तक मौजूदगी इस बात का संकेत देती है कि महाकुंभ के दौरान गंगा के जल को स्वच्छ रखने के लिए किए गए प्रयास सफल रहे। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट भी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि संगम क्षेत्र का जल और वायु पहले की तुलना में काफी शुद्ध हुआ है। दूसरी ओर गंगा में डॉल्फिन की बढ़ती संख्या भी जल की स्वच्छता का प्रमाण है। गंगा नदी में पाई जाने वाली गांगेय प्रजाति की डॉल्फिन भी गंगा जल की स्वच्छता का अहम संकेतक मानी जाती है। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा विश्व वन्य जीव दिवस 3 मार्च 2025 को जारी रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी में डॉल्फिन की संख्या बढ़कर 6,324 हो गई है, जो 2021 में लगभग 3,275 थी। विशेष रूप से फतेहपुर प्रयागराज से लेकर पटना के बीच गंगा के



प्रवाह में डॉल्फिन की संख्या बढ़ी है। यह दर्शाता है कि गंगा नदी के जल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। महाकुंभ 2025 के दौरान गंगा की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने विशेष अभियान चलाए। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा जल में गंदे नालों के गिरने पर कड़ाई से रोक लगाई गई। जानकारों का कहना है कि कुंभ और बाद में सफाई के सरकार के इन प्रयासों का असर अब दिख रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में गंगा का जल और भी अधिक स्वच्छ हो जाएगा। पर्यावरणविदों और पक्षी वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर संगम क्षेत्र में जल और वायु की शुद्धता बनी रहती है तो यह पूरी जैव विविधता के लिए शुभ संकेत होगा। विदेशी पक्षियों की संख्या और गंगा में बढ़ती डॉल्फिन आबादी ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि प्रयागराज का पर्यावरण पहले की तुलना में काफी बेहतर हो गया है। वैसे वैज्ञानिकों का सुझाव है कि सरकार को जल स्वच्छता के लिए उठाए गए कदमों को जारी रखना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ के बाद भी गंगा नदी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, अपशिष्ट निस्तारण और प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को कड़ाई से लागू करना जरूरी है। तभी यह स्थिति लंबे समय तक बनी रह सकती है। पक्षी वैज्ञानिक और पर्यावरण विशेषज्ञ मानते हैं कि संगम क्षेत्र में विदेशी पक्षियों की मौजूदगी और गांगेय प्रजाति के डॉल्फिन की संख्या में बढ़ोतरी यह साबित करता है कि गंगा पहले से कहीं अधिक स्वच्छ हो चुकी है जो न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि पर्यटन और धार्मिक आस्था के लिहाज से भी एक सकारात्मक संकेत है। झारखंड के साहेबगंज स्थित गंगा नदी और अन्य स्थानों में प्रशासन जहां गंगा नदी जीवन रेखा की तरह लाखों लोगों के रोजी रोजगार का आधार बनी हुई है स्वच्छता के लिए अपनाए गए प्रयासों का अध्ययन कर उसे अपने क्षेत्रों में लागू कर सकती हैं। विशेषज्ञों का यह कहना है कि गंगा या किसी भी नदी को मां मानने के पीछे के वैज्ञानिक कारण को समझना और समझाना आज भी इसीलिए प्रासंगिक है ताकि इसे प्रदूषित करने से पहले लोग एक बार इस पर विचार करें।

## खूंटी के 3 छात्र मिनी ओपन नेशनल आर्चरी में लेंगे भाग



- गुंटूर में 21 से 29 मार्च तक होगा प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल डेस्क

**खूंटी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी के तीन छात्र सत्यम महतो, रौनक राज और सुधीर सांगा मिनी ओपन नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 29 मार्च 2025 तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में होगा। बताया गया कि सत्यम महतो 0-10 कंपाउंड, रौनक राज रिकर्व 0-10 बालक और सुधीर सांगा कंपाउंड 0-13 बालक वर्ग में हिस्सा लेंगे। इससे पहले इसी वर्ष जनवरी महीने में जयपुर में आयोजित नेशनल पैरा आर्चरी गेम्स में भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के छात्र झोंगो पाहन ने भाग लिया था और रजत पदक जीता था।

मिनी ओपन नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इन छात्रों की मेहनत और स्कूल का सहयोग अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर को साबित करने का मौका दे रहा है। शेष पेज 11 पर

# द्वितीय जेपीएससी भर्ती घोटाला : अदालत ने 5 आरोपियों के क्लोजर रिपोर्ट को किया अस्वीकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा भर्ती घोटाले की जांच में कुछ संदिग्ध अभ्यार्थियों के विरूद्ध अपूर्ण तरीके से क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर सीबीआई की विशेष अदालत ने जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। अदालत ने पाया है कि पूरी जांच को उचित तरीके से नहीं की गई है। चयन प्रक्रिया में व्यवस्थागत अनियमितताएं स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। निगरानी ब्यूरो से भी




कमजोर जांच की गई है। कई चयनित अभ्यर्थियों को परीक्षा के सभी स्तरों पर पीटी, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के समय पक्षपात किया गया है। मामले के जांच अधिकारी दोषपूर्ण तथ्यों के प्रति उदासीन बने रहे तथा उनकी विस्तार से जांच नहीं की। इतना ही उसे नजरअंदाज कर दिया। जांच अधिकारी ने यह भी जांच नहीं किया कि क्या अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए कोई अवैध भुगतान या धन आदि की स्वीकृति हुई है।

अदालत ने दाखिल चार्जशीट में पाया कि कुछ आरोपी व्यक्तियों जैसे प्रशांत कुमार लायक, लाल मनोज नाथ साहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजलि आदि के खिलाफ कोई सबूत नहीं जुटाया जा सका। जिनका नाम एफआईआर में दिया गया है। इसके विपरीत, उनके खिलाफ एफआईआर में विशिष्ट आरोप हैं, और एफएसएल की एक रिपोर्ट भी उपलब्ध है। जांच अधिकारी द्वारा आरोपी व्यक्तियों और अन्य को दोषमुक्त करने का कोई कारण नहीं दिया गया है। इसको देखते हुए आईओ ने जिन आरोपियों के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट दिया है। उस क्लोजर रिपोर्ट को अदालत अस्वीकृत करता है।

साथ ही तय कानून के तहत मामले में आगे की जांच करने का निर्देश दिया जाता है। क्योंकि वर्तमान मामले में आगे की जांच, मामले में न्यायपूर्ण निर्णय के लिए आवश्यक है। अदालत ने इस आदेश को सीबीआई रांची के डीआईजी और एसपी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है। साथ ही कहा कि मामले की जांच करते हुए जल्द ही पूरक चार्जशीट दाखिल करें।

## न्यूज बॉक्स

### पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच मामले में दायर पीआइएल खारिज




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रघुवर दास सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान पक्ष सुना। पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने याचिका का निष्पादित करते हुए बंद करने का आदेश पारित किया। खंडपीठ ने कहा कि यह जनहित का मामला प्रतीत नहीं होता है। एसीबी पहले से ही मामले की जांच कर रही है। ऐसे में सुनवाई की अब जरूरत नहीं है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। उन्होंने खंडपीठ को बताया कि एसीबी ने मामले पीइ दर्ज की है और जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी पंकज कुमार यादव ने वर्ष 2020 में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में प्रार्थी ने पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव व लुईस मरांडी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच एसीबी से कराने की मांग की थी। जुलाई 2023 में राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की प्रारंभिक जांच भी की है।

### रातू रोड में पड़ोसियों ने धारदार हथियार से वार कर किया जख्मी

**रांची।** रातू रोड शिव दुर्गा मंदिर लेन में रहने वाले ओमप्रकाश राय को पड़ोसियों ने रविवार को रात में मारपीट कर जख्मी कर दिया। पड़ोसियों द्वारा ठोस और धारदार हथियार से किए गए वार से ओमप्रकाश का सिर फूट गया। शरीर के कई अंगों पर गहरे जख्म हो गए। मामले में सूचक की लिखित शिकायत पर सोमवार को पड़ोसियों शुभम कुमार साव, रोहित निहाल पांडेय, कृष्णा साव समेत पांच के विरूद्ध बिना वजह एकमत होकर कातिलाना हमला करने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया है कि घटना के समय ओमप्रकाश घर पर थे। इसी समय सभी वहां आ धमके और पहले अपशब्दों का प्रयोग किया, इसके बाद मारपीट शुरू कर दी।

### बीच-बचाव में रेलवे कर्मी को रॉड से मारकर किया जख्मी

**रांची।** रांची के हटिया रेलवे यार्ड में कार्यरत कर्मी चंदन कुमार को बदमाशों ने पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना शनिवार की है। इस संबंध में चंदन कुमार ने अज्ञात युवकों के विरूद्ध जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। चंदन ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की सुबह तीन बजे ड्यूटी करके अपने रूम जा रहा था। कैंटीन में चाय पीने के लिए रूके। इसी दौरान स्कॉर्पियो में सवार कुछ लोग पहुंचे। कैंटीन वाले से बकझक करने लगे। दोनों पक्षों को शांत करने के दौरान आरोपी उनसे उलझ गए। लोहे की रॉड से मारकर उन्हें जख्मी कर दिया। पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### बाबूलाल मरांडी समेत 18 भाजपा नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज और रमेश सिंह समेत 18 नेताओं को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में दर्ज प्राथमिकी निरस्त कर दी है। वर्ष 2024 के अगस्त महीने में भाजपा के युवा आक्रोश मार्च में हुए उपद्रव के बाद उक्त सभी लोगों समेत दस हजार अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी थीं। इस संबंध में लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्रार्थियों की ओर से याचिका में लगाए गए आरोपों को गलत बताया गया और राजनीतिक कारणों से प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही गयी। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

### पंचायती राज और पेसा को लेकर कांग्रेस की स्वराज यात्रा कल से

# पंचायती राज अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने को लेकर चलेगा अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राज्य में पर्यावरण संरक्षण और पंचायतों को अधिकार देने को लेकर अभियान चलाएगा। 19 से 21 मार्च तक संगठन द्वारा पंचायती राज और पेसा कानून लागू करने के लिए राज्य भर स्वराज यात्रा निकाली जाएगी। पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित शर्मा और प्रवक्ता संतनू मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के द्वारा झारखंड में घट रहे वन, नदियों का जलस्तर पंचायती राज अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पहाड़, पानी और वन संरक्षण को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में पूर्व के भाजपा सरकार में तय किए गए उम्र और तीन बच्चों के प्रावधान को बदलने की मांग होगी। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से बापू वाटिका मोरहाबादी तक चार दिवसीय स्वराज पदयात्रा और जन-जागरण किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि वन विभाग के आंकड़ों में झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 29 प्रतिशत वन क्षेत्र दिखाया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि लगभग 20 प्रतिशत भूमि पर जंगल ही बचे हैं। शेष जमीन बंजर है। झारखंड में वन घट रहे हैं और इसका सीधा असर इस राज्य में रहने वाले आदिवासी और मूलवासी के जीवन पर पड़ रहा है। प्रदेश प्रवक्ता श्री मिश्रा ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 आम नागरिकों को अधिकार देता है कि वह अपना जीवन यापन अपने क्षेत्र के वन से पूरा करेंगे। जंगल पर निर्भर करने वाले लोगों के जीवन यापन का संकट है। स्वराज यात्रा का उद्देश्य नगर निकाय और पंचायत की स्वायत्तता बचाना है। नगर निकाय चुनाव के विसंगतियों को दूर करना इस अभियान का हिस्सा होगा। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार ने चुनाव में कई अलोकतांत्रिक प्रावधान लागू किया था, उसे समाप्त कराया जाएगा। स्वराज यात्रा के बाद संगठन की ओर से एक मांग पत्र राज्यपाल को भेजा जाएगा।



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मिले संगठन प्रभारी से

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से नई दिल्ली में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। उन्होंने संगठन प्रभारी को विगत 06 फरवरी से 10 फरवरी तक झारखंड में प्रमंडलवार आयोजित संगठन सृजन परिचर्चा कार्यक्रम की जानकारी दी तथा मंत्रियों को प्रमंडलवार एवं विधायकों को जिलावार जिम्मेवारी एवं कांग्रेस मंत्रियों के कार्यों से भी अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू भी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड में चल रहे संविधान बचाओ पदयात्रा कार्यक्रम से अवगत कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पंचायत, प्रखंड स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को एक साल तक राज्य के सभी जिला, प्रखंड एवं पंचायत तक पहुंचाना है। वेणुगोपाल ने इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के मंत्रियों, विधायक दल के नेता, उपनेता, विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को उस क्षेत्र में रहने का निर्देश दिया है, ताकि इस कार्यक्रम का संदेश आमजन तक पहुंच सके।

# घोड़थंबा की घटना पुलिस प्रशासन का सुनियोजित षडयंत्र : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी दिल्ली से भाया देवघर गिरिडीह जिला के घोड़थंबा पहुंचे। उन्होंने कहा कि होली के दौरान रंग अबीर खेलते हिंदुओं पर पत्थरों, पेट्रोल बम हमला किया गया। इतना ही नहीं पुलिस की भूमिका इस पूरे प्रकरण में अपराधियों, गुंडों, बदमाशों व हमलावरों को संरक्षण दे रही है। श्री मरांडी ने कहा कि घोड़थंबा में जिस गली, रास्ते को लेकर विवाद हुआ उसपर प्रतिवर्ष लोग पर्व त्योहार में जाते रहे हैं लेकिन इस वर्ष सुनियोजित तरीके से रंग अबीर खेलते हिंदू भाइयों पर हमला कराया गया। कहा कि पत्थरबाजी के बीच पुलिस की भूमिका से यह स्पष्ट हो गया कि पुलिस पहले से ही मानो मामला को बढ़ाने के लिए तय कर लिया था। थाना प्रभारी और सीओ ने रोड पर गाड़ी लगाकर मूकदर्शक बने रहे, और पेट्रोल बम, पत्थर चलता रहा। उन्होंने कहा कि हमले की जानकारी, खबर फैलने के बाद हिंदू समाज के लोग वहां एकत्रित हुए लेकिन पुलिस प्रशासन निर्दोषों को भी जानबूझकर फंसा रही है। श्री मरांडी ने कहा कि रात के 2.30 बजे घरों से बुलाकर निर्दोषों को जेल में डाला जा रहा। यह मामला शुद्ध रूप से एक पक्षीय हमला है लेकिन इसे पुलिस प्रशासन द्वारा द्विपक्षीय बनाकर निर्दोषों को प्रताड़ित किया जा रहा।

### आपसी भाईचारा और सौहार्द न बिगड़ने दे : इरफान अंसारी



**रांची।** गिरिडीह मामले में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि समाज के सभी वर्ग आपसी भाईचारा बनाकर रखें, सौहार्द न बिगड़ने दे। भाजपा नेताओं का तांडव कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छत्तीसगढ़ से आए नेता और तथाकथित भाजपा के नेताओं पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दो भाईयों के बीच अगर लड़ाई हो तो उसे समझाना चाहिए ना कि आग लगाने का काम करना चाहिए। ऐसे नेताओं पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी सूरत पर झारखंड का सामाजिक सौहार्द को नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। पुलिस भाजपा के दवाब में काम ना करें।

### गैंगस्टर अमन साहू के भाई की याचिका खारिज

**रांची।** पुलिस एनकाउंटर में मारा गया गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव के क्रियाकर्म में जेल में बंद उसका भाई आकाश कुमार उर्फ आकाश साहू शामिल नहीं हो सकेगा। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को उसकी ओर से क्रियाकर्म में शामिल होने को लेकर दाखिल औपबंधिक जमानत याचिका सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता ने अमन साहू के मारे जाने की खबर के बाद उसके वकील ने 11 मार्च को भाई के क्रियाकर्म में शामिल होने के लिए 13 दिनों की औपबंधिक जमानत की मांग की थी। आकाश साहू वर्तमान में एनआईए कांड संख्या 1/2021 से जुड़े मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में है। एनआईए ने उसे अमन साहू मामले में संलिप्त होने के आधार पर 6 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया था। उस पर टेरर फंडिंग के पैसे से फॉर्च्यूनर कार खरीदने का आरोप है।

### झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली का राहे प्रखंड समिति के गठन को लेकर बैठक

# मुख्यमंत्री के कार्यों से राज्य में एक नई हवा बह रही है : मुस्ताक आलम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम व सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति में राहे प्रखंड समिति के गठन को लेकर महेशपुर में बैठक हुई हुई। मौके पर मुस्ताक आलम ने कहा कि रांची जिला संयोजक मंडली का प्रखंड और पंचायतों में गठन के लिए प्रखंडों का दौरा चल रहा है। पार्टी के सांगठनिक प्रक्रिया के तहत सोमवार को राहे प्रखंड समिति के गठन के लिए बैठक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से राज्य में एक नई हवा बह रही है। हमें पार्टी का और भी सशक्त बनाना है। हमारा संगठन गांवों से शहर तक मजबूत हो इसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। बैठक मे मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, जयवंत तिग्गा, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा एवं पूर्व जिला संयुक्त सचिव आदिल इमाम, जिला के वरिष्ठ सदस्य रमेश साहू, पूर्व जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान, पूर्व क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, पूर्व महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, पूर्व नामकुम प्रखंड उपाध्यक्ष साहिल यादव, राजकुमारी टोपनो, राकेश के साथ प्रखंड व पंचायतों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सरकार के जवाब के बाद सिवरेज-ड्रेनेज के लिए दायर याचिका निष्पादित

**रांची।** रांची में सिवरेज और ड्रेनेज सिस्टम को लेकर दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट ने सरकार के जवाब के बाद निष्पादित कर दी। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि शहर में सात ट्रीटमेंट प्लांट बनना है। इसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है । जो काम शेष हैं, उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। फेज वन के सीवरेज के कार्य को लगभग पूरा कर लिया गया है। फेज टू का काम चल रहा है। सरकार समय से काम कर रही है। आगे के काम भी समय पर पूरा कर लिए जाएंगे। कोर्ट द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेर्शों का पालन कर लिया गया है। इसलिए अब इस याचिका को निष्पादित कर दिया जाना चाहिए। इसके बाद अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

### आदिवासी व मूलवासी विरोधी है सरकार : विजय शंकर नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य सरकार को आदिवासी मूलवासी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि होली के दिन जोरार नामकुम में हुई हिंसक घटना पुलिस प्रशासन की अक्षमता को साबित करता है। मामले में प्रशासन ने गैर झारखंडी उपद्रवियों की गिरफ्तारी कर सिर्फ आदिवासी मूलवासी लोगों के विश्वास जीतने का ढोंग रचने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस यदि मुस्तैद रहती तो यह घटना ही नहीं होती। नायक ने सोमवार को कहा कि यदि पुलिस आदिवासी और मूलवासी समाज का विश्वास जितना चाहती है तो इरादतन हत्या के आरोप में अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कराए तो ही सोनू मुंडा के परिजनों को न्याय मिल सकता है। नायक ने कहा कि आदिवासी युवक की हत्या और हिंसक हमला पूर्व नियोजित योजना के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस-झामुमो के शासन में आदिवासी मूलवासी समाज यदि अपने उत्पीड़न का प्रतिरोध करता है तो इसे मौजूदा सरकार अपराधी की तरह देख रही है।

### पानी है अनमोल खजाना, इससे समृद्धि बढ़ाना है : डॉ एचएन द्विवेदी

**रांची।** झारखंड मत्स्य निदेशालय की ओर से एचइसी के सेक्टर तीन के शालीमार में मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को मत्स्य बीज उत्पादकों का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान परिदृश्य में बहुत जरूरी हो गया है। किसान जल संरक्षण से कृषि, पशुपालन तथा मत्स्य पालन कर स्वरोजगार के रूप में अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण में रांची, खूंटी, पलामू, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, रामगढ़, लातेहार व बोकारो जिला से मत्स्य कृषक बीज उत्पादन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मत्स्य प्रसार पदाधिकारी मंजूश्री तिर्की ने किया। यह जानकारी मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

# सरकार 18 लाख महिलाओं के साथ कर रही है विश्वासघात : राफिया नाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश की प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से 18 लाख महिलाओं की मंईयां सम्मान योजना की राशि रोक ली गयी है। यह सरकार महिलाओं के साथ सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात कर रही है। उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान की राशि मिलेगी, जो सत्ता में आने के लिए किया गया था, इसलिए 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है।



*महिलाओं को जल्द मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी*

राफिया ने कहा, महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मंईयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी किए गए ना तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं, ना ही वेबसाइट और इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय, सरकार केवल लोगों को ठगने में व्यस्त है।

वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। यह सरकार महिलाओं को ना तो न्याय दिला पा रही है, ना शिक्षा और ना ही सुरक्षा, बल्कि उन्हें छलने का काम जारी है। इसलिए अब तक न तो महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही धरातल पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक भी योजना उतारी गई है, चाहे वह 2000 चूल्हा खर्च हो, 2500 विधवा-वृद्धा पेंशन हो या बेटियों की मुफ्त शिक्षा से लेकर महिला बैंक हो।

उन्होंने कहा यदि सभी महिलाओं को जल्द मइयाँ सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी और यह मुद्दा हर घर, हर गली तक पहुंचेगा।

राफिया नाज ने सरकार से सवाल किया, अगर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना था कि 'मइयाँ सम्मान योजना' के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है और बजट में झारखंड सरकार ने 1.45 लाख करोड़ का बजट, मंईयां सम्मान के लिए पेश किया है, तो फिर 18 लाख महिलाओं को उनकी राशि क्यों नहीं दी गई। क्या यह सरकार महिलाओं के सम्मान को ठुकराने का काम कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा महिलाओं के लिए लागू योजनाओं का उद्देश्य सिर्फ सत्ता में बैठने वालों को लाभ पहुंचाना नहीं होना चाहिए, यदि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह योजनाएं बनाई गई थीं, फिर सरकार ने हकदारों तक क्यों पहुंचने ही नहीं दिया।

राफिया ने स्पष्ट रूप से कहा, भाजपा इस मुद्दे पर संघर्ष करेगी और सरकार को जवाबदेह बनाएगी। यह लड़ाई सिर्फ 18 लाख महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि हर महिला के लिए है।

# आईएचएम रांची में मुखियाओं का प्रबंधन कौशल प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में पंचायती राज के अंतर्गत प्रदेश के मुखियाओं के लिए पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) के प्रथम बैच की शुरूआत सोमवार को हुई। 20 मार्च, 2025 तक चलनेवाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम इसका उद्देश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। ताकि, मुखिया अपने क्षेत्र में सतत ग्रामीण विकास के लिए सृजनात्मक कार्यों को प्रबंधन कौशल के जरिए पूरा कर सकें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की उपयोगिता, प्रभावी आजीविका सृजन के मॉडल विकसित करने और प्रशासन की मदद से जमीनी स्तर पर बदलाव की रणनीति तैयार करने की पहल करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम निदेशक प्रो गौरव मनोरहर मराठे और प्रो राजीव वर्मा के नेतृत्व में हुई। इसमें प्रो रवीश कृष्णनकुट्टी और प्रो रोहित कुमार भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत प्रो गौरव मनोहर मराठे ने की। उन्होंने मुखियाओं को पंचायती राज के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और भविष्य अवसर से परिचय कराया। साथ ही मुखिया कैसे ग्रामीण और समाज के विकास में अपनी पूर्ण सहभागिता निभा सकते है, की जानकारी दी। इस दौरान मुखियाओं ने भी अपने क्षेत्र के ग्रामीण विकास के अवसरों का अनुभव साझा किया। वहीं, प्रो. राजीव वर्मा ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। उन्होंने मुखियाओं को शहरी और ग्रामीण विकास की चुनौतियों और विकास की रणनीति के अलग-अलग दृष्टिकोण से प्रेरित किया। साथ ही, संभावित बदलाव के लिए सीमित वित्तीय प्रबंधन और संसाधनों की जानकारी दी। ताकि, मुखिया अपने क्षेत्र में सामूहिक प्रयास और विषय विशेषज्ञता का इस्तेमाल करते हुए स्थायी विकास का ढांचा तैयार कर सकें। प्रो राजीव ने ग्रामीण विकास के लिए मुखियाओं को लगातार एक-दूसरे के संपर्क में बने रहकर अनुभव साझा करने की प्रेरणा दी। प्रो कृष्णनकुट्टी और प्रो रोहित ने पंचायती राज के वित्तीय और राजनीतिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ प्रशासनिक संरचना, वित्तीय प्रबंधन और जिम्मेवारियां, राजस्व सृजन और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रशिक्षकों ने मुखियाओं को बताया कि वे कैसे समय के साथ बदलती व्यवस्था में कैसे खुद को व्यवस्थित और सामयिक रख सकते है। इसके अलावा मुखियाओं को विशिष्ट हितधारकों से संपर्क करने, संसाधन जुटाने की रणनीति और गांव के विकास के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रायोगिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण तैयार करने पर चर्चा हुई।

तकनीकी सत्र के दौरान मुखियाओं को देशभर में संचालित योजना और परियोजनाओं की जानकारी दी गई। उन योजनाओं के बारे में भी बताया गया, जिनका लाभ ग्रामीण उठा सकते है। मुखियाओं को अपने गांव के लिए नए ग्रामीण विकास मॉडल और तकनीकी समाधान तैयार करने की प्रेरणा दी गई।

# रेलवे मंडल में नई वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक बनीं शुचि सिंह

## परिवार और काम दोनों मुश्किल नहीं लेकिन आसान भी नहीं : शुचि सिंह

## कार्यस्थल पर सभी को समान अवसर प्रदान कर लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है : शुचि सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रेलवे मंडल में नई वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक शुचि सिंह को नियुक्त किया गया है। उन्होंने पूर्व सीनियर डीसीएम निशांत कुमार का स्थान लिया है। निशांत कुमार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के रूप में खड़गपुर रेल मंडल में स्थानांतरित किया गया है। शुचि सिंह बीते शुक्रवार को रांची रेल मंडल की नई वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यभार संभाला। शुचि सिंह मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली हैं। उनके पिता मध्य प्रदेश कैडर के प्रांतीय सिविल सेवा अधिकारी थे, इसलिए उनकी स्कूली शिक्षा मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों जैसे इंदौर, भोपाल, रायपुर और भिलाई में हुई।

**● दिल्ली डिविजन से सर्विस की हुई शुरूआत**

शुचि ने आईआईटी इंदौर से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में डिग्री और फैक्ल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एफएमएस), दिल्ली से एमबीए की डिग्री हासिल की है। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड कंपनी में करीब डेढ़ साल तक काम करने के बाद उन्होंने 2014 में पहले प्रयास में ही यूपीएससी परीक्षा पास कर ली। अखिल भारतीय रेलवे



यातायात सेवा में चयनित होने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन में फ्रेट (सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक) के पद पर हुई। इसके बाद उन्होंने पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में सहायक परिचालन प्रबंधक, मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक और वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर काम किया। उल्लेखनीय है कि रांची में पदस्थापना से पहले वह पश्चिम मध्य रेलवे में उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थीं।

शुचि ने बताया की उनके पति मुकेश कुमार झारखंड सरकार में सेक्रेटरी प्लानिंग एंड डेवलपमेंट में कार्यरत हैं। वहीं उनके दो बच्चे हैं जिसको शुचि की माता संभालती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चों की मां मुझसे ज्यादा मेरी मां है। वहीं बच्चों को कितना वक्त दे पाती हैं पूछे जाने पर उन्होंने कहा- काम करने वाले लोगों के बच्चों को पहले से आदत हो जाती है हालांकि बच्चों पर परिवार के लिए किसी ना किसी तरह वक्त निकल ही जाता है। उन्होंने बताया कि वाद्य संगीत में विशेष रुचि है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सभी को समान अवसर प्रदान कर लैंगिक समानता को बढ़ावा देना चाहिए। उनकी पढ़ाई को देखते हुए कहा जा सकता है कि वह एक सक्रिय पाठक भी हैं।

**बतौर सीनियर डीसीएम कैसे काम करेंगी शुचि**

पदभार ग्रहण करने के बाद शुचि ने कहा अधिकारियों ने काफी अच्छे से व्यवस्था को संभाल कर रखा है। यहां बेहतर तरीके से आगे बढ़ाना है। यात्रियों की सभी परेशानियों के समाधान पर काम करना अहम जिम्मेदारी है।

# शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज आज रांची में

● 20 को होगा नागरिक अभिनंदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन एवं प्रवचन 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होगा। शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। समिति के मुख्य संयोजक समाजसेवी विनय सरावगी ने बताया कि स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का रांची में पहली बार आगमन हो रहा है। स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारका शारदा पीठाधीश्वर के शंकराचार्य हैं। शंकराचार्य जी के रांची आगमन की पूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शंकराचार्य जी 18 मार्च को राउरकेला से सड़क मार्ग से शाम 5 बजे रांची पहुंचेंगे। बिरसा चौक में शंकराचार्य जी का अभिनंदन एवं स्वागत होगा। वहीं मोटरसाइकिल के काफिलों के साथ अरगोड़ा चौक, हरमू रोड होते हुए महाराजा अग्रसेन भवन में पधारेंगे। जहां उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। शंकराचार्य जी महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिनों तक प्रवास करेंगे व श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देंगे। स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज 19 मार्च को भी कई जगहों का भ्रमण करेंगे। 20 मार्च को अपराह्न- 3 बजे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का रांची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात शंकराचार्य जी धर्म सभा एवं प्रवचन करेंगे एवं धर्म प्रेमियों को आशीर्वाद देंगे। शंकराचार्य जी के स्वागत में रांची नगर में कई स्थानों में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा बैनर पोस्टर, तोरण द्वार एवं होर्डिंग लगाई जा रही है। स्वामी जी के भव्य अभिनंदन समारोह के लिए गठित संयोजक मंडल सदस्यों में बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, अशोक पुरोहित, शिव शंकर साबू, मनोज बजाज, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, रमन बोडा, संजीव विजयवर्गीय, ललित ओझा, राजीव रंजन मिश्रा, राजेश गुप्ता, जायसवाल को शामिल किया गया है।

## श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब कमेटी का गठन

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब का चुनाव सोमवार को मां दुर्गा मंदिर परिसर में हुआ। महारामनवमी पर शोभायात्रा के आयोजन को लेकर चर्चा के बाद बैठक में नए सत्र के लिए पदधारियों का चुनाव किया गया। नई कमेटी में राम अनुज सिंह अध्यक्ष, रमेश केडिया कार्यकारी अध्यक्ष व बंटी सिंह मंत्री चुने गए। कमेटी में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा, दीपक प्रकाश, किशोर साहू, राजीव रंजन मिश्रा मुख्य संरक्षक, संरक्षक शंकर दूबे, प्रणय कुमार, विनय सरावगी, रमेश सिंह, लंकेश सिंह, संयोजक गोपाल पारिक, संदीप वर्मा, रंजीत उरांव, अभिषेक कुमार, उपाध्यक्ष विशाल मिश्रा, दीपू गाड़ी, नंद किशोर चांगल, मनोज शर्मा, सह-मंत्री प्रकाश पाल, गोपाल चांगल, रंजीत चौरसिया, इंदर सिंह, राजू सिंह, मनीष कुमार, राजू पोद्दार, प्रचार-मंत्री अरविंद सिंह, सह प्रचार मंत्री पिंटू चांगल, उस्ताद छोटू वर्मा चुने गए। इसके अलावा कार्यकारिणी के 21 सदस्यों का चुनाव किया गया।

# बार व बेंच के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट, बार ने बेंच को 61 रनों से हराया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बार एवं बेंच के बीच 16 मार्च रविवार को स्थानीय बिरसा मुंडा एथलीट स्टेडियम खेलगांव में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच बार और बेंच के बीच आपसी प्रेम व सौहार्द को दर्शाता है। संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि इस तरह के मैत्रीपूर्ण क्रिकेट आगे भी जारी रहेगा। यह मैच हार-जीत का नहीं बल्कि मनोरंजनात्मक के रूप में खेला गया। विदित हो कि यह पहला मौका था जब बार और बेंच के बीच मैच खेला गया है, जिसमें बार ने जीत दर्ज की। न्यायिक पदाधिकारियों और रांची जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों के बीच चार मैच खेले गए। जीत के आधार पर आरडीबीए-11(बार) और जजेस-11 (बेंच) के बीच फाइनल मैच खेला गया। आरडीबीए-11 के कप्तान संजय कुमार विद्रोही ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में कुल 153 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। संजय विद्रोही ने अंतिम गेंद पर चौका मारकर स्कोर 153 किया। इसका पीछा करने उतरी जजेस-11 के कप्तान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की टीम मात्र 92 रन ही बना सकी। बार ने शानदार 61 रनों की जीत दर्ज की। बार की ओर से अमिरूल ने 65 रनों की पारी खेली।

मौके पर न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों और आरडीबीए की ओर से एसपी अग्रवाल, बीके राय, अभिषेक कुमार भारती, प्रदीप कुमार चौरसिया, दीन दयाल सिंह, मुकेश केसरी, सदस्य बीरेंद्र प्रताप, बबलू कुमार सिंह, असीम कच्छप, शस्टी रंजन महतो , राम कृष्ण भगत समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# दाखिल-खारिज के मामले को लंबित रखने पर सीओ रातू को फटकार

### नगड़ी सीओ को जमीन पर अवैध कब्जा रुकवाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

क्या बात है... म्यूटेशन केस आपके लॉगिन में इतने दिनों से लंबित क्यों हैं... दो से तीन दिनों के अंदर मामले को निष्पादित करें... और इस मामले में आपको शो-कॉज किया जायेगा। सोमवार को जनता दरबार में दाखिल-खारिज के मामले को लंबित रखने की शिकायत पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रातू के अंचलाधिकारी को कुछ इस तरह फटकार लगायी। रातू प्रखंड के बिजुलिया के रहनेवाले उमेश कुमार ने पिछले साल नवंबर में म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था, जो लंबित है। जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुए उपायुक्त ने मामले के यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**● सीओ को जमीन पर अवैध कब्जा रुकवाने का निर्देश**

जनता दरबार में मंगरा पाहन ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके पैतृक सह पहनई भूमि जो कि सामाजिक, धार्मिक एवं पारंपारिक व्यवस्था की भूमि है, उस पर फागु महतो द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस मामले में उपायुक्त ने नगड़ी अंचलाधिकारी को नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को यथाशीघ्र रुकवाने के निर्देश दिये।

**● एक प्लॉट के एक म्यूटेशन रद्द और दूसरा स्वीकृत**

नामकुम अंचल के रहनेवाले संजय कुमार साहू ने दाखिल-खारिज रद्द करने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि एक ही प्लॉट में अन्य जमाबंदी रैयतों का म्यूटेशन रद्द और एक का स्वीकृत किया गया है। उपायुक्त ने इस मामले में अपर समाहर्त्ता को जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**● हाईटेंशन बिजली तार हटवाने का आवेदन**

तुपुदाना की रहनेवाली अमिता देवी ने अपने घर के ऊपर से गुजरनेवाले हाई टेंशन वायर को हटाने का आवदेन दिया। इस पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने नोडल पदाधिकारी (जन शिकायत) को बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निष्पादन का निर्देश दिया।



## गर्मी में जल संकट से निपटने की तैयारी, उपायुक्त की सख्त हिदायत

**रांची।** गर्मी के मौसम में संभावित जल संकट को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई सख्त निर्देश दिए गए।

**● ग्रामीण इलाकों में खराब चापानलों की होगी मरम्मत**

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के गांवों में खराब पड़े चापानलों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े।

**● शहरी इलाकों में पानी के टैंकरों पर होगी सख्ती**

उपायुक्त ने शहरी क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों के दर निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने साफ कहा कि कोई भी टैंकर ऑपरेटर मनमानी कीमत नहीं वसूल सकता और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि पानी उचित दर पर ही उपलब्ध हो।

## ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाएं अधिकारी : डीसी

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कांफ्रेंस में जिले के सभी वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रांची में इन दिनों ड्रिंक एंड ड्राइव की वजह से अधिक मौतें हो रही हैं। इसे लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को अभियान चलाकर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। ताकि मौतों की संख्या बेहद कम की जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिला प्रशासन आम जनों की शिकायत, विधि-व्यवस्था, सरकारी भूमि पर कब्जा, ड्रिंक एंड ड्राइव, ध्वनि प्रदूषण, जन शिकायत कोषांग में आए शिकायतों का तेजी से निष्पादन, भूमि विवाद, लंबित दाखिल खारिज एवं अन्य मामलों के त्वरित गति से निष्पादन को लेकर गंभीर है। उपायुक्त ने कहा कि इससे संबंधित अधिकारियों को प्रतिबद्धता दिखानी होगी तथा सभी मामलों में संवेदनशील रहना होगा।

## अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: रिम्स निदेशक

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुबह 9 बजे ऑनकोलॉजी, सुपरस्पेशलिटी और डेंटल कॉलेज की ओर परिसर में सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड के एक भी जवान मौजूद नहीं थे। 9.35 बजे प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान भी कोई जवान अनुपस्थित मिले। जवानों की अनुपस्थिति से नाराज निदेशक ने उन जवानों की पहचान करते हुए उन्हें चेतावनी देते हुए एक दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए हैं। इसकी पुनरावृत्ति होने पर इन चिन्हित जवानों को हटाने की बात उन्होंने कही है।




# फ्लाईओवर का रैंप अब भी नहीं हटा तो होगा आंदोलन : बबलू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



समस्त आदिवासी संगठनों के अगुवा एवं विभिन्न सरना समिति के सदस्यों ने केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने सिरम टोली बचाओ अभियान के तहत विधायक सीपी सिंह और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ का शव यात्रा आदिवासी विधि विधान से निकाला। यह यात्रा बाजे गाजे के साथ सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकला। श्री मुंडा ने कहा कि फ्लाईओवर का रैंप अब भी नहीं हटा तो आंदोलन होगा, अब लड़ाई आर पार होगी। सभी संगठनों के अगुवाओं ने संयुक्त रूप कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुंह से आदिवासी समाज के लिए एक भी शब्द नहीं निकल रहा है, उनकी आत्मा मर चुकी है। मौके पर कहा कि 21 मार्च को मशाल जुलूस और 22 मार्च के रांची बंद किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर, बोकारो, खूंटी और अन्य जिलों के सामाजिक धार्मिक अगुवाओं ने शामिल होकर समर्थन किया।

मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, चडरी सरना समिति, सरना समिति, नगड़ा टोली सरना समिति एवं सैकड़ों सरना समिति के लोग शामिल थे।

**आज / कल**




## आधी आबादी नहीं पीना चाहती पेयजलापूर्ति का पानी

# नलों से पानी पहुंचाने में होते हैं करोड़ों खर्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राजधानी में समय से पूर्व गर्मी ने दस्तक दे दी है जबकि सरकार और सामाजिक संस्थाओं ने अभी प्याऊ की व्यवस्था नहीं की है। दूसरी तरफ राजधानी के छोटे होटलों से लेकर रेस्ट्रां तक में लगभग आधी आबादी नलों से आने वाले पानी के बजाय प्लास्टिक बोतलों में बंद पानी खरीद कर पीना पसंद करते हैं। वहीं सरकारी दफ्तरों से लेकर निजी कार्यालयों में, छोटे समारोह से लेकर अन्य कार्यक्रमों में भी जार वाले आरओ पानी को प्राथमिकता दी जाती है। धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रही पानी की गुणवत्ता जांचने की प्रशासन के पास कोई मशीनरी नहीं है। इस संबंध में छोटे होटल संचालक मनोज राम वर्मा ने बताया कि दो तरह के लोग दुकान आते हैं। कुछ लोग तो बोतल वाले पानी को ही पीना पसंद करते हैं जबकि ज्यादा लोग नल का सामान्य पानी ही पीते हैं। विदित हो कि रांची में 400 से ज्यादा आरओ प्लांट सक्रिय है, पानी के अरबों का व्यापार है, बिना मानक पूरा करने वाले आरओ प्लांट पर गाज गिर रही है। वहीं नए लाइसेंस प्राप्त करने वालों को काफी मशक्कत करना पड़ सकता है।

2 जनवरी 2025 से आरओ प्लांट का लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में बोरिंग करने के लिए नगर निगम की अनुमति आवश्यक है, परंतु इसका सख्ती से पालन नहीं किया जा रहा है।

रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक

# रामनवमी पूजा में सरना- सनातन की भूमिका बराबर रहेगी : राकेश भगत



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** रामनवमी पूजा का संचालन हमारे पूर्वजों ने शुरू की। इस बार भी सरना- सनातन की भूमिका बराबर रहेगी । हमें सरना धर्म के लोगों को आमंत्रित करने तथा पूजा में उनकी भूमिका भी तय करने की जरूरत है उक्त बातें बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी बाबा मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा महासमिति बेड़ो की बैठक के दौरान रामनवमी पूजा महासमिति बेड़ो के अध्यक्ष राकेश भगत ने कही। बैठक के दौरान रामनवमी पूजा आयोजन समिति एवं सरना सनातन की एकता को सुदृढ़ करने तथा रामनवमी की पूजा-अर्चना, रामनवमी मेला आयोजित करने तथा भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। रामनवमी पूजा आयोजन समिति की टीम का मंगलवार 18 मार्च को विस्तार करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राकेश भगत ने किया और संचालन सचिव विश्वनाथ गोप ने किया। बैठक के दौरान संरक्षक नवदीप कुमार महतो, अध्यक्ष राकेश भगत, सचिव विश्वनाथ गोप, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार रॉय सहित अन्य पदाधिकारियों की देखरेख में चार अलग-अलग क्षेत्रों के लिए ग्रुप लीडर बनाया गया जिसमें वाणी कुमार रॉय, विश्वनाथ गोप, नवदीप कुमार महतो तथा जगन्नाथ भगत को शामिल किया गया। बैठक के दौरान जगन्नाथ भगत, सौमित्र शर्मा, परना महतो, कैलाश कुमार, शशि गोप, वाणी कुमार रॉय, रमेश प्रसाद गुप्ता, अंकित सोनी, रविंद्र बड़ाईक, रविंद्र वर्मा,वासुदेव महतो, अनोज महतो, संदीप सोनी विकास बंटी रौनियार, हरिचरण महतो, सुरेंद्र महतो, आशीष महतो, अशोक महतो, अरविंद गिरी, दिलीप महतो, मनोज साहू, संदीप सोनी, शक्ति साहू, मोतीलाल गुप्ता, राजेंद्र साहू रौनियार, रवि सिंह, दीपक गोप, सोमा नायक, प्रेम महतो, रवि कुमार, प्रकाश कुमार, शंभू गुप्ता, राजेश गोप, विकास सोनी, सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

मारवाड़ी युवा मंच का होली मिलन समारोह

# राजस्थान से आए कलाकारों ने भरा रंग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने विगत 13 मार्च को अपर बाजार, सेवा सदन पथ स्थित महेश्वरी भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम मे मंच सदस्यों के लिए रंग-गुलाल के साथ भोजन एवं ढप-छन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मंच के सदस्यों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर होली की बधाई दी एवं राजस्थान आये कलाकारों द्वारा ढप-छन के कार्यक्रम का रंग जमाया गया, जिसका सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह के अवसर पर, हम अपने सभी सदस्य और पूर्व अध्यक्षों को हृदय से धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस आयोजन में अपनी उपस्थिति से हमें सम्मानित किया। आपकी सहभागिता और समर्थन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया है, और हम इसके लिए आभारी हैं।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए केरल गये 17 जिला परिषद अध्यक्ष

**कोडरमा।** झारखंड के पंचायती राज व्यवस्था का कमान संभाल रहे जिला परिषद अध्यक्ष केरल के पंचायती राज व्यवस्था का शैक्षणिक भ्रमण कर जानकारी ग्रहण करेंगे। केरल में तीन दिवसीय आवासीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए झारखंड के 17 जिलों के जिला परिषद अध्यक्ष सोमवार को केरल के लिए रवाना हो गए है। कोडरमा से जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव भी भ्रमण टीम में शामिल है। उन्होंने जानकारी दी कि पंचायती राज व्यवस्था का केरल मॉडल है। केरल में पंचायती राज व्यवस्था काफी बेहतर है और वहां के जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का क्रियान्वयन से लेकर योजना निर्माण और फंड का इस्तेमाल में तकनीकी और भौतिक रूप कोई कठिनाई नही होती है। रामधन ने बताया कि केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के जरिये तीन दिनों तक शैक्षणिक भ्रमण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड के जनप्रतिनिधियों केरल के एक ग्राम पंचायत और जिला परिषद का दौरा भी करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### ओरमांझी सीए ने 4 विकेट से जीता



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ टाटीसिलवे ग्राउंड में हेहल सीए बनाम ओरमांझी सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हेहल सीए ने 27.1 ओवर में 10 विकेट पर 136 रन बनाया। हर्षवर्धन ने 28 व पवन ने 26 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरी शिवम ने 21 रन देकर 5 विकेट व अमर ने 13 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी ओरमांझी सीए ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 139 रन बनाया। विशाल पांडे ने 33, रविंद्र ने 28 व मिहिर ने 25 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरे सागर ने 31 रन देकर 3 विकेट लिए। ओरमांझी सीए ने 4 विकेट से जीता।

### जवाहर विद्या मंदिर 5 विकेट से जीत हासिल की



रांची। वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट सखा ग्राउंड में संत थॉमस स्कूल बनाम जवाहर विद्या मंदिर में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी संत थॉमस की टीम ने 23.3 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन लिया। हर्ष ने 17 वे अंशुल ने 15 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरे तेजस ने 5 विकेट लेकर 19 रन व उज्जवल ने 3 विकेट लेकर 4 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जवाहर विद्या मंदिर ने 20.4 ओवर में पांच विकेट पर 103 रन बनाया। उज्जवल ने 27 रन बनाया। वहीं अंशुल ने दो विकेट लेकर 15 रन दिया। जवाहर विद्या मंदिर 5 विकेट से जीता।

### अरविंदो सीए 5 विकेट से जीत दर्ज किया



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्टू ग्राउंड में डांगी सीए बनाम अरविंदो सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी डांगी सीए ने 30.5 ओवर में 10 ओवर में 154 रन बनाया। कुमार आदित्य सिंह ने 41, हर्ष ने 34 रन बनाया। अतुल्य लाल ने 4 विकेट लेकर 20 रन, जयेश ग्रोवर ने 3 विकेट लेकर 30 रन व अंशिक ने 3 विकेट लेकर 34 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी अरविन्दो सीए ने 25.5 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाया। जयेश ग्रोवर ने 39, आदित्य ने 23 रन बनाया। सौर्य भगत ने 2 विकेट लेकर 30 रन व यशराज ने 2 विकेट लेकर 39 रन दिया। अरविंदो सीए 5 विकेट से जीत दर्ज किया।

### विधायक ने खलारी में विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



खलारी। स्थानीय विधायक सुरेशकुमार बैठा ने सोमवार को खलारी प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। जिनमें बुकबुका पंचायत में मुख्य पथ से प्रगति नगर तक पीसीसी सड़क, महावीर नगर में शमशान घाट में शेड निर्माण, मायापुर पंचायत अंतर्गत बरेड़ा स्कूल में शौचालय निर्माण, मायापुर में पेबर ब्लाक सड़क का निर्माण सहित अन्य निर्माण योजनाएं शामिल है। अपने दौरे के क्रम में सुरेश बैठा डकरा स्थित उत्तरी कर्णपुरा श्रमिक महाविद्यालय का निरीक्षण किए। इसके बाद खलारी डीएसपी आवास के समीप बन रहे पार्क व खलारी पीएचसी का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। दौरे के क्रम में राजेशसिंह मिंटू, मोनू रजक, साबीर अंसारी, इंदिरा देवी, तनवीर आलम, विक्की सिंह, बाबू खान, जावेद अंसारी, रमेश चौहान, भोला यादव, रोशन लाल सुरेंद्र यादव, मोनू सिंह, बबलू सिंह, संजय राम, राजा केशरी, शशि मुंडा, ओमप्रकाश यादव आदि साथ थे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को चपेट में लिया, मौत

**खूंटी।** खूंटी-रांची रोड में मैनुगढ़ा के समीप रविवार देर शाम किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आसपास के लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खूंटी के कालामाटी गांव निवासी डेबा उरांव के वर्षीय पुत्र करमा उरांव ( 24) के रूप में हुई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

**रांची।** सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ने वाली 17 साल की छात्रा के साथ उसी कॉलेज के 20 वर्षीय शिवम कुमार ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी शिवम कुमार( 20 वर्ष) उसी कॉलेज का छात्र है। आरोपी ने छात्रा के साथ जान-पहचान का फायदा उठाकर धोखे से शारीरिक संबंध बनाया और उसका वीडियो भी बना लिया। जिसके बाद आरोपी ने वीडियो को वायरल करने धमकी देकर छात्रा का यौन शोषण किया और घर से जेवरात लाने के लिए दबाव भी बनाया। छात्रा ने डर के कारण घर से लगभग 12 लाख के जेवरात आरोपी को दे दिए। लेकिन इसके बाद भी आरोपी के द्वारा रुपयों की मांग ठहरी नहीं। अंत में तंग आकर छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज की और जैनामोड़ से उसे रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## हत्या मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अड़की।** थाना क्षेत्र में 13 मार्च को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी लक्ष्मण पूर्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह घटना ग्राम रागोनोए में हुई थी। लक्ष्मण एंगा पूर्ति के साथ सिनु एंगा पूर्ति की आपसी विवाद था। इस कारण लक्ष्मण ने सिनु की हॉकी स्टीक से मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी ने नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू की। रविवार को ग्रामीणों ने ही आरोपी लक्ष्मण एंगा पूर्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त हॉकी स्टीक को भी जब्त कर लिया। मामले में अड़की थाना कांड सं0-21/25 दिनांक-16.01.25 धारा-103 (1) बीएनएस दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची गौशाला न्यास के हुटुप गौशाला धाम परिसर में 17 से 25 मार्च तक कथा वाचक संगीता किशोरी द्वारा नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। पहले दिन की शुरूआत 301 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसने पूरे आयोजन में एक दिव्य और आध्यात्मिक माहौल का निर्माण किया। महिलाएं रुक्का डैम से जल उठाकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कथा स्थल तक पहुंची। पूरा वातावरण श्री राम के जयकारों से गुंजायमान था। कथा की शुरूआत में संगीता किशोरी ने भगवान श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रीराम न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि उनके जीवन में सत्य, धर्म, न्याय, और श्रद्धा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी मानवता के लिए एक प्रेरणा है। कथा के पहले दिन का विषय भगवान श्रीराम के जन्म और उनके बाल्यकाल पर केंद्रित था, जिसमें उन्होंने भगवान के जन्म से लेकर उनकी लीलाओं का बहुत ही सुंदर और सरल तरीके से वर्णन किया। पहले दिन की कथा में भगवान श्रीराम के चरित्र का जो बखान किया गया। कार्यक्रम में संयोजक वासुदेव भाला, मुकेश काबरा, पुनीत पोद्दार, रतन जालान, प्रदीप राजगढ़िया,राम बांगड़, राम मंगल, उदय शर्मा राहुल सिंह, बनवारी लाल, विजय काबरा, अशोक सुधानी, अमित चौधरी, मनीष लोधा, आशीष भाला, गोवर्धन भाला, शत्रुघ्न गुप्ता, रवि नारसरिया, वेद बागला, विजय सरायका, संजय सर्राफ, अनिल कुमार, सहित अन्य सदस्य सहयोग कर रहे हैं। उक्त जानकारी कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** अड़की थानांतर्गत रागोनोय गांव में गत गुरुवार की शाम आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल उसी गांव के सीनू एंगा पूर्ति नामक युवक की खूंटी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी की ओर से अड़की थाने में आरोपित लक्ष्मण एंगा पूर्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने मारपीट में प्रयुक्त हॉकी स्टिक को बरामद कर लिया है। मृतक की पत्नी ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि गुरुवार की शाम उसके पति और आरोपित के बीच हुए आपसी विवाद के दौरान आरोपित लक्ष्मण एंगा पूर्ति ने उसके पति सीनू एंगा पूर्ति को हॉकी स्टिक से बुरी तरह मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल को इलाज के लिए खूंटी के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था।

## रांची की जीत के साथ शुरुआत



**रांची।** एचबी बोधन वाला ट्रॉफी में रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रांची ने अपने पहले मुकाबले में वेस्ट सिंहभूम को 125 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 45.1 ओवरों में 218 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए कप्तान नाजिम सिद्दीकी ने 78, शिखर मोहन ने 29, मोहित 27 और श्रेष्ठ सागर 25 रन बनाए। वेस्ट सिंहभूम के तरफ से तन्मय ने 31 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी खेलने उतरी वेस्ट सिंहभूम की टीम 20 ओवरों में मात्र 93 रन पर सिमट गई। टीम के लिए जय प्रकाश ने 33 और कुमार करण ने 20 रन बनाए। राजनदीप सिंह ने 29 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किया। पंकज यादव और शुभ शर्मा को 2-2 विकेट प्राप्त हुआ। रांची के नाजिम सिद्दीकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## अंडर 19 वीमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट में रांची की बड़ी जीत




**रांची।** बोकारो में खेले जा रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर 19 वीमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट में रांची ने हजारीबाग को 195 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने कुमारी पलक के शानदार शतक 174 नाबाद रन की बदौलत 35 ओवरों में 4 विकेट खोकर 338 रन बनाए। गुर्लीन ने 52 तथा प्रियंश्री ने 34 रन बनाए। रामगढ़ के लिए श्रेय प्रिया ने 2 विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी खेलने उतरी रामगढ़ की पूरी टीम 33.3 ओवरों में 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए इशिका प्रिय 35 और प्रियंका ने 32 रन बनाए। रांची के लिए रागिनी कुमारी ने 19 रन देकर 4 विकेट प्राप्त की। कुमारी पलक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## साई धुर्वा ए ने 41 रनों से जीत दर्ज की



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में होचर सीए बनाम साई धुर्वा ए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई धुर्वा ए की टीम ने 30 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाया। मनोरंजन ने 45, बादल ने 41 रन बनाए। गेंदबाजी करने उतरे दीपक ने 36 रन देकर 3 विकेट व रवि ने 37 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी होचर सीए की टीम ने 24.2 ओवर में 10 विकेट पर 139 रन बनाया। रवि ने 28, दीपक ने 26 व मुनेश ने 25 रन बनाया। अनुकृष्णा ने 19 रन देकर 4 व प्रिंस ने 41 रन देकर 2 विकेट लिया। साई धुर्वा ए ने 41 रनों से जीत दर्ज की।

## पति पत्नी के झगड़े के बाद पत्नी ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र की सोनपुरगढ़ मुंडा टोली में रविवार देर रात को पति-पत्नी के झगड़े के बाद पत्नी ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार कुंवारी भेंगरा (40 ) अपने पति महादेव भेंगरा उर्फ घूरा के साथ रविवार को सोनपुरगढ़ के साप्ताहिक बाजार गई थी। वहां दोनों हंड़िया पीकर रात में घर पहुंचे। उसके बाद किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। आवेश में आकर कुंवारी घर मे रखी कीटनाशक दवा खाकर सो गई।

## रुपए से भरा बैग लेकर फरार हुए उच्चके

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा चौक के निकट एक महिला से उच्चको ने सोमवार की दोपहर लगभग एक बजे 50000 रुपए से भरा बैग छीन लिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करकट गांव निवासी एनिमा मिंझ ने बैंक ऑफ इंडिया बीजूपाड़ा से पैसे निकालकर अपने घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से घात लगाकर पहुंचे और रूपयो से भरा बैग छीना और चान्हो की ओर फरार हो गया। उच्चकों ने जैसे ही पैसों से भरा बैग छीना, महिला ने शोर भी मचाया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक वह फरार हो चुके थे। एनिमा के अनुसार उसने बैंक से यह पैसे अपने घर बना रही है। ईट एवं बालू के खर्च को देने के लिए रखा था। मामले को लेकर उसने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चान्हो पुलिस के अनुसार शीघ्र ही उचक्के पुलिस की हिरासत में होंगे।

मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की कार्यकारिणी हुई बैठक

# शाखा अध्यक्ष पद चुनाव पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची समर्पण शाखा के सत्र (2024 25) की कार्यकारणी बैठक शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। मौके पर शाखा अध्यक्ष कहा कि आगामी शाखा अध्यक्ष पद चुनाव के लिए चुनाव पदाधिकारी का चयन कर चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निवर्तमान अध्यक्ष श्वेता भाला को चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में आगामी अधिवेशन पर चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से एकता रैली को लेकर समर्पण शाखा ने रैली में अपनी भागीदारी देने का मानस बनाया। शाखा सचिव ने धन्यवाद यापन दिया और अध्यक्ष द्वारा बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ , मीना टाईवाला, श्वेता भाला, ज्योति अग्रवाल, विनीता बिहानी, किरण खेतान, ममता बोहरा , कार्यकारिणी सदस्य रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, पूजा अग्रवाल, दीपिका मोतीका, चंद्रकला, आशा संथालिया, स्मिता अग्रवाल, दीपिका मोतीका, कविता जालान, पिंकी शमा उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# रांची के विभिन्न इलाकों में देर रात ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** लोगों की जान बेहद कीमती है, बड़ी संख्या में लोग वाहन दुर्घटना में अपनी जान गवा देते है। जिसको लेकर सार्थक पहल करते हुए जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्तमंजूनाथ भजन्त्री के दिशा-निर्देश पर सोमवार देर रात्रि जिला प्रशासन द्वारा रांची शहर के विभिन्न इलाकों में ड्रंक एंड ड्राइव चलाया जा रहा है । साथ ही लोगों से अपील भी की गई की मदिरा पी कर वाहन न चलाए। आपकी जान आपके परिवार के लिए कीमती है। इसलिए वाहन चलाते समय सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करें। स्वयं भी सुरक्षित रहे और लोगों को भी सुरक्षित रखें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों में नशा करके वाहन चलाने के दौरान होने वालें दुर्घटना को रोका जा सकें। ड्रंक एंड ड्राइव करके वाहन चलाने वालों पर बड़े पैमाने पर चालान किया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार द्वारा देर रात्रि अभियान चलाया जा रहा है।

## जेनरिक फैमिली फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**सिल्ली।** जेनरिक फैमिली फाउंडेशन ने अपने सत्र 2025-2028 के लिए नवनिर्वाचित 9 पदाधिकारियों की घोषणा की। सभी पदाधिकारियों की सूची और उनके पद सर्वसम्मति से चुना गया जिसमें पैट्रनः मेसर्स सुखदा ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स (रांची) - मनीष कुमार वर्मा अध्यक्षः मेसर्स अंजनी मेडिकल एंड सर्जिकल (रामगढ़) झ शैलेंद्र कुमार सिंह सचिवः सत्यम मेडिकल एजेंसी (रांची) झ सत्येंद्र कुमार उपाध्यक्षः बीआर फार्मा (बरहरवा) बसंत कुमार महतो संयुक्त सचिवः कृष्णा फार्मा (खूंटी) झ रवि प्रकाश कोषाध्यक्षः गौतम फार्मा (रांची) झ विनीत कुमार जैन चेयरमैन, प्रबंधन परिषदः जय भवानी मेडिकल एजेंसी (गढ़वा) झ मनीष कुमार कश्यप चेयरमैन, सामाजिक और मीडिया कार्यः अभय मेडिकल एजेंसी (सिल्ली) झअभय कुमार मांझी चेयरमैन, कंपनी कार्यः प्राथना एजेंसी (रांची) झउमेश कुमार साथ ही जेनरिक फैमिली फाउंडेशन के कार्य और उद्देश्य को लेकर जेनरिक फैमिली फाउंडेशन स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता बढ़ाने और दवाइयों को सभी के लिए किफायती बनाने के लिए कार्यरत एक संगठन है।

पहली से सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा शुरू

# जे गुरु जी एप से प्रश्न डाउनलोड कर ली गई परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो/ लापुंग** बेड़ो और लापुंग प्रखंड में सरकारी एवं सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में पहली से सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा (एस ए 2 की परीक्षा) सोमवार से शुरू की गई। पहले दिन पहली पाली में पहली से सातवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए हिंदी एवं द्वितीय पाली में छठी एवं सातवीं कक्षा के लिए विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। परीक्षा के लिए जे गुरु जी एप से क्वेश्चन डाउनलोड कर विद्यालय के प्रधान शिक्षक शिक्षिकाओं , सहायक शिक्षकों तथा सहायक अध्यापकों ने ब्लैक बोर्ड में लिखकर बच्चों से परीक्षा ली। वहीं कई विद्यालयों में क्वेश्चन का प्रिंट आउट कर कर बच्चों को उपलब्ध कराया। जिन विद्यालयों में अधिक संख्या में बच्चे हैं वहां शिक्षक शिक्षिकाओं को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा। एक प्रधान शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिन विद्यालयों में शिक्षक कम हैं और बच्चे अधिक है उन स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाओं को काफी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। बेड़ो प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बेडो. बालक, राजकीय मध्य विद्यालय बेडो. कन्या, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरियो, राजकीय मध्य विद्यालय इटाचिल्दरी, राजकीय मध्य विद्यालय तुको, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेडो.सहित विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड में राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अकमरोमा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुरा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, आरसी प्राथमिक विद्यालय सेमला, एसपीजी प्राथमिक विद्यालय डुरु सहित दर्जनों विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई।

## एक नजर

### गोला में विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**गोला।** रामगढ़ विधायक ममता देवी व सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा ने विगत रविवार को गोला के शिव नगर से इंद्रदेव पाठक के घर तक पीसीसी पथ का संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। यहां पर पीसीसी पथ का निर्माण डीएमएफटी मद से किया जाना है। शिलान्यास स्थल पहुंचने पर विधायक ममता देवी का संवेदक संजय प्रसाद ने बुके देकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि इस पीसीसी पथ के बनने से शिव नगर में रहने वाले सभी लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तेजी से विकाश योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है। पीसीसी शिलान्यास के बाद संवेदक को विधायक ने कहा कि पीसीसी निर्माण में गुणवता को ध्यान में रखते हुए निर्माण करने की बात कही।

### गिद्दी कॉलोनी से लेकर गांवों तक दिखी होली की उमंग दो दिन मनाई गई होली

**गिद्दी।** गिद्दी कोयलांचल में शुक्रवार और शनिवार को रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास मनाया गया। गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी, वाशरी कॉलोनी और आस-पास के विभिन्न गांवों में गुरुवार की रात में होलिका दहन किया गया। इसके बाद शुक्रवार और शनिवार दोनों दिन होली का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। गुरुवार की रात में होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में रंगे नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम रही। बच्चे, बूढ़े, जवान, युवती और महिलाएं सभी होली का पर्व धूमधाम से मनाया। एक तरफ जहां युवाओं की टोली बाइक पर सवार होकर घूम घूम कर दोस्त यारों के साथ होली का आनंद लिया। वहीं दूसरे तरफ गली मुहल्ला और चौक चौराहों में साउंड बॉक्स में होली को गाना पर युवक जमकर नाच गाकर होली मनाया।

बसंतपुर कोतरे परियोजना में नियोजन और मुआवजा नहीं

# धरना दे रही महिलाओं की सुरक्षा हो न कि लाठी चार्ज : जयराम

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की रंगों का त्योहार होली प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। झारखंड में जहां एक ओर होली का जश्न है, तो दूसरी ओर रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बसंतपुर कोतरे में ग्रामीण पिछले 20 दिनों से विस्थापन के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने बसंतपुर कोतरे परियोजना के मामले को 25 फरवरी को विधानसभा में उठाया। होली के दिन पुनः मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को जयराम महतो ने पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा कि बसंतपुर कोतरे में केबीपी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिना नियोजन व मुआवजा की प्रक्रिया किए बगैर बलपूर्वक उत्खनन का कार्य आरंभ किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण महिलाओं की स्थिति की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। विगत 20 दिनों से उक्त स्थल पर अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण महिलाएं धरने पर बैठी हैं।



*विगत 20 दिनों से उक्त स्थल पर अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण महिलाएं धरने पर बैठी हैं*

उन्होंने कहा कि झारखंड में पूर्व में कई ऐसी घटनाएं घटित हो चुकी है, जहां पुलिस बल के सहयोग से रैयतों का दमन किया गया हो। जयराम महतो ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जब तक मामले का निष्पादन ना हो, जिला प्रशासन को निर्देश दिया जाए कि धरना स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से रहे, ना की लाठी चार्ज के लिए। महिलाओं पर किसी तरह की अत्याचार नहीं होनी चाहिए। वे लोग शांतिपूर्वक सरकार से अपनी मांगों को मांग रही हैं जो उनका अपना हम है। इसमें किसी तरह की बात न हो।

झारखंड सेवा समिति की वार्षिक आम सभा आयोजित

# अमित कुमार सिन्हा लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड सेवा समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन रविवार को वैष्णो देवी मंदिर गली रोड स्थित उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता के आवासीय कार्यालय परिसर किया गया। मौके पर नए सत्र के लिए सर्वसम्मति से अमित कुमार सिन्हा को लगातार तीसरी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। मौके पर अपने सम्बोधन में अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा की झारखंड सेवा समिति लगातार समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करती आई है और आनेवाले समय में भी समिति समाज के जरूरतमंद लगन की सेवा करती रहेगी। कहा की अब संगठन का सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। हर माह समिति की कम से कम एक बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही संगठन से नए सदस्यों को जोड़कर इसका विस्तार किया जायेगा। अमित कुमार सिन्हा ने कहा की हमारे संगठन का मूल उद्देश्य समाज की सेवा है और हम उसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ेंगे।

## न्यूज | बॉक्स

### होली के दिन पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर दी जान, परिवार में मातम

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र बरवाटांड़ निवासी रुपेश कुमार पिता महाबीर महतो 23 वर्ष ने होली के दिन शुक्रवार को पत्नी से विवाद होने के बाद उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के दिन युवक दिन भर दोस्तों के साथ मौज मस्ती करता रहा। दोपहर डेढ़ बजे के करीब ससुराल से कॉल आने के बाद वह इसी थाना क्षेत्र के खरैयाटांड़ चला गया। ससुराल पहुंचने पर पत्नी से किसी बात पर कहासुनी हो गई। उसने दोपहर बाद एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे में गमछा का फंदा गले में डालकर जान दे दी। कुछ देर के बाद ससुराल वालों ने कमरे का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो नहीं खुला, इसके बाद खिड़की से झांक कर देखा कि रुपेश का शव पंखा से लटका हुआ है। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों को स्पष्ट करने में जुटी है।

### सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी आदिवासी समाज ने की कमटी गठित



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के खैरियो लाल मैदान में जुग जाहेर कमिटी के द्वारा सरहुल/ बाहा पर्व मनाने को लेकर रविवार को उतरी पंचायत भवन बरकट्ठा में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता महेश मूर्मू ने किया। वहीं अगामी 01 और 02 अप्रैल 2025 को दिशोम सरहुल बाहा पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर अलग अलग पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया । साथ ही सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए महेश मुर्मू व सचिव पद के लिए राजाराम मुर्मू को चुना गया । वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए रीतलाल सोरेन, सहयोगी उपाध्यक्ष के रूप में सामेल टुडू और शिबू मुर्मू को चुना गया। वहीं कार्यकारणी सदस्य के रूप सहदेव मुर्मू, बाबूराम मुर्मू ,किशुन हंसदा प्रकाश टुडू दुर्गा बास्के अनिल टुडू रामू टुडू राजू मुर्मू शीतल टुडू चरका टुडू, बिरेंद्र मुर्मू, बंशी सोरेन, दिनेश बास्के, सुजान बास्के बालदेव मुर्मू काली टुडू महेश मुर्मू हरिलाल बास्के मुकेश टुडू कामेश्वर टुडू गणेश मुर्मू दिलीप हंसदा को चुना गया मौके पर अलग अलग गांव से पहुंचे आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### गोला में सर्वत्र होली का उत्साह धूमधाम से हुआ समापन

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से लोगों ने रंगों व गुलाल की होली खेली। इस दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर फोर्स मौजूद रही। वहीं रमजान के पाक महीने की शुरूआत के साथ क्षेत्र में रूहानी रौनक और भक्ति का खास माहौल देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को गोला क्षेत्र के तमाम मस्जिदों में रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा की गई, जिसमें अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही नमाजियों का मस्जिदों में आना शुरू हो गया था। दारुल इफ्ता चाड़ी शरीफ के मुफ्ती मो नैयर रजा ने रमजान उल मुबारक की अहमियत बताते हुए कहा कि यह महीना अल्लाह का एक खास तोहफा है, जिसमें इबादत और नेकियों का बड़ा सवाब है। उन्होंने कहा कि इस पाक महीने में अपने रब को राजी करने के लिए गरीब, यतीम और जरूरतमंदों को सदका-फित्रा दें। दूसरी ओर कई गांवों में होली का उत्साह भी कम नहीं था। पूरे क्षेत्र में रंगों का त्योहार भी पूरी मस्ती और धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दीं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग जमकर नाचे और होली के पारंपरिक गीतों ने माहौल को रंगीन बना दिया। क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे की एक खूबसूरत मिसाल पेश कर रहा है। जहां एक ओर रमजान की इबादतों का सुकून है, वहीं होली के रंगों की खुमारी भी हर तरफ बिखरी हुई है। दोनों समुदायों का कहना था कि हमलोग जमे नमाज की भी कद्र करेंगे और होली भी मनाएंगे। हमलोग आपस सौहार्द के साथ होली मनाई और एक दूसरे को बधाई भी दी। शहर के चारों तरफ होली की खुमारी छाई हुई थी और रंगो गुलाल में डूबे थे।

रंगोत्सव का पर्व होली का शांति व सौहार्द के साथ हुआ समापन

# विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने दी लोगों को शुभकामनाएं



♦फगुआ गीतों के साथ लोगों ने जमकर उड़ाए अबीर गुलाल

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
रंगों का त्योहार होली क्षेत्र भर में हर्षोल्लास और शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया। वहीं लोगों ने होली पर्व पर अबीर गुलाल लगाकर व गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर सोशल मीडिया पर भी शुभकामनाएं और बधाई देने का दौर खुब चलता रहा। इस निमित विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी,बरकट्ठा मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र वासियों को होली की बधाई दी तथा पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं प्रखंड के बरकट्ठा बेलकपी, कोनहारा कला, घंघरी, झुरझुरी, बरवां, सलैया, गैड़ा, कपका,गंगपाचो समेत विभिन्न जगहों पर होली के पारंपरिक गीतों पर ढोल नगाड़ों के साथ लोग झूमते नजर आए।

# डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण : कल्याणजी प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सोमवार को कोल इंडिया लिमिटेड,रजरप्पा क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत प्रदत्त आधुनिक और हाई-कॉनफि गरेशन कंप्यूटर सेट का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र कल्याणजी प्रसाद, विद्यालय के कोषाध्यक्ष सह नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अतिथियों का परिचय कराया। उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प- गुच्छ एवं अंगवस्त्र



प्रदानकर स्वागत किया गया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कंप्यूटर सेट का उद्घाटन सीसीएल,रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद के द्वारा पूजन करके किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ और सीसीएल के अधिकारी, श्रम संगठन प्रतिनिधिगण अनिल प्रसाद, चंदेश्वर सिंह, रविन्द्र वर्मा, किशोरी प्रसाद, आर पी सिंह, प्रदीप उपस्थित थे। लैब में नवीनतम तकनीक के हाई-कॉनफि गरेशन कंप्यूटर सेट स्थापित किए गए हैं। जो छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा और डिजिटल कौशल में बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। उदघाटन समारोह में महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है और यह छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगी।

### दो दिवसीय कर्जन ग्राउंड में झारखंड महोत्सव का होगा आयोजन

**हजारीबाग।** स्थानीय कर्जन ग्राउंड हजारीबाग में मंगलवार एवं बुधवार को जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग केंद्र, हजारीबाग के तत्वावधान में मंत्री उद्योग श्रम,नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार की उपस्थिति में प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में हजारीबाग के अलावा झारखंड के 14 जिला की भागीदारी होगी। इन जिला से पीएमएफएमई के अंतर्गत वित्त पोषित इकाइयों के उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में कई सूखे पेड़ दुर्घटना को दे रहें हैं आमंत्रण : रंजन चौधरी



**हजारीबाग।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के ट्रॉमा सेंटर और लेबर रूम वाले बिल्डिंग के बाहर दो खजूर के सूखे पेड़ और अस्पताल परिसर स्थित पार्क में कई सूखे वृक्ष दुर्घटना को आमंत्रण दे रहें हैं। ये सूखे पेड़ ऐसे जगहों पर हैं जहां मरीजों और उनके परिजनों का हमेशा जमावड़ा रहता है और यहां से हमेशा लोगों का आना जाना तादात में लगा रहता है। बावजूद इसके शायद अस्पताल प्रबंधन को ये सूखे पेड़ नहीं दिखते हो । हजारीबाग सांसद के निर्देश पर मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट प्रोफेसर डॉ. अनुकरण पूर्ति को अवगत कराते हुए तत्काल इसे जरूरतमंद मरीजों और परिजनों के हितार्थ सुरक्षित तरीके से हटवाने की दिशा में सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया है।

### बरसोत चौक पर स्कूल वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 4 बच्चे घायल, 1 रेफर




**बरही ।** जीटी रोड स्थित बरसोत चौक पर एसडी पब्लिक स्कूल नईटांड़ (करियातपुर) की मारुति ओमनी संख्या जेएच 11 एस 1077 यात्री बस यूपी 65 डीआई 7365 से टकरा गई. इस टक्कर में मारुति पर सवार 8 में से 4 बच्चे घायल हो गए. बच्चों की चित्कार सुनकर लोग दौड़े. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाने का काम किया. मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से जख्मी श्वेता कुमारी 5 वर्ष पिता रविंद्र कुमार महतो को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया. वहीं अंजना कुमारी 5 वर्ष पिता रविंद्र कुमार महतो, कोमल कुमारी 5 वर्ष पिता रंजीत मंडल, पार्थ कुमार 5 वर्ष पिता अजीत मंडल को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया.

संसद में गूंजा कोनार डैम और विस्थापन का मामला, समाधान की मांग

# पुनर्स्थापन, कोनार आईडल सिंचाई परियोजना और टूरिज्म विकास की हो व्यवस्था : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने संसद के चालू सत्र में कोनार डैम और तिलैया डैम नहर परियोजना तथा विस्थापितों के मामला को सदन के पटल पर रखा. उन्होंने लोकसभाध्यक्ष के माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान दोनो परियोजनाओं के उद्देश्य और उससे उभरे समस्याओं की ओर आकृष्ट करवाने का काम किया. सांसद श्री जायसवाल ने बताया कि 1955 में कोनार व तिलैया डैम परियोजना की शुरूआत हुई थी. जिसमे चौपारण, बरही, विष्णुगढ़, चंदवारा के हजारों घर विस्थापित हुए.



जिसमे सैकड़ो घर विस्थपित हुए थे. जिनका आज तक पुनर्स्थापन नही हो सका है. उन्होंने केंद्र सरकार से विस्थापितों को पुनर्स्थापित करने की मांग किया. साथ ही सदन को यह भी बताया कि पानी व सिंचाई की सुविधा के लिए 1978 ई में कोनार डैम से नहर परियोजना प्रारंभ किया गया था. परंतु करीब 50 वर्षो के बाद भी यह परियोजना पूरी नहीं हुई है. किसानों को अब तक पानी नही मिला है. इस परियोजना से 85 गांव को पानी और 63 हजार एकड़ क्षेत्र को सिंचित होना था. पर एक गांव को भी पानी नही मिला हैं. उन्होंने केंद्र सरकार से आइडल पावर के साथ सिंचाई परियोजना चालू करने और टूरिज्म विकास की मांग किया है. जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके उपलब्ध हो सकें.

### रामगढ़ जिला वूमेंस अंडर - 19 क्रिकेट टीम घोषित

रामगढ़। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन ने रामगढ़ जिला वूमेंस अंडर-19 की टीमों की रविवार को घोषणा किया। साथ ही टीम में शामिल सदस्य बोकारो के लिए रवाना हुए। मुख्य रुप से रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अरुण कुमार राय उपस्थित थे। टीम के कप्तान प्रिया पटेल के अलावा सदस्यों में प्रतिमा यादव, खुशी तिर्की, प्रिया कुमारी, सलोनी कुमारी, कल्पना कुमारी, अनन्या कुमारी, शिवन्या कुमारी, अनुष्का कुमारी, पलक किशोर, प्रियंका बरनवाल, संध्या यदुवंशी, रंजीता कुमारी, राशि सिंह, इशिका प्रिया, श्रेया प्रिया और हेमंत कुमारी शामिल हैं।

### बरकट्ठा पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने दो फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया हैं। बरकट्ठा थाना कांड संख्या 43/24 धारा 366 (ए) आईपीसी एवं धारा 08 पॉक्सो एक्ट 66 ई आई टी एक्ट के तहत दो फरार अभियुक्त के घर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया गए। जिसमें चंदन कुमार पिता महेश प्रसाद तथा दीपक भुइयां पिता स्वङ्ग बेनी भुइयां दोनों ग्राम मासीपीढ़ी निवासी हैं।

### स्वर्णकारों की जिंदगी संवर जाए अगर ज्वेलरी क्लस्टर खुल जाए

**रामगढ़।** नजरें गड़ा कर, अपनी कमर टेढ़ी कर आभूषणों को गढ़ने वाले कारीगरों का जीवन ही मुफ्लिसी में कटता हैं। सोना चांदी के बाजार में बड़ी कंपनियों और मशीनों के दखल इन कारीगरों का निवाला छीनते जा रही है। स्थानीय स्तर पर सुनारों को अपनी सेवा देने वाले कारीगरों को भी हाड़तोड़ मेहनत के बाद भी उचित मजदूरी नहीं मिल पाती । इससे उन्हें एक बेहतर जीवन नसीब नहीं हो पाता है। इन कारीगरों के विकास के लिए एक ज्वेलरी क्लस्टर का निर्माण किया गया था। यहां आधुनिक मशीन लगाई जाएगी, जिसमें समूह के लोग क्लस्टर की मशीनों में जेवर निर्माण का काम कर सकेंगे। यह क्लस्टर 2025 तक चालू होने की संभावना है। इसे खुल जाने से स्वर्णकारों के दिन बहुरेंगे। शिल्पी कारगरों की बस्ती सुकरीगढ़ा लारी आने वाले समय में अपनी अलग पहचान बना सकती है। घर-घर में बसने वाले शिल्पी कारिगरों के लिए सरकार प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर रही है जो इसी साल 2025 में चालू होने की संभावना है। यह प्रशिक्षण केंद्र शिल्पी कारगरों की दशा बदलने में कारगर साबित होगा।

डीडीसी ने की कल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

# स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता और प्रगति रिपोर्ट भेजने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उपविकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, आंगनबाड़ी योजना की प्रगति, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, पीड़ी जेनरेसन, जिओ टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस की स्तिथि,



योजनाओं की प्रगति में लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रदर्शन करने वाले बीडीओ व बीपीओ पर अप्रसन्नता जाहिर की

जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रदर्शन करने वाले बीडीओ व बीपीओ पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कम प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के बीडीओ को कार्य की प्रगति में सुधार करने और क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सही एवं योग्य लाभुकों को ही इस योजना का लाभ मिले। बैठक में सभी बीडीओ को पीएम जनमन योजना के तहत संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी फील्ड विजिट कर संचालित योजनाओं की गुणवत्ता की जांच कीजिये और उसकी रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें।

### बरलंगा में अधिग्रहीत भूमि पर चहारदिवारी निर्माण का विरोध

**गोला।** बरलंगा थाना क्षेत्र के पुरबटांड़ में मुकुंद स्टील प्रालि. ने अधिग्रहीत भूमि पर चहारदिवारी निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। जिसका रैयतों ने जोरदार ढंग से विरोध किया है। इस मामले को लेकर सोमवार को स्थानीय ग्रामीण रैयतों की बैठक डीएबी पब्लिक स्कूल परिसर में मुखिया कांति देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित रैयतों ने बताया कि डेढ़ दशक पूर्व मुकुंद स्टील प्रालि प्लांट का निर्माण के लिए कंपनी ने ग्रामीणों को भविष्य के सुनहरे सपने दिखाकर उनकी खेती योग्य भूमि को औने पौने दाम में खरीद लिया। वर्तमान में दर्जनों ग्रामीणों की जमीन को खरीदा नहीं गया है। इसके बाद भी कंपनी के लोग जमीन पर चहारदिवारी का निर्माण करने की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी ने चहारदिवारी निर्माण को लेकर पिछले 13 मार्च को गुपचुप ढंग से भूमि पूजन भी किया। इसका पता चलते ही ग्रामीणों ने चहारदिवारी निर्माण करने का विरोध करना शुरू कर दिया है।

# होली मनाने ससुराल गए युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गोला**
गोला थाना क्षेत्र के बरवाटांड़ निवासी रूपेश कुमार (22 वर्ष) की मौत उसके ससुराल खरैयाटांड़ में होली के दिन शुक्रवार शाम में हो गयी. घटना के बाद मृतक के परिजन एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाना पहुंच कर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार देने की मांग की. पुलिस ने मृतक की पत्नी एवं सास को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार, कमता बरवाटांड़ निवासी रूपेश कुमार (22 वर्ष) पिता महावीर दांगी की शादी सात जुलाई 2024 को खरैयाटांड़ निवासी गणेश महतो की पुत्री रिया कुमारी के साथ हुई थी. रूपेश अपनी पत्नी के साथ दो दिन पूर्व होली खेलने के लिए ससुराल गया हुआ था. इसी बीच, उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी. परिजनों का आरोप है कि रूपेश को उसकी पत्नी रिया कुमारी एवं सास जयंती देवी ने जान से मार कर फांसी के फंदे में लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है. सूचना मिलने के बाद जब परिजन खरैयाटांड़ रूपेश के ससुराल पहुंचे, तो वह मृत अवस्था में फांसी के फंदे में लटका हुआ था. उसका पैर बेड के ऊपर मुड़ा हुआ था. फंदे में दो गांठ थे. इसके कारण उसकी मौत को परिजनों ने संदेहास्पद बताया. मृतक के ससुर बाहर में काम करते हैं. रूपेश अपनी सास के साथ गोला डेली मार्केट में सब्जी बेचने का काम करता था. वह अपनी सास के दबाव में 15 दिन पूर्व ही अपने माता पिता से अलग हो गया था. मृतक के पिता, भाई एवं बहन ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है. परिजनों ने बताया कि रूपेश महावीर दांगी का छोटा पुत्र था. आकाश बड़ा पुत्र है. थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है.

# दो घंटे की संघर्ष के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में फंसे घायल चालक को निकाला गया





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र के सिमडेगा रांची मार्ग हलवाई पुल के पास सोमवार की सुबह दो ट्रेलर टकरा गए थे। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि एक चालक ट्रेलर के केबिन में फंस गया।जिसे काफी मशक्कत के बाद 2 घंटे के रेस्क्यू कर स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से बाहर निकाल गया । मिली जानकारी की अनुसार टाटानगर निवासी हरजीत सिंह नामक चालक सरिया लदी ट्रेलर लेकर ओडिसा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के हलवाई पुल के पास विपरीत दिशा से आती एक तेज रफ्तार ट्रेलर उससे टकरा गई। ट्रेलर के टक्कर से एक ट्रेलर का इंजन दूसरे ट्रेलर में घुस गया था। ट्रेलर का केबिन इंजन से अलग होकर फेका गया था।जिसमें चालक हरजीत सिंह फंस गया। सिमडेगा पुलिस और स्थानीय लोगों के द्वारा काफी मशक्कत कर घटना के दो घंटे बाद बाहर निकल गया। चालक हरजीत का एक पैर में कई जगह हड्डी टूट गई है। सदर अस्पताल में चालक का प्राथमिक इलाज कर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

# जर्जर सड़कों को तेजी से किया जा रहा है ठीक : विधायक

## सिमडेगा-कुरडेग मुख्य पथ का विधायक ने किया शिलान्यास, जर्जर सड़क से लोगों को मिलेगी राहत

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जर्जर सड़क से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। नए सड़कों का निर्माण के अलावे पुराने जर्जर सड़कों को तेज गति से मरम्मत किया जा रहा है। ताकि लोगों को अवागमण में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक सोमवार को शहर के झूलन सिंह चौक में सिमडेगा-कुरडेग मुख्य पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख सुशीला देवी भी उपस्थित थे। बताया गया कि सड़क का मरम्मत पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि यह सड़क न सिर्फ कुरडेग प्रखंड को जोड़ता है। बल्कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्य के अलावे दक्षिण भारत को भी जोड़ता है। लेकिन जर्जर सड़क के कारण इस सड़क पर से गुजरना जानलेवा साबित हो रही थी। इसी को देखते हुए कुरडेग पथ कर मरम्मत कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आज कई दर्जन जर्जर सड़कों का मरम्मत कराया जा रहा है। जबकि अनगिनत नई सड़कें बनाई जा रही है। कुल मिलाकर क्षेत्र में सड़कों का तेजी से जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह तो विकास की महज एक झलकी है। सड़कों को दुरुस्त करने के बाद धरातल में अन्य विकास योजनाओं को तेजी से उतारा जाएगा। विधायक ने कहा कि विकास योजनाएं तो धरातल में उतारा जा रहा है। लेकिन उसमें भ्रष्टाचार हावी है। कई योजनाएं भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ चुका है। अधिकारी और संवेदक इसे लुट खसोट का जरिया बना चुके हैं। विधायक ने कहा कि विकास कार्य में भ्रष्टाचार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा।मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य को रफ्तार मिली है। आज विकास की योजनाएं धरातल में उतरता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से सिमडेगा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौके पर सतीश सिंह,20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ,जिला विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, जिला विधायक प्रतिनिधि बिपिन तिग्गा, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,प्रदेश प्रतिनिधि पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, एनएसी विधायक प्रतिनिधि शहजाद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि सलमान खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो,रोहन जायसवाल,साबिर खान,नगर प्रभारी शशि गुड़िया,कौशल रोहिला,सोनी वर्मा,मुकेश गोयल,जावेद आलम,लखन गुप्ता,वाशिम खान, 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार,मनोज जैन, मो अरमान, अरविंद लुगुन, बन्नू,जॉनी,अनूप मिंज आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव को लेकर हुई कलश यात्रा

**बानो।** प्रखंड के चाटुओडा में दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का आयोजन के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी ।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर जलाशय पहुंची ।कलश यात्रा में 551 महिलाओं ने भाग लिया ।कलश यात्रा जलाशय पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संकल्प कर कलश में जल भरा गया ।इसके बाद विभिन्न मार्ग से होते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची। जहां कलश की स्थापना किया गया ।इसके साथ अधिवास व नामकरण के साथ अखंड हरि कीर्तध सह यग महोत्सव आरंभ किया जायेगा,वहीं मंगलवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा ।पुरोहित पंडित दिग विजय महापात्र व यजमान की भूमिका धन सिंह व उनकी धर्मपत्नी प्रमिला देवी निभा रहे। इस अवसर पर अखंड हरी कीर्तन पूजा समिति चाटुओड़ा के जगरनाथ सिंह,नारायण सिंह लोदो सिंह,खतो सिंह,मनोजर सिंह,राधेश्याम सिंह,नकुल सिंह,धन सिंह,तिलक सिंह,भारत सिंह,दिनेश सिंह, सकलदीप सिंह,ममता देवी, धनेश्वरी देवी,गौरी देवी,मालती देवी, ग्रामीण उपस्थित थे।

### 11 मार्च से लापता युवक का देव नदी के पास पेड़ पर मिला शव

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के रैंसिया पंचायत अंतर्गत श्री कोंड़ेकेरा वनटोली देवनदी के पास पेड़ में फांसी लगा एक 35 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत अवस्था में शव बरामद किया गया ।मिली जानकारी के अनुसार कोलेबिरा थाना की पुलिस को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की श्रीकोंडेकेरा वनटोली गांव के नदी के समीप एक पेड़ पर एक युवक का शव पेड़ पर कपड़े से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह पुलिस दल बल के साथ तत्काल उक्त स्थल पहुंचे जहां एक युवक फांसी से टंगा हुआ था जिसका शव क्षत विक्षत हो गई थी ।मृतक युवक की पहचान उम्र करीब 35 वर्षीय शंभू लोहरा,पिता स्वर्गीय भरथू लोहरा,ग्राम कोलेबिरा जामटोली के रूप में हुई है ।पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक युवक 11 मार्च 2025 से पहले से लापता था,उसके परिवार वाले काफी खोजबीन करने के बाद 16 मार्च को थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया था ।इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया।

### राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में केन्द्रीय विद्यालय, सिमडेगा में 04 मई, 2025 को होने वाले राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश ( NEET ) परीक्षा की तैयारी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य प्रफुल्लित लकड़ा ने उपायुक्त को बताया कि परीक्षा में कुल 97 परीक्षार्थी शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया जाना है, उपायुक्त में पदाधिकारियों को नामित कर समिति का गठन हेतु आवश्यक निर्देश दिये। परीक्षा के संचालन के लिए केंद्रीय विद्यालय, सिमडेगा को ही परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सभी क्लास रूम को सीसीटीवी कैमरा से अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। इसके अलावे प्रशन पत्र को बैंक से परीक्षा केंद्र पहुंचाने व आंसरशीट को पुनः बैंक तक पहुंचाने हेतु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बहाल करने से संबंधित चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

### यूकेजी के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम का आयोजन




**कुरडेग ।** होली फैमिली स्कूल में यूकेजी के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चे ,माता पिता ,अभिभावक शिक्षक,शिक्षिकाएं , सिस्टर,ब्रदर एवं स्कूल प्रबंधन के सदस्य शामिल हुए थे। यह कार्यक्रम यूकेजी के बच्चों के कक्षा 1 में प्रमोशन के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुजूर एवं प्रिसिंपल ए राजा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।तत्पश्चात नन्हें बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया ।बच्चे किसी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तर्ज पर परिधान धारण किये थे ।मुख्य अतिथि के द्वारा सभी बच्चों को उनके किंडरगार्डन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का ग्रेजुएशन प्रमाणपत्र दिया गया ।प्रिसिंपल ने बताया क्रि ऐसे आयोजन बच्चों को आत्मविश्वास एवं जिज्ञासा बढ़ाता है ।उनके भविष्य में होने वाली अनुभूतियों का पूर्वाभ्यास कराता है। मौके पर फादर लाजरूस लकड़ा, उप प्राचार्य आनन्द कुल्लू ब्रदर चन्द्रन सहित स्कूल के सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं,सिस्टर,ब्रदर ,अभिभावक उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में ज़िला स्तरीय टेलीकॉम समिति के साथ हुई बैठक

# सभी टावरों को 5जी नेटवर्क में अपग्रेड करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मोबाइल टॉवर अधिष्ठापन और प्रबंधन से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिओ एवं एयरटेल द्वारा जिले में अधिष्ठापन किये गये टावर की प्रखंडवार समीक्षा हुई । इस दौरान उपायुक्त ने जिओ एवं एयरटेल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी टावरों को 5G नेटवर्क में अपग्रेड करें। साथ ही छुटे हुए राजस्व ग्राम को नेटवर्क से जोड़ने की बात कहीं। इसके अलावा उरते पंचायत में विशेष रूप से नेटवर्क अधिष्ठापन हेतु यथाशीघ्र प्रस्ताव देने की बात कहीं। झार सेवा अंतर्गत पंचायत में संचालित सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने ईडीएम को निर्देश दिया कि सभी पंचायत में बीएली द्वारा मैरिज सर्टिफिकेट बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कई पंचायत में मैरिज सर्टिफिकेट समय से निर्गत ना होने के कारण कई लाभुकों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने झार सेवा अंतर्गत संचालित सभी कार्यों को बेहतर रूप से संचालन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, ईडीएम चन्द्रशेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बखला, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में, वृद्ध की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत दलिया टोली के पास रविवार की देर शाम दो मोटरसाइकिल के बीच हुए सीधी टक्कर में सड़क किनारे ट्राई साइकिल में बैठे 70 वर्षीय वृद्ध दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की देर शाम डलिया टोली के पास दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई ताकत इतनी जोरदार थी कि एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे बैठे थॉमस बा नमक दिव्यांग के ट्राई साइकिल के ऊपर गिरा जिससे कि दिव्यांग गंभीर रूप से घायल हो गया । सदर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक दिव्यांग के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने साथ थाना ले गई तथा आगे ही कार्रवाई कर रही है।

## बोलबा प्रखंड के कुंदूरमुंडा जंगल में लगी भयंकर आग

**बोलबा ।** बोलबा प्रखंड के कुंदूरमुंडा जंगल में लगी भयंकर आग. बताया जा रहा है कि महुआ चुनने के लिए ग्रामीण पेड़ से गिरे सूखे को जलाकर छोड़ देते है जो आग फ़ैलकर भयंकर रूप ले लेता है ।जंगल में लगी आग से जंगल के छोटे -छोटे पेड़ -पौधे, जंगली जीव जंतु, जंगली जानवर जलकर नष्ट हो रहे है ।वन विभाग की ओर से जंगल में आग नहीं लगाने अथवा जंगल में लगी आग को बुझाने में सफल नहीं है ।अगर जंगल में आग नहीं लगाने के लिए प्रयास किया गया है तो सिर्फ कागज पर पर ही होगा,साथ ही वन विभाग की ओर से जंगल बचाने के लिए किए जा रहे सारे प्रयास फेल हो रहे है। क्योंकि बोलबा प्रखंड के लगभग पुरे जंगल में आग लगा हुआ है. जिसमें घरसा, बूढापहाड़, मालसाडा, मच्छकट्टा, बेहरीनबासा, कादोपानी, समसेरा, के साथ ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा, चालीसमरदन जंगल. आग कि चपेट में है ।इधर पंचायत के वार्ड सदस्य,मुखिया, पंचायत समिति,प्रमुख, वन सुरक्षा समिति, प्रखंड के अधिकारियो के द्वारा कोई जंगल को बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।



## पीएम जीवन ज्योत बीमा योजना से मिल दो लाख का चेक




**कोलेबिरा।** प्रखंड के बरसलोया निवासी बाबुलाल साहु के परिजनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक दिया गया। चेक बैंक ऑफ़ इंडिया लचरागढ़ शाखा के शाखा प्रबंधक निरंजन किस्पोट्टा और बैंक ऑफ़ इंडिया लचरागढ़ शाखा के बैंक कर्मियों ने दिया ।मालुम हो कि बरसलोया निवासी बाबुलाल साहु ने पूर्व में लचरागढ बैंक आफ इंडिया शाखा लचरागढ़ में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा कराया था ।जिसकी आकस्मिक मौत छः नवबंर 2024 को हो गयी ।मौत के उपरांत बीमा योजना के तहत परिजनों को बैंक शाखा के द्वारा दो लाख का चेक दिया गया ।मौके पर शाखा प्रबंधक निरंजन किस्पोट्टा ने सभी खाता धारकों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी कोई बैंक शाखा में बीमा अवश्य करा लें ।जो भी अब तक नहीं कर पाए हैं वह बैंक शाखा में संपर्क कर सकते हैं और जिनका बीमा हो चुका है और बीमा धारक का किसी कारणवश मौत हो चुकी है और उन्हें किसी कारणवश बीमा का लाभ नहीं मिला है विशाखा में जाकर बैंक कर्मी से संपर्क करें। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अन्य बीमा योजना का लाभ जरूर लें। मौके पर शाखा प्रबंधक निरंजन किस्पोट्टा,ऑफिसर विकास कुमार,सुमिताप रंजन,क्लर्क रवि कुमार दास, गार्ड तेज कुमार सुरीन के अलावा बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## कोनजोबा में हुआ आदिवासी लोहरा समाज महासम्मेलन सह मिलन समारोह

नवीन मेल संवाददाता





**केरसई।** आदिवासी लोहरा समाज महासम्मेलन सह मिलन समारोह का सोमवार को आयोजन कोनजोबा अंबा बगीचा में फीता कट कर किया गया। सम्मेलन में लोहरा समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया पूरे प्रखंड क्षेत्र से आए लोहरा समाज के लोगों समाज के संरक्षक राजेश केरकेट्टा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को एकता की सूत्र में बांधना है, समाज को नशापान मुक्त बनाना है ।समाज के लोगों को धर्म परिवर्तन से रोकना है, जाति आय प्रमाण पत्र निर्गत करवाना है, समाज में शिक्षा के प्रति जागरूक करना है कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया मुन्स खेस्स ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाज के लोगों को मदद करने की बात कही कार्यक्रम में कुरडेग ,केरसई के प्रखंड अध्यक्ष के अलावा सचिव सितम मिंज, देवराज लोहार, एता केरकेट्टा उमेश, नूतन केरकेट्टा रेखा देवी, नीलिमा केरकेट्टा, गुड़िया देवी, सुमित्रा केरकेट्टा, विनोद लोहार, संध्या देवी, जमीला देवी सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

## गिरमा पुलिया के नीचे गिरने से वृद्ध महिला की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्लूकेरा पंचायत के गिरमा नदी के नीचे गिरने से 60 वर्षीय लक्ष्मी देवी नामक महिला की मौत हो गई ।महिला केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत बासेन गुझरिया मांडवाइन गांव की है। जानकारी देते हुए भाटिया ने बताया कि सभी लोग महुआ चुनने के लिए जंगल गए थे और मृतक लक्ष्मी देवी ने कुलूकेरा गांव जाने की जानकारी दी तथा वह चली गई ।कुलुकेरा गांव में वह होटल में कुछ खरीदारी की जिसके बाद पुलिया के पास बैठकर खाने लगी ।इसी दौरान अचानक चक्कर आने से वह पुलिया के नीचे गिरी और नीचे चट्टान में माथा टकराने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

# चिक बड़ाईक समाज ने धूम धाम से मनाया दीवान-सरदार सम्मान समारोह




नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा :प्रखंड के पतिअम्बा बडाईक टोली में चीक बड़ाईक समाज का दीवान-सरदार सम्मान समारोह का आयोजन धुम धाम से मनाया गया। समारोह में मनोहरपुर, टिनगीना, सिमरिया, ओडगा, बरकीटांगर, कोलोमडेगा, कारीमाटी और अन्य गांव से समाज के बुध्दिजीवी और समाजसेवियों ने भाग लिया। चीक बडाईक समाज में पहली बार यह कार्यक्रम हुआ। चीक बडाईक समाज के संरक्षक चतुर बडाईक, प्रखंड अध्यक्ष माघु बडाईक, सचिव फिरनाथ बड़ाइक, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बड़ाईक, उपाध्यक्ष जयंती देवी, उपाध्यक्ष विजय बड़ाइक, पतिअम्बा मुखिया बिमला देवी, धाधु बडाईक, सुकरा बडाईक आदि ने समारोह में समाज का मार्गदर्शन किया।

समारोह का शुरुआत समाज के अगुआ स्व भजन राम बडाईक ग्राम कारीमाटी, स्व फेकू बडाईक ग्राम कोलोमडेगा, स्व कालूराम बडाईक ग्राम पतिअम्बा, स्व उगनाथ बडाईक ग्राम पतिअम्बा और स्व रामकुंवर बडाईक ग्राम पतिअम्बा के तस्वीर पर चंदन टीका और फुल माला पहनाकर पूजा अर्चना किया गया। वहीं समारोह में उपस्थित सभी देवियों और सज्जनों के द्वारा पुष्प, अक्षत समर्पित कर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया और दीवान- सरदार को गमछा ओढा कर सम्मानित किया गया। चतुर बडाईक के द्वारा स्व भजन राम बडाईक की जीवनी बताया गया और स्व फेकु बडाईक की जीवनी माघू बडाईक जी ने विस्तार से बताया। समारोह में वक्ताओं ने समाज की तरक्की पर विशेष रूप से फोकस डाला और कहा कि समाज को बुलंदी तक ले जाना हर सदस्य का कर्तव्य है। नशापान, शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों सहित अन्य बिंदुओं पर भी फोकस किया गया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में माघु बड़ाइक, सुकरा बड़ाइक, धाधु बड़ाइक, राम बड़ाइक सहित पतिअम्बा ग्राम के नवयुवक एवं नवयुवतियों का विशेष योगदान रहा। सम्मान समारोह में उपस्थित मनोहरपुर से बोंन्दीलाल बडाईक स्व भजन राम बडाईक के मझिला सुपुत्र, हरिशंकर, ललित प्रकाश, स्व फेकु बड़ाईक के धर्म पत्नी करमी देवी, मंझले पुत्र नरेन्द्र बड़ाईक, छोटे पुत्र विभूतिनाथ बड़ाईक, पुत्री-दामाद, लालू बडाईक, करिया बडाईक, जेठू बडाईक, रामपाल बडाईक, किशन बड़ाईक, धर्मेन्द्र बड़ाईक, मंगरनाथ बड़ाइक, इंद्रजीत बड़ाईक, सीता देवी, मुनी देवी कारीमाटी से सुमति देवी सहित काफी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# बानो प्रखंड को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड बनाने की मांग के समर्थन में विशाल जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। बानो







बानो प्रखंड को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड बनाने की मुहिम को लेकर सोमवार को बानो डाक बंगला से बिरसा चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय तक रैली निकाली गयी।रैली में बानो प्रखंड के सभी राजनितिक दल,स्वंय सेवी संस्था,सभी पंचायत के मुखिया व ग्रामीण हजारों की संख्या में शामिल हुए।रैली में बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड बनना है,बानो हमारी शान अनुमंडल बनना हमारी मांग है आदि नारे लगाये गए। हमारी मांगे जायज है बानो को अनुमंडल हर हाल में बनाया जाए।रैली प्रखंड कार्यालय पहुंची जहां बानो अनुमंडल बना मंच के पदाधिकारी गणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर बानो को अनुमंडल बनाने व हुरदा को प्रखंड बनाने की मांग रखी। इस अवसर पर बानो अनुमंडल बनाओ मंच के अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य बिरजो कडुंलना ने कहा कि बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड को बनाने के हर संभव प्रयास किया जायेगा ।सिमडेगा से बानो की दूरी 60 किलोमीटर है तथा बानो प्रखंड 50 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है।

यहां के ग्रामीणों को सिमडेगा आने-जाने में काफी परेशानी होती है तथा बानो में रेलवे का नेटवर्क है ।बानो प्रखंड में दो थाना और एक ओपी है वहीं आरपीएफ और रेलवे का जीआरपीएफ थाना है। इसके अलावा शिक्षा में डिग्री कॉलेज,आईटीआई कॉलेज सभी प्रकार से बानो प्रखंड अनुमंडल व हुरदा प्रखंड बनने की अहर्ता रखता है ।बानो से हुरदा की दुरी पचास किलोमीटर हो जाती है ।वहीं ग्रमीणो को बानो प्रखंड आने में काफी परेशानी होती है। सांसद प्रतिनिधि अजित कडुंलना ने कहा कि बानो अनुमंडल बनने की अहर्ता रखता है। सरकार बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड बनाये ।जलडेगा प्रमुख जोसेफ लुगुन ने कहा कि जनता का भरपूर साथ मिल रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष बनने पर बेंगाबाद में किया गया जोरदार स्वागत

# बाबूलाल की एक झलक पाने के लिए बेताब थे कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद**
पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार बेंगाबाद आने पर बेंगाबाद मंडल ओर छोटकी खरगडीहा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बेंगाबाद चौक ओर छोटकी खरगडीहा चौक में सोमवार को फूल माला,बुके पहना कर ओर अंगवस्त्र देकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। बताया गया कि बाबूलाल मरांडी देवघर से घोडथम्बा सड़क मार्ग के रास्ते जा रहे थे इसी बीच बेंगाबाद चौक ओर छोटकी खरगडीहा चौक पर रुककर कार्यकताओं से मिले। बहरहाल, नेता प्रतिपक्ष के आने की सूचना मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बेंगाबाद चौक और छोटकी खरगडीहा चौक पर जा पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने काफी देर तक बेसब्री से बाबूलाल मरांडी का इंतजार करने लगे। हर एक कार्यकर्ता नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब थी। बाबूलाल मरांडी लगभग 2 बजे बेंगाबाद पहुंचे। जहां पर पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद बाबूलाल मरांडी घोड़थंबा के लिए रवाना हो गए। मौके पर जमुआ विधायक मंजु देवी, गांडेय के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे,पूर्व अध्यक्ष यदुनंदन पाठक,भाजपा नेता डॉ राजेश पोद्दार, महेन्द्र प्रसाद वर्मा, प्रवीण राम, रंजीत मरांडी, महेश राम, मितनरायण वर्मा, टुनटुन दुबे, सुबोध राम, अनिल यादव, अजीत राणा, रिंकू राणा, पुरन साव, अरूण शर्मा, सुनील कुमार, सुभाष राना आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रेलर और पानी टैंकर में भीषण टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**धनबाद।** शहर के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित जोड़ापीपल एनएच 19 पर सोमवार को एक ट्रेलर और पानी टैंकर में जोरदार टक्कर हो गयी. इस दुर्घटना में एस श्री जी इंफ्रा कंपनी के कर्मी सुभाष साव की मौत हो गयी. जबकि टैंकर के ड्राइवर दीपक कुमार और ट्रेलर चालक बिनोद यादव गंभीर रूप से घायल हो गये. दोनो घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना के संबंध में बरवाअड्डा थाना के एसआई विनोद राम ने बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया. जहां डॉक्टरों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया. जबकि दीपक और बिनोद की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. मृतक के परिजन ने घटना के संबंध में बताया कि सुभाष पिछले तीन सालों से एस श्री जी इंफ्रा कंपनी में कार्यरत था और एनएच 19 में लगे पौधों में पानी देने का काम करता था.

### कस्तूरबा विद्यालय भवन निर्माण में नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

# घटिया मेटेरियल का किया जा रहा प्रयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**
गावां प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय माल्डा में वर्तमान में सर्व शिक्षा अभियान के द्वारा 5,67,67,377 रुपये के लागत से अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में भारी लापरवाही, घटिया ईंट, घटिया बिजली तार आदि का प्रयोग किया जा रहा है। भवन निर्माण में अनियमितता का आमजूमा पर हैं। लोगो की शिकायत पर कॉग्रेस नेता मरगूब आलम विद्यालय के निर्माण स्थल पर पहुँचे। व विद्यालय में काम करवा रहे मुंशी से पूछताछ की। उन्होंने निर्माण स्थल की मापी भी की तो तय प्राकलन में काफी भिन्नता पाई गई। वायरिंग में घटिया व कमजोर तार का प्रयोग किया जा रहा था। ईंट का स्तर भी निम्न था। मरगूब आलम ने ईट आदि की बिल की मांग की। कार्य स्थल पर कुछ भी मौजूद नही था। कार्यस्थल पर प्राकलन बोर्ड भी नही लगाया गया है। जिससे मरगूब आलम ने जेई को फोन कर कड़ी फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि मामले को ले राज्य सरकार व वरीय अधिकारियों को लिखित सूचना देकर जांच की मांग की जाएगी।

### फर्नीचर दुकान में लगी आग, एक लाख की संपत्ति जलकर खाक

**झरिया।** पाथरडीह थाना क्षेत्र के गेट के समीप स्थित परी फर्नीचर की दुकान में सोमवार को अचानक आग लग गई. आग लगने से पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया. आग इतनी भयानक थी कि दूर-दूर तक उसकी लपटें और धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था. घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पास के थाना और अग्निशमन विभाग को दी. सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने की प्रक्रिया में जुट गई. अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. हालांकि दुकान का सारा सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया. घटना के संबंध में दुकान के मालिक सोमनाथ गुप्ता ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी. हालांकि असली कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है. स्थानीय और अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पा लिया गया.

### मारवाड़ी समुदाय का पारंपरिक पर्व गणगौर आगामी एक अप्रैल को होगा समाप्त



**हजारीबाग।** मारवाड़ी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं में से एक, गणगौर महोत्सव, इस वर्ष एक अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। यह 16 दिवसीय पर्व पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें सुहागन महिलाएं और अविवाहित कन्याएं मां गौरी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और मंगल दांपत्य जीवन की कामना करती हैं।गणगौर महोत्सव चैत्र शुक्ल तृतीया से प्रारंभ होकर 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं प्रतिदिन प्रातःकाल गणगौर माता की पूजा करती हैं और लोकगीतों व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ यह पर्व मनाया जाता है।अग्रवाल महिला मंडल की महिलाओं ने बताया कि गणगौर हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सामाजिक समरसता और पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देता है।इसमें इसर जी एवं गौरा शंकर एवं पार्वती जी के रूप है। अखंड सौभाग्य के लिए हम सब ये पूजा करते है! ये राजस्थान के प्रमुख त्योहारों में एक माना जाता है। हम सभी गणगौर माता से प्रार्थना करते हैं कि वे सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं।

### जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक, सिविल सर्जन दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सिविल सर्जन सरयू प्रसाद ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन ने संबंधित पदाधिकारियों को समय पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने, उन्हें एंबुलेंस उपलब्ध कराने व संस्थागत प्रसव सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं को संचालित करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक, नर्स, एएनएम आदि कर्मियों के कार्यों का समय समय पर आकलन किया जाएगा। अगर वह अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का काम करते हैं तो उन्हें चिन्हित कर उनपर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन सहित कई स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### समाजसेवी जगन्नाथ सोरेन ने पोटका में गरीबों के बीच बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड की ग्वालकाटा पंचायत में समाजसेवी जगन्नाथ सोरेन ने 15 जरूरतमंद परिवारों, विधवा व बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया. वार्ड मेंबर सिंगो हांसदा की मौजूदगी में माड़ी, रामदास हांसदा, मोहन हांसदा, तुलसी सोरेन, माया हांसदा, सोनिया मार्डी, कोयलू माझी, लखी हांसदा, अष्टमी पुरानी माया माड़ी को कंबल दिया गया. कंबल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे. इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

# पुराने सरकारी क्वार्टर से युवक का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
दुमका शहर के टिक विल्ला इलाके में खुंटाबांध तालाब के समीप जर्जर सरकारी क्वार्टर से एक युवक का शव बरामद किया गया है. युवक की पहचान नहीं हो पाई थी. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया और शव की पहचान में जुट गई. आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने शव की पहचान नहीं की. बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. युवक के शरीर पर कोई कपड़ा नही था. शव देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक की मौत एक सप्ताह से भी अधिक समय पहले हुई है. नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. इसके बाद दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार खुद घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली.फॉरेंसिक जांच टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर सैंपल कलेक्ट किए. ज्ञात हो कि दुमका के खूंटा बांध इलाके में सरकारी अधिकारियों व कर्मियों के लिए आवासीय भवन बने हैं. इनमें कुछ जर्जर हो चुके हैं. वहां कोई नहीं रहता है. बताया कि जर्जर आवास के आसपास से रहने वाले लोगों को दुर्गंध महसूस हुई तो उन्होंने भवन के अंदर जाकर देखा. कमरे में युवक का शव देख उनके होश उड़ गए. इसके बाद घटना की सूचना नगर थाना को दी गई. एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के सही कारण का पता चल सकेगा.

### विधायक श्वेता सिंह ने अपने 8 प्रतिनिधि किए मनोनीत

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को सुचारू रूप से करने के लिए अपने आठ प्रतिनिधियों मनोनीत किए हैं. इनकी सूची सोमवार को जारी कर दी. विधायक प्रतिनिधियों में राज कुमार सिंह को उत्तरी विस्थापित क्षेत्र, जुबिल अहमद को अल्पसंख्यक विभाग, प्रभात रंजन को स्वास्थ्य, हसीउर रहमान को बिजली, संजय लाल महतो की कृषि, कुंज बिहारी पाठक को मीडिया, शाहिद रजा को विस्थापित अल्पसंख्यक विभाग व सुमित कुमार दास को चास अनुमंडल अस्पताल का प्रतिनिधि बनाया गया है. श्वेता सिंह ने कहा कि सभी प्रतिनिधि अपने-अपने विभाग से जुड़ी जनसमस्याओं व योजनाओं में सहभागिता निभाएंगे. संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित प्रयास करेंगे. उन्होंने विश्वास जताया कि वे अपने दायित्व को पूरे निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे. क्षेत्र की जनता के हित में राज्य सरकार की तमाम योजनाओं व नीतियां को धरातल पर उतरवाने का प्रयास करेंगे.

## बाल मित्र ग्रामों के बच्चों का कराया गया शैक्षणिक परिभ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। देवरी, गिरिडीह**
कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्रामों के गठित बाल पंचायत के बच्चों का शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत जिला मुख्यालय गिरिडीह में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, जिला समाहरणालय, कोर्ट, गिरिडीह कॉलेज तथा खंडोली पर्यटन का परिभ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के संबंध में संगठन के जिला समन्वयक सुरेंद्र पंडित ने बताया कि, इस शैक्षणिक परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सरकारी विभागों के जिला मुख्यालय के अधिकारियों तथा विभागीय कार्य प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से भविष्य को संवारने के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए आगे की योजना का निर्धारण कर सकें। गिरिडीह औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पचंबा के प्राचार्य श्री अशोक शर्मा जी ने कहा कि, हर बच्चे के अंदर एक विशेष प्रतिभा होती है इसके और रुचि के आधार पर ही आगे की शैक्षणिक और प्रशिक्षण सम्बंधित योजना बनाना श्रेयकर होता है, हमें विश्वास है कि, यह शैक्षणिक परिभ्रमण बच्चों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी।

## श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ द्वारा सोमवार को रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न गांवों में 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य मंगला शोभा यात्रा और रामनवमी महापर्व को लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान जिले के विभिन्न प्रखंडों के सिरका अरगड्डा, पतरातु बस्ती, सवैया गढ़, बाजार समिति, गोरियारीबगी, मुरामकलां सहित अन्य गांवों में चलाया गया।साथ ही मंदिरों एवं अखाड़ा समितियों के साथ बैठकर आगामी मंगला शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। डोर टू डोर संपर्क अभियान के माध्यम महासमिति के पदाधिकारियों ने सनातनी लोगों को बताया कि 1 अप्रैल को रामगढ़ में श्री श्री श्रीरामनवमी पूजा महासमिति द्वारा भव्य मंगला शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी सनातनियों की सहभागिता जरूरी है। भव्य मंगला शोभा यात्रा 1 अप्रैल को सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ से निकाली जायेगी। जनसंपर्क अभियान में महासमिति मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चे पर हमला करने वाले नशेड़ी युवक को ले गई पुलिस

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना पुलिस ने करनडीह सरजोमटोला के नशेड़ी युवक को गिरफ्तार किया है. युवक पर स्कूली बच्चों के साथ मारपीट करने व बस्ती में अशांति फैलाने का आरोपी है. बस्ती के लोगों ने परसुडीह थाना पहुंचकर युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. ज्ञात हो कि रविवार को पारंपरिक माझी बाबा सलखु सोरेन की अध्यक्षता में ग्रामवासियों की बैठक हुई. बैठक में आए दिन स्कूली बच्चों पर हो रहे हमले, नशा का सेवन कर बस्ती में अशांति फैलाने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. कहा गया कि ऐसे लोग अभी से चेत जाएं, वर्ना उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी. बैठक में पिछले दिनों गांव के ही एक युवक द्वारा स्कूली बच्चे पर किए गए जानलेवा हमले का मामला को उठाया गया. ग्रामीणों ने कहा कि उक्त युवक ब्राउन शुगर व गांजा का सेवन करता है. बैठक युवक को पुलिस को सुपुर्द करने का फैसला लिया गया.

### उपायुक्त ने किया जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण

# महत्वपूर्ण फाइलों समेत स्ट्रॉन्ग रूम की जांच की

*उक्त परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बज्रगृह में सीसीटीवी अधिष्ठापित करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा कोषागार पदाधिकारी को दिया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को समाहरणालय भवन अवस्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्टाक पंजी, स्टांप पंजी,ओपनिंग व क्लोजिंग रजिस्टर, विपत्र भुगतान संबंधी फाइल, वज्रगृह सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति आदि की जांच की। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में सहमति प्रदान करते हुए कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग एवं सचिवालय सेवा की परीक्षाएं जो सामान्यतः छात्रों की संख्या के अधिक रहने के कारण दो तिथियों में आयोजित हो रही हैं। इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए वर्तमान परीक्षा हेतु निर्धारित बज्रगृह के साथ संलग्न एक अन्य बज्रगृह के निर्माण की बात कही। चूंकि ये परीक्षाएं काफी संवेदनशील हैं, अतः उक्त परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बज्रगृह में सीसीटीवी अधिष्ठापित करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा कोषागार पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने आगे निरीक्षण के क्रम में कोषागार के महत्त्वपूर्ण फाइलों की जांच की। उन्होंने बिल आदि के भुगतान संबंधी संचिका, आउटसोर्सिंग वेतन भुगतान संबंधी फाइल, स्टॉक रजिस्टर, सर्विस बुक,कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी ली एवं संपूर्ण कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होनें कहा कि कोषागार में संचिका, विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे जाते हैं। इस बाबत उन्होंने समय समय पर सभी सुरक्षात्मक उपकरणों यथा फायर सेफ्टी, सुरक्षा गार्ड आदि को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। उन्होंने स्ट्रांग रूम में लगे फायर सेफ्टी यंत्र की क्रियाशीलता एवं सुरक्षा प्रहरियों की उपलब्धता व रोस्टर ड्यूटी चार्ट का भी निरीक्षण किया।

### एडीएम ने राजनीतिक दलों संग की बैठक चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की दी जानकारी

**धनबाद।** धनबाद के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उन्हें निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया. एडीएम ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 प्रारंभ है. उन्होंने राजनीतिक दलों को हर मतदान केंद्र के लिए एक बूथ एजेंट बनाने का आग्रह किया. साथ आम लोगों को जागरूक क मतदाता सूची में अधिक से अधिक लोगों का नाम दर्ज कराने का कहा. बैठक में फॉर्म संख्या 6, 7, 8 की जानकारी दी गई. बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर दिलीप कुमार महतो, सभी अंचल के सीओ, राजनीतिक दलों में भाजपा के नरेन्द्र त्रिवेदी, आजसू के रतिलाल महतो, आम आदमी पार्टी के राजेश कुमार सहित कांग्रेस, बसपा, राजद व अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

### मधुपुर में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति व सास-ससुर फरार

**देवघर।** देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के लखनुआ में दहेज के लिए ससुराल में एक विवाहिता पूनम (25 वर्ष) की हत्या कर दी गई. विवाहिता के पिता सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के बिंझा गांव निवासी दुखन नापित के बयान पर मुधपुर पुलिस ने ससुराल वालों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस को दिए बयान में पिता ने बताया कि 11 मार्च को उसकी बेटी के देवर की शादी थी. शादी में वह बेटी के घर लखनुआ गया था. तब बेटी पूनम ने बताया था कि उसका पति व ससुराल के अन्य 50 हजार रुपए दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते हैं. इसके बाद पिता ने अपने दामाद व समधी से इस मुद्दे पर बात की और समझा- बुझाकर कर अपने घर लौट गया. होली के दिन ससुरालवालों ने फोन कर सूचना दी कि पूनम की मौत हो गई है और शव मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल में है. पिता ने बताया कि जब वह अनुमंडलीय अस्पताल गए, तो देखा कि बेटी के गले में गोबर का निशान है और मुंह से झाग निकला है.

### तिसरी में फिर एक बार तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# 16 टीमें ले रहीं हिस्सा, विजेता को 30 व उपविजेता को 20 हजार के साथ मिलेंगे कप

## रॉयल क्लब तिसरी ने आयोजित किया है टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
ग्रामीण इलाकों के युवाओं की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में एक बार फिर तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ 19 मार्च को होना है। तिसरी के रॉयल क्लब द्वारा आयोजित इस नॉक आउट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें में हिस्सा ले रही है। जिसमें विजेता टीम को 30000 के साथ कप और उपविजेता टीम को 20000 के साथ कप देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजक कमिटी के अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की ही भांति इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।



ग्रामिण पंचायत तीन दिवसीय क्रिकेट टुर्नामेंट गाँधी मैदान तिसरी-2025,SESSION

आयोजन रोयल कलब तिसरी

अपार हर्ष के साथ सुचित किया जाता है कि हर वर्ष की (तरह) भांति इस वर्ष भी तिसरी में टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टुर्नामेंट का शुभारम्भ 19/03/2025 को किया जाएगा।

आप सभी कप्तानों से अनुरोध है कि इस टुर्नामेंट में भाग लें तथा इसे सफल करें।

Entry Fee 3500/- मात्र।

नियम एवं शर्तें:-

1. यह टुर्नामेंट 10-10 over का होगा।
2. यह टुर्नामेंट नॉक आउट के आधार पर खेला जाएगा।
3. L.B.W. नियम छोड़कर सभी नियम लागु होंगे।
4. Mach में Tenis Ball का प्रयोग होगा।
5. संदिग्ध एक्शन वाले गेंदबाज पर प्रतिबंध होगा।
6. Umpire का Decision सर्वमान्य होगा।
7. प्रत्येक मैच में Man of the Mach ..... एवं पुरे टुर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले को Man of the Series कप दिया जायेगा।
8. मैच सुबह 7.00 A.M.से प्रारम्भ किया जाएगा।
9. खेल के द्वोरान चोट लगने पर कमेटी कि जीम्मेवारी नहीं होगी।
१०. सेमी फाइनल और फाईनल में ड्रोन केमरा से लाइभ किया जायेगा।
११. सारे मेच का लाईभ स्कोर कीक हीरोज पर लाइब किया जायेगा।
१२. २ खिलाड़ी (बोरो) बाहरी पं० का खेल सकता है।

1st Prize- 30,000&Cup | 16 टीम | 2nd Prize- 20,000&Cup

अध्यक्ष- राहुल यादव mob no:-7352379812
उपाध्यक्ष- रोहीत सिंह 9508934324
सचिव- कुन्दन सिंह 6287781460
कोषाध्यक्ष- मोहीत सिंह,जानु सिंह शन्नी यादव

कमिटी सदस्य- सागर रजक,सुमित कुमार,गोलु यादव,शनि यादव,राज कुमार,सुरज कुमार,मुकेश राय,परविण सिंह,सोनु पाठक,ओंम भारती,उदेव यादव,राहुल कुमार,राहुल दास,

होली के ठीक बाद इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। टूर्नामेंट के दौरान सारे मैच का लाइव स्कोर क्रिक हीरोज पर दिखाया जाएगा वहीं सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबले में ड्रोन कैमरे से लाइव मैच का लुफ्त उठा सकेंगे। वहीं प्रतेक टीम से केवल दो बोरो प्लेयर खिलाने की ही अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि मैच के उद्घाटन समारोह में तिसरी के कई गणमान्य व्यक्ति व पदाधिकारी शामिल होंगें। इसकी तैयारियों को लेकर कमिटी के उपाध्यक्ष रोहित सिंह, सचिव कुंदन सिंह, कोषाध्यक्ष मोहित सिंह, जानू सिंह,सन्नी यादव, सागर रजक, सुमित कुमार, गोलू यादव, मुकेश राय, प्रवीण सिंह, सोनू पाठक,ओम भारती,राहुल कुमार आदि लगे हुए हैं।

### डीएई हॉकी प्रतियोगिता 24 से कोटा में, यूसिल जादूगोड़ा की टीम लेगी भाग

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया डीएई हॉकी प्रतियोगिता 24 से 28 मार्च तक राजस्थान के कोटा में खेली जाएगी. प्रतियोगिता में यूसिल जादूगोड़ा की कोणार्क टीम भाग लेगी. टीम के खिलाड़ी तैयारी के लिए मैदान में रोज पसीना बहा रहे हैं. जादूगोड़ा की टीम 21 मार्च को कोटा के लिए रवाना होगी. यूसिल जादूगोड़ा की टीम में तपन कुमार माझी, नरेश मुर्मू, सुंदर सिंह, वीरेंद्र हेंब्रम, भरत सिंह, मंगल किस्कू, दुर्गा हांसदा, आरएन किस्कू, पीके हेस को जगह मिली है. यूसिल की हाकी टीम के लिए अपना कोई गोल पोस्ट तक नहीं है, जिससे वे बेहतर ढंग से तैयारी कर सकें. इसके बावजूद जीत का सपना लेकर टीम अभ्यास में जुटी है. टीम के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स जूता तक नहीं मुहैया कराया गया है. खेलाड़ी अपने पैसे से जूता समेत अन्य व्यवस्था कर अभ्यास कर रहे हैं.

# डीआरडीए निदेशक ने जनता दरबार में की 27 मामलों की सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**
बोकारो की डीआरडीए निदेशक मेनका ने सोमवार को जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं. जनता दरबाद में शहर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से कुल 27 लोग पहुंचे थे. निदेशक ने बारी-बारी से सभी की समस्याएं सुनीं. कुछ मामलों का ऑन द स्पॉट निबटारा किया. बाकी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया. जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा सहित अन्य विभागों से जुड़े मामले आए. मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिए बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# कृत्रिम बुद्धिमता गति रोजगार और जोखिम

असंभव वीडियो को संभव बनाकर सोशल मीडिया पर धूम मचाने वाले लोग एआई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। एआई का मतलब एक ऐसी तकनीक है, जो कंप्यूटरों और मशीनों को मानवीय ढंग से सीखने, समझने, समस्या का समाधान करने, निर्णय लेने और रचनात्मकता व स्वायत्तता का अनुकरण करने में सक्षम बनाती है, बल्कि यह जानना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि धोखेबाज कैसे एआई का उपयोग भोले-भाले लोगों को लूटने के लिए कर सकते हैं। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को एआई आधारित ट्रेडिंग के झांसे में फंसाकर ठगी कर रहे थे। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी धोखाधड़ी करने के लिए दिग्गज उद्योगपतियों की फर्जी तस्वीरों और वीडियो का इस्तेमाल करते थे, ताकि लोगों को यह विश्वास हो जाए कि वे सही जगह अपना निवेश कर रहे हैं। गत वर्ष दिल्ली पुलिस को मिली शिकायत में दक्षिणी दिल्ली निवासी पीड़ित ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर वीडियो विज्ञापन में देखा कि एक दिग्गज उद्योगपति एआई आधारित ट्रेडिंग का प्रचार कर रहे थे। झांसे में आकर उसने मेल के माध्यम से मार्केटिंग प्रतिनिधि से संपर्क किया। इसके बाद एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप नंबर पर उसे एक वेबसाइट की लिंक भेजी। शिकायतकर्ता को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया और उसे विश्वास दिलाया गया कि बिटकॉइन खरीदकर बहुत सारा पैसा कमाया जा सकता है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने फर्जी प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई बार रुपयों के लेन-देन में 9.53 लाख रुपए का निवेश किया। पुलिस जांच में एक ऐसी फर्म का पता चला है, जो फर्जी कंपनियों के लिए मुखौटा निदेशकों और स्वामित्व का इस्तेमाल करती थी और इनके नाम पर बैंक खाते खोलने में मदद करती थी। नए तरह के साइबर अपराधों से जुड़े मामलों का यह तो बस एक उदाहरण है, जिसमें धोखेबाज फर्जी योजनाओं को संचालित करने के लिए एआई का उपयोग कर प्रमुख हस्तियों और उद्योगपतियों के नाम का दुरुपयोग करते हैं। धोखेबाज आकर्षक और भ्रामक तरीके से अपनी योजनाओं को पेश कर लोगों को फंसाते हैं। इसके लिए वॉइस क्लोनिंग और डीपफेक जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यह डिजिटल भारत का कमजोर पक्ष है, जहां अधिक से अधिक लोगों की डिजिटल दायरे में मौजूदगी है, लेकिन लोग भोले बने हुए हैं और अक्सर जल्द पैसा कमाने के चक्कर में आसानी से धोखा खा जाते हैं। ठगे जाने वाले लोगों ने 'एआई' शब्द सुना है, लेकिन धोखेबाज इस तकनीक का किन तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं, इनकी उन्हें कम जानकारी है। देश भर में डिजिटल वित्तीय लेन-देन अपनाने पर जोर दिया जा रहा है, कई लोग यूपीआई जैसी भुगतान प्रणालियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन आम तौर पर डिजिटल बचाव और सुरक्षा को लेकर अब भी जागरूकता की कमी है। यह समस्या किसी विशेष क्षेत्र या राज्य की नहीं है। यहां तक कि उच्च साक्षरता और शिक्षा वाले राज्यों में भी एआई से संबंधित धोखाधड़ियां होती रही हैं।

*ठगे जाने वाले लोगों ने 'एआई' शब्द सुना है, लेकिन धोखेबाज इस तकनीक का किन तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं, इनकी उन्हें कम जानकारी है।*

18 मार्च हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी के पहले 'मंगला जुलूस' पर विशेष

# 'मंगला जुलूस' से प्रारंभ होती है हजारीबाग की रामनवमी





**स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर**
हजारीबाग रामनवमी के शुरुआतकर्ता (1918)

होली पर्व के समापन के साथ ही हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के 'मंगल जुलूस' की तैयारी शुरु हो जाती है। 18 मार्च को बड़े ही धूमधाम के साथ विभिन्न रामनवमी समितियों द्वारा पहला मंगल जुलूस हजारीबाग में निकाल जाएगा। स्थानीय लोग मंगला जुलूस को मिनी रामनवमी के नाम से भी संबोधित कर गर्व का अनुभव करते हैं। वहीं दूसरी और रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने हेतु महासमिति के गठन हेतु कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस का इतिहास जितना गौरवशाली है। एक शोध के अनुसार मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरुआत 1955 के आसपास हुई थी। मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरुआत रामनवमी जुलूस निकलने के लगभग सैंतीस वर्षों बाद ही शुरुआत हो पाई थी। यह बात प्रचलित है कि मंगला जुलूस वृहद रामनवमी जुलूस की पूर्व तैयारी की भूमिका होती है। रामनवमी जुलूस का विस्तार जैसे-जैसे बढ़ता गया। उसी तरह इसकी लोकप्रियता भी बढ़ती गई। बृहद रामनवमी जुलूस के अवसर पर बेहतर ढंग से शस्त्र प्रदर्शन हो, इस निमित्त हर मंगलवार को जुलूस निकालने की परंपरा शुरू हुई थी।

हजारीबाग में रामनवमी की शुरुआत की कहानी बड़ी ही दिलचस्प है। हजारीबाग जेपीएम मार्ग निवासी, स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने 1918, में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन (चैत्र नवमी) पर अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर पहला महावीरी झंडा का जुलूस निकाला था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने हाथ में महावीरी झंडा लेकर बाजे गाजे के साथ नगर के विभिन्न मंदिरों का परिक्रमा कर जुलूस का समापन किया था। इस जुलूस में शामिल उनके मित्रों ने बढ़ चढ़कर उन्हें सहयोग किया था। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि यह जुलूस आने वाले समय में हजारीबाग की रामनवमी जुलूस के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। जिसमें हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। गुरु सहाय ठाकुर ने रामनवमी का पहला जुलूस भगवान राम चंद्र जी के जन्मदिन चैत्र नवमी को निकाला था। इस संबंध में स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर के नाती सेवा निवृत्त शिक्षक कृष्णा राम ठाकुर ने बताया कि गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही भगवान राम के अनन्य भक्त रहे थे। वे समाज में जात - पात, व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को दूर करना चाहते थे। वे बाल काल से ही सामाजिक नव जागरण में सक्रिय थे। एक रात गुरु सहाय ठाकुर ने स्वप्न देखा कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर महावीरी झंडा लेकर नगर का भ्रमण करते हुए विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की। उन्होंने सुबह इस स्वप्न का जिक्र अपने परिवार सहित कुछ मित्रों से किया। तब लोगों ने उन्हें सलाह दिया था कि भगवान राम आपके माध्यम से महावीरी झंडा निकलवाना चाहते हैं।

यह सुनकर गुरु सहाय ठाकुर ने संकल्प ले लिया था कि इस बार चैत्र रामनवमी के दिन महावीरी झंडा जरूर निकालूंगा। 1918 में उन्होंने कुछ मित्रों के साथ पहला महावीर झंडा निकाला था। 1918 में शुरू हुआ यह पहला महावीरी झंडा धीरे धीरे कर रामनवमी जुलूस में परिवर्तित होता चला गया था। चैत्र रामनवमी के दिन गुरु सहाय ठाकुर द्वारा निकाले गए जुलूस को जन-जन तक पहुंचाने में हजारीबाग नगर के हीरा लाल महाजन, टीभर गोप, कर्मवीर, कन्हैया गोप, घनश्याम कहार, पांचू गोप, महावीर मिस्त्री मूर्तिकार, गजाधर महाजन, कस्तूरी मल अग्रवाल जैसे सैकड़ों जन ने महती भूमिका निभाई थी। बाद के कालखंड में जब मंगला जुलूस हजारीबाग में निकलना प्रारंभ हुआ था, तब उपरोक्त हिंदू धर्मानुरागियों ने बढ़ चढ़कर अपनी मां की भूमिका अदा की थी। हजारीबाग नगर में स्थापित राधा कृष्ण मंदिर, जिस मंदिर में पूजा अर्चना 1901 से प्रारंभ हो गई थी। इसी वर्ष यह मंदिर एक दान पत्र के माध्यम से सार्वजनिक पूजा के लिए समर्पित कर दिया गया था। इस मंदिर में बनारस के कारीगरों द्वारा बनाया गया एक विशाल महावीरी झंडा लाया गया था। इस झंडा में भगवान राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर भक्त हनुमान की आकृति उकेरी हुई थी। जो काफी आकर्षक था। गुरु सहाय ठाकुर ने पंच मंदिर के महावीरी झंडा को देखकर इच्छा व्यक्त की थी कि रामनवमी के जुलूस में इस के महावीरी झंडा को शामिल करने की इजाजत दी जाए। लेकिन तत्कालीन राधा कृष्ण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। इससे वे मायूस नहीं हुए थे। बल्कि 1918 में उन्होंने अपने पांच मित्रों के साथ एकल महावीरी झंडा लेकर चैत्र रामनवमी के दिन पहली बार जुलूस निकाले थे। आगे चलकर एकल रामनवमी झंडा जुलूस की सूरत बदलती चली गई थी। अब सैकड़ों की संख्या में इस जुलूस में महावीरी झंडे शामिल होने लगे थे। बाद के कालखंड में रामनवमी जुलूस की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर राधा कृष्ण मंदिर का महावीरी झंडा रामनवमी के जुलूस में शामिल किया जिसने लगा था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर रामनवमी जुलूस के माध्यम से हिंदू समाज में जागृति लाना चाहते थे। वे हिंदुओं में एक संगठन पैदा करना चाहते थे। यह भी जानकारी मिली कि ब्रिटिश शासन काल में ईसाई धर्म प्रचार के क्रम में हजारीबाग सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कई हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर इस महावीरी झंडा जुलूस के माध्यम से हिंदुओं के भीतर भगवान राम की भक्ति का अलख जगाना चाहते थे। हिंदू धर्मावलंबियों के अन्य धर्म में परिवर्तित होने के बाद उन्हें कतई पसंद नहीं थी। इस महावीरी जुलूस के माध्यम से गुरू सहाय ठाकुर धर्म परिवर्तन को रोकना चाहते थे। इसलिए उन्होंने हर हिंदू के घर में राम चरित मानस रखने की बात भी बताई थी। वे समाज में व्याप्त जात पात, कुरीति, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को जड़ से मिटा देना चाहते थे। इस कालखंड में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर हिंदू घरों मे शराब का सेवन हुआ करता था। उन्होंने महावीर झंडे के माध्यम से घर-घर में होने वाले शराब के सेवन को बंद कराने का भी आह्वान किया था। फलतः समाज पर इसका बहुत ही व्यापक असर हुआ था। देश की आजादी के बाद जब पहला महावीर झंडा निकाला गया था, तब इसकी सूरत ही बदली हुई नजर आई थी। देश की आजादी के बाद जुलूस के स्वरूप में क्रमवार विस्तार ही होता चला गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की **बात**



**विजय केसरी**
कथाकार / स्तंभकार

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश

अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोडे. अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए। निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**ललित गर्ग**

# आधुनिक परिवेश में समाजकार्य दिखावा बनकर ना रह जाए

(विश्व समाजकार्य दिवस विशेष 18 मार्च 2025)

दुनियाभर के महान समाज सुधारकों का नाम मन में आते ही, हम उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा से भर जाते हैं, क्योंकि उन्होंने लोककल्याण हेतु अपार पीड़ा व कष्ट सहकर और कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए संघर्षपूर्ण जीवन जिया है, उन्होंने खुद की परवाह न करके लोगों के अधिकार, मानवता, समानता, एकता, समाज उत्थान के लिए वे जीवन के अंत तक प्रयासरत रहे, लोगों की समस्या और उनके दर्द को उन्होंने महसूस किया, उस दर्द को जिया हैं। ऊंच-नीच, जाति-भेद, लिंग-भेद, वर्णव्यवस्था, अन्या, सामाजिक कुप्रथा जैसे अनेक बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया। आज प्रत्येक व्यक्ति को हर प्रकार के जो अधिकार मिले है, यह उन समाजसुधारकों के मेहनत का फल हैं। जानवरों से भी बदतर हालात से गुजरने के बाद मानव ने यह स्थिति पायी हैं। अनादिकाल से भारत देश में सती प्रथा, देवदासी प्रथा, डायन शिकार की प्रथा, बाल विवाह व बहुपत्नी विवाह प्रथा, महिला जननांग विकृति प्रथा, छुआछूत, स्त्री भ्रूण हत्या जैसे भयावह प्रथाएं मौजूद सामान्य सामाजिक बुराइयां थीं। दहेज लड़कियों के माता-पिता के लिए चिंता का एक और प्रमुख कारण था, जिससे कन्या शिशु की हत्या का कारण भी बढ़ गया। स्त्री को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, पितृसत्तात्मक व्यवस्था का वर्चस्व था। निम्न जाति वर्ग और महिलाओं को पशुओं से भी तुच्छ माना जाता था। सदियों से चलते आ रहे ऐसे कुप्रथाओं के जुल्मों सितम को महान समाज सुधारकों ने रोका। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने देश में स्त्री शिक्षा की लौ प्रज्वलित की। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने कर्मचारियों और महिलाओं को अधिकार, वंचितों को समानता का स्थान दिलवाया। पंडिता रमाबाई ने बाल विवाह रोकने और महिलाओं व विधवाओं के शिक्षा को मजबूत बनाया। राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, भूदान प्रणेता विनोबा भावे, पेरियार ई. वी. रामासामी, कबीर, रविदास, ताराबाई शिंदे, रमाबाई रानाडे, फातिमा शेख, स्वर्णकुमारी देवी, सिस्टर निवेदिता, कादम्बिनी गांगुली, धोंडो केशव कर्वे, मदर टेरेसा, बाबा आमटे, सिंधुताई सपकाल से लेकर वर्तमान के मेधा पाटकर, सुपर 30 के आनंद कुमार, कैलाश सत्यार्थी, इरोम शर्मिला, सोनम वांगचुक जैसे अनेक का नाम समाजकार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, संत गाडगे बाबा जैसे अनेक संतों ने भी देश के सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया हैं। आज भी देश में कुछ गुमनाम समाजकार्यकर्ता अपने काम से मानवता और समाज को विकसित करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर चुके हैं। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो खुद से पहले औरों का विचार करें, निस्वार्थ भाव से लोगों के लिए जियें और खुद के प्रसिद्धि के लिए कभी ढिंढोरा नहीं पिटे, वही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता कहलाते हैं।

हर साल मार्च माह के तीसरे मंगलवार को "विश्व समाजकार्य दिवस" दुनियाभर में मनाया जाता हैं। इस साल विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2025 की थीम है "स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना"। यह थीम पीढ़ियों के बीच एक-दूसरे की देखभाल करने और सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। समाजकार्य जीवन में सद्भाव, समानता और मानव विकास कल्याण पर केंद्रित हैं। मनुष्य होने के नाते, समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परोपकार की भावना होनी चाहिए। महान लोग अक्सर कहते थे कि निस्वार्थ भाव से समाजकार्य या लोगों की मदद करो, तो किसी को पता न चले, इस तरह करें, ताकि सेवा लेनेवाले को भी शर्मिंदगी या हिचक न महसूस हो और हम में भी अहंकार का निर्माण न हों। अच्छा कर्म करके भूल जाओ, हर धर्म और महापुरुषों ने भी यही सिख दी है, यहीं हमारे संस्कार भी होने चाहिए। अगर हम सक्षम है, चाहे तन, मन, धन या ज्ञान से हो, तो अवश्य हमें असहायों की अपनी क्षमता अनुरूप बिना किसी अपेक्षा के मदद करनी चाहिए। अच्छे कामों को हमेशा सराहना मिलनी चाहिए, ताकि अन्यों को भी प्रेरणा मिलें, लेकिन दिखावा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। अतिसामान्य वयोवृद्ध गरीब ग्रामीण मजदूर माउंटेनमैन दशरथ मांझी ने अकेले 22 साल के अथक संघर्ष से पहाड़ काटकर लोगों के लिए मार्ग बनाया और इतिहास रच दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हर चुनाव इक प्रश्न है, उत्तर स्वयं चुनाव।
जन को ही खुद खींचनी, पड़ती अपनी नाव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# त्रिवेणी संगम की धारा केवल महाकुंभ में नहीं जीवन के महाकुंभ में भी है इसकी मौजूदगी

प्रयागराज के महाकुंभ मेले का समापन हो गया है। समापन के बाद भी विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की चर्चा पूरे विश्व में है। यह चर्चा काफी व्यापक है और महाकुंभ से कहीं अधिक चर्चा इसमें जुटे जनसैलाब को लेकर है। इस चर्चा में राजनेताओं के वे बयान भी सामने हैं जिसके अंतर्गत महाकुंभ के अस्तित्व का भरपूर छिछालेदर किया गया। ऐसा तब नजर आया जबकि महाकुंभ महज एक मेला भर न होकर खुद में सनातन आस्था, भारतीय संस्कृति और अक्षुण्ण परंपरा का साक्षात संगम रहा है। यह सही है कि किसी भी मेले का प्रत्यक्ष संबंध अर्थव्यवस्था की आर्थिक उन्नति में सन्निहित होता है और महाकुंभ इसका अपवाद भी नहीं है। इस संदर्भ में देखें तो महाकुंभ के मामले में न केवल योगी जी के उत्तर प्रदेश ने बाजी मार ली है बल्कि इस आयोजन को "मृत्युकुंभ" कहने वाली ममता बनर्जी का बंगाल भी संगम के आर्थिक घाट में डुबकी लगाने से पीछे नहीं रहा। इतना ही नहीं, कुंभ की आलोचना करने वाले राजनैतिक पार्टियों से संबंधित राज्य भी महाकुंभ के इस घाट में डुबकी लगाकर आज मस्त हैं। इन राज्यों के आर्थिक लाभ के आंकड़े अभी नहीं आए हैं। इसके बावजूद सरसरी तौर पर देखें तो तमाम राज्यों के वाहन महाकुंभ में देखे गए और इस दौरान परिवहन क्षेत्र से संबंधित तमाम लोगों के आर्थिक लाभ पर किसी को कोई संशय नहीं है। बताते चलें कि तमाम राजनेताओं और राजनैतिक दलों को आखिरकार राजनीति करनी है तो उत्तर प्रदेश को मिल रहे इस क्रेडिट के बीच यहाँ कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। इन विवादों में से फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर बनने की असफल कोशिश, मॉडल हर्षा रिछारिया की नौटंकी और मोनालिसा भोंसले की खूबसूरत आंखों के बीच आईआईटीयन बाबा के तड़के ने भी खुब सुर्खियां बटोरी। इसी तरह विश्व के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन के बीच में से समाचार यह भी आया कि आगरा के एक कारोबारी संदीप सिंह धाकरे ने नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली अपनी तेरह वर्षीया होनहार बेटी राखी को जूना अखाड़े में दान कर दिया है। संगम की अविरल व मोक्षदायिनी धारा के बीच जब समावेशी आर्थिक समागम की चर्चा हो रही है तब चर्चा यह भी है कि इस साल "हर तीरथ बार बार गंगासागर एक बार" या "हरिहर क्षेत्र के मेले" का आकर्षण भी एक तरह से कुंद होकर रह गया। अभी पिछले साल तक का ही उदाहरण ले लें तो प.बंगाल के गंगासागर में डुबकी लगाने या बिहार के हरिहर क्षेत्र में लगने वाले सोनपुर मेले के आकर्षण की तुलना कुंभ से की जाती थी। डुबकी लगाने के इन क्रियाकलापों का संबंध देश की सनातन आस्था, तत्संबंधी संस्कृति और अक्षुण्ण परंपरा से जुड़ा हुआ विषय रहा है। इसी तरह, सनातन परंपरा के इन धरोहरों के बीच आपस में न कोई विवाद है और न कोई प्रतियोगिता ही है। इसके बावजूद महाकुंभ में जुट रहे जनसैलाब की चर्चा कहीं अधिक है क्योंकि यह त्रिवेणी की धारा है, सनातन संस्कृति है और योगी आदित्यनाथ जी की आक्रामकता प्रचार शैली का संगम भी है। "हरि अनंत, हरि कथा अनंता" की तर्ज पर इस आयोजन को देखें तो इसके प्रभाव को आज अतलनीय माना जा रहा है। इस बार संगम के स्नान प्रयागराज के त्रिवेणी घाट पर संपन्न हुए। त्रिवेणी का प्रभाव देखिए, इसने तमाम आलोचनाओं के बावजूद न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि झारखंड, बंगाल, कर्नाटक, तामिलनाडु, केरल जैसे प्रदेशों की अर्थव्यवस्था तक को समृद्ध गति देने का कारनामा कर दिखाया। इसी तरह लगे हाथ फिल्म अभिनेत्री और मॉडल से लेकर माला बेचने वाली किसी गुमनाम सी सुनयना को भी आध्यात्म की राह दिखा दी। दूसरी ओर, इस त्रिवेणी का प्रभाव केवल आध्यात्म में सिमटा हुआ नहीं रहा क्योंकि इसने हमारे भूगोल और भौगोलिकता के साथ हमारे खगोलीय ज्ञान की विरासत तक का डंका पूरे विश्व में बजाकर रख दिया। जी हाँ, यह महाकुंभ ही था जिसने किसी "नासा" से कोई अपेक्षा रखे बगैर यह बखूबी जता दिया कि महाकुंभ में एक ओर सूर्य था तो दूसरी ओर बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून जैसे तमाम ग्रह कतारबद्ध भाव से खड़े थे। इसी तरह भूगोल के प्रति सनातन संस्कृति के समर्पण की बातें भी सिद्ध होती नजर आई क्योंकि अक्षांतर व देशांतर रेखाओं को रेखांकित करते ही हमारे सामने उज्जैन, हरिद्वार, नासिक व प्रयागराज की एक अद्भुत तस्वीर सामने आती चली गई। इन चारों तीर्थस्थलों पर कुंभ के आयोजन होते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**केदारनाथ दास**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना

● **धरने में विपक्षी दलों के नेताओं और सांसदों ने भाग लेकर समर्थन देने का भरोसा दिलाया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने सोमवार को जंतर-मंतर पर कहा कि केन्द्र की मौजूदा सरकार संसद में गैर कानूनी वक्फ संशोधन विधेयक को संख्या बल के सहारे पास कराने के लिए अड़ी हुई है। हमारी यह लड़ाई बहुसंख्यक हिंदुओं से नहीं, बल्कि सरकार से है जो हठधर्मी करके इस विधेयक को जबर्दस्ती थोपना चाहतीं है। संसद में पेश वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह वक्फ की लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के इस धरने में सभी विपक्षी दलों के नेताओं, सांसदों ने भाग लेकर अपने समर्थन का भरोसा दिलाया है। धरने को एआईएमआईएम नेता व सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सांसद पप्पू यादव, मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी, इमरान मसूद, जावेद खान, अवधेश यादव, नासिर हुसैन, डॉ फौज़िया, केटी बशीर, सय्यद सआदतउल्लाह हुसैनी अध्यक्ष जमाआत ए इस्लामी हिंद, मौलाना असगर अली इमाम सल्फी मेहदी अध्यक्ष ऑल इंडिया जमीअत अहले हदीस, पूर्व विदेश मंत्री व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद आदि ने संबोधित किया।






## इस मौके पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा

कि उन्होंने संसद और जेपीसी में वक्फ की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक गैर कानूनी है और इसे किसी भी सूरत में पास नहीं होना चाहिए। उन्होंने इस विधेयक का विरोध करने वाले सभी विपक्षी दलों के सांसदों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सभी को साथ लेकर इस विधेयक का संसद में विरोध करेंगे। जमीअत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भी इस विधेयक का विरोध करते हुए कहा है कि खुशी की बात यह है कि इस बिल का विरोध करने के लिए बड़ी तादाद में दूसरे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी हमारे साथ आ रहे हैं और वह हमें भरोसा दिला रहे हैं की आखिरी दम तक मिलकर विरोध करेंगे।

## देश को गुमराह करने के लिए किया जा रहा वक्फ बिल का विरोध : जगदम्बिका पाल




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर देश में बड़ा विवाद खड़ा हो रहा है। इस बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बताया कि जेपीसी में बिल पर गहन विचार-विमर्श किया गया है। विपक्षी दलों और मुस्लिम संगठनों द्वारा इस बिल का विरोध शुरू करने पर जगदम्बिका पाल ने कहा कि ऐसा सिर्फ लोगों को गुमराह करने, देश में तुष्टिकरण करने और सियासी तकरार के कारण किया जा रहा है। इस मुद्दे पर जगदम्बिका पाल ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से विशेष बातचीत की, जिसमें उन्होंने समिति की प्रक्रिया और बिल की जरूरत पर प्रकाश डाला।

जगदम्बिका पाल ने कहा कि जेपीसी द्वारा वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के लिए कई महत्वपूर्ण हितधारकों को बुलाया गया, जिनमें ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य प्रमुख संगठन शामिल थे। समिति ने विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों, जिनमें असदुद्दीन ओवैसी, कल्याण बनर्जी, ए. राजा आदि भी शामिल थे, के विचारों को सुना और रिकॉर्ड भी किया। समिति ने छह महीने के दौरान कुल 118 घंटों तक 38 बैठकें की। जगदम्बिका पाल ने कहा कि समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, इस बिल का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वर्तमान में, इन संपत्तियों का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था, जिससे गरीब, पसमांदा, अनाथ, विधवाएं और जरूरतमंद लोग लाभान्वित नहीं हो रहे हैं।

---

### बिल गेट्स ने की शिवराज सिंह से मुलाकात, केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा

# वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है भारत

[ कृषि एवं ग्रामीण विकास के विषयों पर हुई चर्चा ]



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और गेट्स फाउंडेशन के बिल गेट्स के बीच सोमवार को कृषि भवन में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कृषि एवं ग्रामीण विकास के विभिन्न विषयों को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि हमने कृषि, खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण, तकनीकी नवाचार और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। गेट्स फाउंडेशन के सहयोग व प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि भारत व गेट्स फाउंडेशन के बीच साझेदारी को और गहरा करने की असीम संभावनाएं हैं, विशेषकर डिजिटल कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोटेक्नोलॉजी एवं जलवायु अनुकूलित कृषि तकनीकों के क्षेत्र में।

बिल गेट्स ने कहा कि भारत में हो रहा कृषि अनुसंधान श्रेष्ठ है, जिससे बाकी दुनिया को भी फायदा हो सकता है। चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बिल गेट्स से कहा कि भारत, 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर चलते हुए वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भारत 'सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः' और 'परहित सरिस धरम नहिं भाई' के विचार में विश्वास करता है। उन्होंने आशा जताई कि हम गेट्स फाउंडेशन व अन्य वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर विश्व के तमाम देशों में, खासकर गरीब और पिछड़े क्षेत्रों की मदद करने के लिए नवाचार, तकनीक तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर भूखरहित, सशक्त और आत्मनिर्भर विश्व के निर्माण में योगदान देंगे। बैठक में बिल गेट्स ने भारत में हो रहे कृषि अनुसंधान की सराहना करते हुए कहा कि इससे पूरी दुनिया को बहुत फायदा हो सकता है, जिस पर शिवराज सिंह ने कहा कि हमारी बेस्ट प्रेक्टिसेस दुनिया के साथ साझा करने में हमें बहुत खुशी होगी। चौहान ने कहा कि गेट्स फाउंडेशन ने कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ साझेदारी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, विशेष रूप से जी-20 के दौरान तथा डिजिटल एग्रीकल्चर एवं एग्रीकल्चर क्रेडिट में तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध कराकर, जिसके लिए आभार जताया, साथ ही कहा कि गेट्स फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य, कृषि, पोषण व गरीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। ये लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बना रहे हैं, हमारी परंपरा ऐसे महानुभावों का सम्मान करना सिखाती है।

## राम मंदिर ट्रस्ट ने पिछले पांच वर्षों में 400 करोड़ रुपए का कर चुकाया

**एजेंसी। अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने रविवार को कहा कि ट्रस्ट ने धार्मिक पर्यटन में उछाल के बीच पिछले पांच वर्षों में सरकार को लगभग 400 करोड़ रुपये का कर चुकाया है। उन्होंने कहा कि यह राशि पांच फरवरी, 2020 से पांच फरवरी, 2025 के बीच चुकाई गई। उन्होंने कहा कि इसमें से 270 करोड़ रुपये माल और सेवा कर (जीएसटी) के रूप में भुगतान किए गए, जबकि शेष 130 करोड़ रुपये अन्य विभिन्न कर श्रेणियों के तहत भुगतान किए गए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में 10 गुना वृद्धि हुई है, जिससे यह एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र बन गया है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान 1.26 करोड़ श्रद्धालु अयोध्या आए थे। राय ने कहा कि ट्रस्ट के वित्तीय रिकार्ड का नियमित रूप से नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के अधिकारियों द्वारा ऑडिट किया जाता है।



### राम मंदिर को अब नहीं मिलेगा नया मुख्य पुजारी

अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन हो चुका है। इनके निधन के कई दिनों के बाद अयोध्या में अब कई मुख्य पुजारी नहीं होगा। ये जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र सचिव चंपत राय ने दी है। चंपत राय ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन के बाद नए मुख्य पुजारी की नियुक्ति पर पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।राय ने कहा कि अब कोई मुख्य पुजारी नहीं होगा क्योंकि दास की उम्र और सम्मान का कोई व्यक्ति नहीं है, उन्होंने कहा कि कोई भी उनके जितना विद्वान नहीं है।

## इलाहाबाद का नाम प्रयागराज करना ऐतिहासिक कदम : आप सांसद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद ने सोमवार को राज्यसभा में 'इलाहाबाद' नाम पर अपना एतराज जताया है। पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट और इलाहाबाद विश्वविद्यालय का नाम बदले जाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि शहर का नाम तो प्रयागराज हो गया है लेकिन कोर्ट और विश्वविद्यालय के नाम में अभी भी इलाहाबाद है। राज्यसभा में बोलते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ, इंडियन पीनल कोड को भारतीय न्याय संहिता और इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज करने को एक ऐतिहासिक कदम बताया। गौरतलब है कि ये परिवर्तन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यहां उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि शहर का नाम तो प्रयागराज हो गया लेकिन वहां हाईकोर्ट का नाम अभी भी इलाहाबाद हाईकोर्ट है।

## 05 वक्फ बोर्ड की संपत्ति मुस्लिमों के पूर्वजों की जायदाद : अख्तरुल ईमान

**पटना(आईएएनएस)।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर देश में बयानबाजियों का दौर जारी है। बिल के विरोध में कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों ने विरोध प्रदर्शन भी शुरू कर दिया है। इस बीच, बिहार में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा कि वक्फ बोर्ड की जायदाद मुस्लिम अल्पसंख्यकों के पूर्वजों की जायदाद है। उन्होंने आगे कहा कि यह जायदाद गरीबों की, अनाथों की, विधवाओं और आमजनों की सेवा के लिए लगाई जाती है और इसका प्रोटेक्शन करना हुकूमत की जिम्मेदारी है। लेकिन कहीं न कहीं से उन मुस्लिमों को आज उनके पूर्वजों की संपत्ति से भी वंचित रखा जा रहा है जिनकी मस्जिदों को तोड़ा गया, जिनकी दाढ़ियां नोची गई, जिनकी टोपियां उछाली गई। उन्होंने कहा कि आज उन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है, सरकारी ठेके नहीं मिल रहे हैं। कारोबार का मौका नहीं मिल रहा है। उनके पूर्वजों की संपत्ति पर भी डाका डाला जा रहा है। अगर यह काला कानून पास हो गया तो देश में सिविल वार पैदा हो जाएगा और सरकार ऐसी स्थिति पैदा करना चाहती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-1-4-6

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। शुभांक-4-7-9

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताज़गी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभांक-6-9-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

## 'मेड इन बिहार' लोकोमोटिव का निर्यात होगा : वैष्णव

**एजेंसी। पटना**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में घोषणा की कि बिहार के मढौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले लोकोमोटिव का बहुत जल्द निर्यात शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''निकट भविष्य में, बिहार में जिस फैक्टरी की लालू प्रसाद जी (तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद) ने सिर्फ घोषणा की थी, काम नहीं किया...2014 से उस फैक्टरी पर काम चालू किया गया।बिहार में सारण के मढौरा में, इस फैक्टरी में बने करीब 100 लोकोमोटिव का बहुत जल्द निर्यात शुरू होने वाला है।' इस घोषणा का सदस्यों ने मेजें थपथपा कर स्वागत किया। लालू प्रसाद 2004 से 2009 तक कांग्रेस नीत संप्रग सरकार में रेल मंत्री थे। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि भारत अब ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच का निर्यात कर रहा है।

## महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताने वालीं ममता पहुंची फुरफुरा शरीफ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ममता बनर्जी की इफ्तार पार्टी से सियासी बवाल मच गया है। दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हुगली के फुरफुरा शरीफ में इफ्तार में शामिल हुईं। बीजेपी ने इसी को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। बीजेपी का कहना है कि ममता बनर्जी ने कुंभ को मृत्युकुंभ कहा था। अब इस्लामिक त्यौहार मना रही है। सुंकाता मजूमदार ने कहा कि ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि तोहा सिद्दीकी (एक मुस्लिम मौलवी) पिछले कुछ समय से ममता बनर्जी के लिए काम कर रहे हैं और मुस्लिम वोटों को एकजुट करने में मदद करते हैं। तोहा सिद्दीकी को बदले में बहुत कुछ मिला और हम इस बारे में विस्तार से नहीं बता रहे हैं... यह कोई नई बात नहीं है और ममता बनर्जी चुनावों के दौरान इन सांप्रदायिक शक्तियों का इस्तेमाल करती हैं।

● **फुरफुरा शरीफ का महत्व**

बंगाली मुसलमानों के लिए एक पूजनीय स्थल फुरफुरा शरीफ राज्य में महत्वपूर्ण धार्मिक और राजनीतिक महत्व रखता है। पीर साहब मोहम्मद अबू बकर सिद्दीकी के परपोते नवसाद सिद्दीकी, जिनकी मजार फुरफुरा शरीफ में स्थित है, एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वर्तमान में, वे बंगाल विधानसभा में एकमात्र गैर-टीएमसी, गैर-भाजपा विधायक हैं, जो वामपंथियों और कांग्रेस के समर्थन से भांगर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

● **अल्पसंख्यक वोट बैंक और ममता की राजनीतिक रणनीति**

बंगाल के मतदाताओं में मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यकों की संख्या करीब एक तिहाई है और 2009 के लोकसभा चुनावों के बाद से वे लगातार ममता बनर्जी का समर्थन करते रहे हैं। भाजपा के मुख्य विपक्ष के रूप में उभरने के साथ ही अल्पसंख्यकों का समर्थन बनाए रखने के उनके प्रयास महत्वपूर्ण हो गए हैं, खासकर 294 विधानसभा सीटों में से 120 पर, जहां उनका निर्णायक प्रभाव है।

# डबल इंजन की सरकार ने सहारनपुर को दी नई पहचान : सीएम योगी

### सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल

**एजेंसी। सहारनपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहारनपुर के वुड कार्विंग को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के माध्यम से वैश्विक मान्यता मिल रही है। आज दुनिया में करीब एक हजार करोड़ की कीमत के वुड कार्विंग प्रोडेक्ट का एक्सपोर्ट हो रहा है। सहारनपुर का वुड कार्विंग दुनिया के मार्केट में पहुंच रहा है। सहारनपुर को दिल्ली और लखनऊ से जोड़ने के लिए कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जल्द ही सहारनपुर से दिल्ली का रास्ता मात्र पौने दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत 365 उद्यमियों को ऋण वितरण में कही। उन्होंने कहा कि यहां पर मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निर्माण अंतिम दौर में है जबकि 10 साल पहले यहां विश्वविद्यालय का निर्माण एक कल्पना थी। वहीं मां शाकुम्भरी धाम का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। ऐसे में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। सहारनपुर में एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलती है। उस ऊर्जा के साथ जब डबल इंजन की सरकार जुड़ती है तो सहारनपुर को एक नई पहचान प्राप्त होती है। मुझे यहां के ऊर्जावान उद्यमी, युवाओं और अन्नदाता किसानों से बहुत कुछ जानने और सीखने का अवसर प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कई उद्यमियों को ऋण का चेक, ओडीओपी के तहत वुड कार्विंग प्रोडक्ट बनाने के टूल्स और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा उद्यमियों के लगाए गए ओडीओपी प्रोडेक्ट की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्टॉलों पर जाकर प्रोडेक्ट की जानकारी हासिल की।

● **सरकार इसलिए नहीं बनाई जाती कि वह भाई भतीजा वाद करके लूट करे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई सरकार इसलिए नहीं बनायी जाती है कि वह भाई भतीजावाद करके लूट खसोट करे बल्कि इसलिए बनायी जाती है कि वह आपकी पहचान और उद्यमिता का सम्मान करने के साथ उसे आगे बढ़ाए। पूरे प्रदेश में होली की खुशियां उत्साह और उमंग के साथ मनायी गयी। वहीं सरकार ने यूपी पुलिस के 60,244 आरक्षी पदों का झटके में रिजल्ट निकाल करके युवाओं के सपनों को उड़ान दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 से 2017 के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में केवल 10,000 महिलाएं ही कार्य करतीं थीं जबकि हमने एक ही भर्ती में 12,000 से अधिक बेटियों को भर्ती किया है। इससे पहले भी 1,56,000 भर्ती की गई थी।

## दिल्ली-एनसीआर में पकड़े गए अवैध रूप से रह रहे सात बांग्लादेशी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से सात अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया है। इनमें एक नाबालिग लड़की भी शामिल है। ये लोग वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। पुलिस ने इन्हें पकड़ने के लिए कई जगहों पर छापेमारी की और अब इन्हें निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

पूर्वी जिला पुलिस ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए स्पेशल स्टाफ और एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड की दो टीमें बनाई गईं। इन टीमों ने इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक और इंस्पेक्टर अरुण कुमार के नेतृत्व में काम किया। एडिशनल डीसीपी निथ्या राधा कृष्ण के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन चलाया गया।

16 मार्च को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दिलावर खान नाम के शख्स को कृष्णा नगर से पकड़ा। पहले उसने खुद को पश्चिम बंगाल का निवासी बताया, लेकिन पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेश के खुलना जिले का रहने वाला है।

## ड्रेपर ने इंडियन वेल्स में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता

**इंडियन वेल्स (आईएएनएस)**



जैक ड्रेपर ने इंडियन वेल्स ओपन में अपने करियर के सबसे बड़े फाइनल में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी ने शिखर मुकाबले में होल्गर रूण के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। ड्रेपर और रूण 2021 के बाद से इंडियन वेल्स में मास्टर्स फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले गैर शीर्ष 10 खिलाड़ी हैं। "यह अविश्वसनीय है। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। मैंने समय के साथ बहुत मेहनत की है और मैं यहां खेलने के लिए बहुत आभारी और खुश हूं, मेरा शरीर स्वस्थ है, मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। ड्रेपर ने अपनी एक घंटे, नौ मिनट की जीत के कुछ क्षण बाद कहा, "पिछले कुछ वर्षों में मैंने जो भी काम किया है, वह बड़े मंच पर एक साथ आ रहा है और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। इन्फोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, ड्रेपर ने शुरुआती सेट में सर्विस पर केवल चार अंक गंवाए और 5-0 की बढ़त के लिए ब्रेक का मौका रखा।

## एंड्रीवा ने सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स का महिला एकल खिताब जीता

**इंडियन वेल्स (आईएएनएस)।** मीरा एंड्रीवा ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। 17 वर्षीय रूसी खिलाड़ी 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद सबसे कम उम्र की इंडियन वेल्स ओपन चैंपियन बन गई हैं, और 1998 में मार्टिना हिंगिस और सेरेना के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। एंड्रीवा ने पिछले महीने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लगातार 12वां मैच जीता। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा 2009 में प्रारूप की शुरुआत के बाद से लगातार 12 डब्ल्यूटीए 1000 जीत दर्ज करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।



### स्विस ओपन 2025

# पीवी सिंधु, सेन की नजरें बासेल में शीर्ष फॉर्म पर

**बासेल (आईएएनएस)**

पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार को बासेल में शुरू हो रहे 250,000 डॉलर इनामी स्विस ओपन में शीर्ष फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट में सभी श्रेणियों में मजबूत भारतीय उपस्थिति होगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2022 स्विस ओपन चैंपियन सिंधु को सातवीं वरीयता दी गई है और वह पहले दौर में साथी भारतीय मालविका बंसोड़ से भिड़ेंगी। सिंधु को पिछले हफ्ते हैमस्ट्रिंग की चोट से वापसी के बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पहले दौर में बाहर होना पड़ा था, जबकि मालविका ने सिंगापुर की यो जिया मिन पर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत दर्ज की। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में एचएस प्रणय से होगा। 2016 स्विस ओपन जीतने वाले प्रणय चिकनगुनिया से वापसी के बाद से ही फॉर्म से जूझ रहे हैं और उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा। दूसरी ओर, लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और हाल ही में जोनाथन क्रिस्टी को हराया। स्विस ओपन भारत के लिए एक सफल टूर्नामेंट रहा है, जिसमें सिंधु, प्रणय, के श्रीकांत, समीर वर्मा, साइना नेहवाल और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी सहित पिछले चैंपियन शामिल हैं।



2016 स्विस ओपन जीतने वाले प्रणय चिकनगुनिया से वापसी के बाद से ही फॉर्म से जूझ रहे हैं और उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा

## हम एलएसजी में ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें : ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत से पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनका प्रयास टीम में ऐसा माहौल बनाना है, जहां आने वाले लोग अपनी बात खुलकर कह सकें। एलएसजी आईपीएल 2025 सीजन का अपना पहला मैच 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है, जिसकी कप्तानी पहले पंत कर चुके हैं। "हम ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें। यह एक बहुत ही सरल विचार है। इसे कहना आसान है, करना नहीं, क्योंकि इसके लिए हर व्यक्ति को बहुत प्रयास करना पड़ता है। पंत ने सोमवार को फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपने एलएसजी साथियों से कहा, "यह सिर्फ़ प्रबंधन की बात नहीं है; मुझे लगता है कि खिलाड़ियों की वजह से ही हम ऐसा माहौल बना पाते हैं। क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने हमेशा यही महसूस किया है कि अगर आप अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और उन्हें पर्याप्त भरोसा देते हैं, तो वे आपको किसी भी स्तर पर आगे बढ़ा सकते हैं। मुझे लगता है कि समूह में बहुत अनुभव है, और प्रबंधन के पास भी बहुत अनुभव है।

एलएसजी दो बार एलिमिनेटर में बाहर होने से पहले आईपीएल 2022 और 2023 सीजन के प्लेऑफ में पहुंची। आईपीएल 2024 में, एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत, आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, जब पिछले साल मेगा नीलामी में एलएसजी ने उन्हें 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 युवाओं के लिए आगे बढ़ने का बड़ा अवसर : नवदीप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



2024 पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह का मानना है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स पैरा-एथलीटों के निरंतर विकास के लिए एक महत्व पूर्ण मंच है और यह देश में पैरा खेलों को बढ़ावा देने में सरकार की गहरी दिलचस्पी को दर्शाता है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स (केआईपीजी 2025) का दूसरा संस्करण गुरुवार को शुरू होने वाला है। अर्जुन पुरस्कार विजेता एथलीट ने बताया कि कैसे यह टूर्नामेंट पैरा-एथलीटों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद कर रहा है। नवदीप ने साई मीडिया से कहा, "केआईपीजी 2025 वरिष्ठ एथलीटों के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक बेहतरीन मंच है। हम हर समय एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। यह हमें अपने प्रशिक्षण मॉड्यूल का परीक्षण करने और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों का अभ्यास करने में मदद करता है। हमें नवोदित एथलीटों से मिलने और प्रतियोगिताओं पर अलग-अलग विचारों और विचारों का आदान-प्रदान करने का भी मौका मिलता है।

## अनुभवी फाफ डू प्लेसिस को दिल्ली कैपिटल्स का उप कप्तान नियुक्त किया गया



**नई दिल्ली ।** अनुभवी बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस को आगामी 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह खबर साझा की। डू प्लेसिस ने फ्रेंचाइजी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, "आपका मतलब अभी है? मैं घर पर हूं, मैं और कहां होता? हां, यह सच है, मैं डीसी का उप-कप्तान हूं और मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली शानदार रही है, लड़के शानदार रहे हैं, निश्चित रूप से खुश हूं और मैं तैयार हूं।

## आगामी सत्र के लिए टीम बनाने में मिली सीख का विश्लेषण किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



आईपीएल 2024 मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए एक कठिन समय साबित हुआ, क्योंकि वे अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहे और टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में उनके कप्तान हार्दिक पांड्या को दर्शकों द्वारा हूटिंग का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 के शुरू होने से कुछ दिन पहले, पांड्या ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने पिछले साल की अपनी गलतियों का विश्लेषण किया और आगामी सत्र के लिए टीम बनाते समय इसे सुधारना सुनिश्चित किया। पांड्या ने जियो हॉटस्टार से कहा,"लगभग 11 वर्षों से आईपीएल में खेलने के बाद, प्रत्येक सीजन नई ऊर्जा और ताजा सकारात्मकता लेकर आता है। 2024 का सीजन निस्संदेह एक समूह के रूप में हमारे लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने अमूल्य सबक भी दिए। हमने उन सीखों का विश्लेषण किया और 2025 के लिए अपनी टीम बनाते समय उन्हें लागू किया। उन्होंने कहा,"इस बार हमने अनुभवी खिलाड़ियों की एक टीम बनाई है, जिन्होंने उच्चतम स्तर पर काफी क्रिकेट खेला है। यह अपने आप में रोमांचक है। अब मुख्य बात यह है कि हम एक इकाई के रूप में एकजुट हों और अपनी योजनाओं को कुशलतापूर्वक क्रियान्वित करें। अगर हम ऐसा करते हैं, तो हमारे लिए आने वाले कुछ बहुत अच्छे दिन होंगे। आईपीएल 2025 से पहले की नीलामी से, मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर और रीस टॉपले जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया, जबकि मुजीब उर रहमान को चोटिल एएम गजनफर की जगह शामिल किया गया। दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी फ्रेंचाइजी ने चुना।

### हार्दिक ने युवा खिलाड़ियों से कहा, खुद पर विश्वास रखें

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 2025 सीजन अब बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है, और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि दस टीमों के टूर्नामेंट में आने वाले युवाओं के लिए उनका संदेश है कि वे खुद पर विश्वास रखें और उतार-चढ़ाव के बीच तटस्थ रहें। पांड्या ने जियो हॉटस्टार से कहा, "आईपीएल में आने वाले युवा खिलाड़ी बेहद प्रतिभाशाली हैं। उनके लिए मेरा संदेश सरल है- खुद पर भरोसा रखें। वे यहां इसलिए हैं क्योंकि वे काफी अच्छे हैं, लेकिन इस स्तर पर सबसे बड़ी चुनौती आत्म-संदेह है।

## आईपीएल कप्तानों की बैठक 20 मार्च को बीसीसीआई कार्यालय में होगी

**मुंबई (आईएएनएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के सभी कप्तान इस गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में एकत्रित होने वाले हैं। जैसा कि क्रिकबज ने हाल ही में संक्षेप में बताया था, यह बैठक दोपहर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में होगी। कप्तानों के अलावा, सभी 10 फ्रेंचाइजी के प्रबंधकों को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई/आईपीएल प्रबंधन द्वारा फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल के अनुसार, क्रिकेट सेंटर में होने वाली यह बैठक - जो कि एक ब्रीफिंग से अधिक है - एक घंटे तक चलेगी। इस दौरान, टीमों को आगामी सीजन के लिए नए परिवर्तन और बदलावों के बारे में सूचित किया जाएगा। ब्रीफिंग के बाद ताज होटल में प्रायोजक गतिविधियां होंगी।

## एएफसी चैंपियंस लीग : रोनाल्डो की अल नासर क्वार्टर फाइनल में योकोहामा से भिड़ेगी



**कुआलालंपुर (आईएएनएस)**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल नासर का सामना क्वार्टर फाइनल में दूसरे वरीय जापानी क्लब योकोहामा एफ. मैरिनो से होगा, क्योंकि एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के लिए ड्रॉ सोमवार को यहां एएफसी हाउस में हुआ। नॉकआउट में सऊदी अरब के जेद्दा में 25 अप्रैल से 3 मई के बीच एक अनूठे केंद्रीकृत प्रारूप में सात बहुप्रतीक्षित मैच होंगे। चार बार के एशियाई चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त अल हिलाल एसएफसी को क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरियाई क्लब ग्वांग्झू एफसी का सामना करने के लिए चुना गया है। सऊदी अरब की अल अहली सऊदी एफसी, जो इस सत्र में नौ जीत और एक ड्रॉ के साथ अपराजित रही है, को थाईलैंड की बुरिराम यूनाइटेड से भिड़ना था, जबकि जापान की कावासाकी फ्रंटेल का मुकाबला कतर की 2011 की चैंपियन अल साद एससी से होगा। प्रत्येक क्वार्टरफाइनल एक क्रॉस-रीजनल शोडाउन होगा, जो पहली बार है कि एशिया की शीर्ष स्तरीय पुरुष प्रतियोगिता में पश्चिम और पूर्वी टीमों का कोई क्षेत्रीय विभाजन नहीं होगा, जो कि एएफसी चैंपियंस लीग के 2013 संस्करण के बाद से है।

### क्वार्टरफाइनल ड्रॉ

- अल हिलाल एसएफसी (केएसए) बनाम ग्वांग्झू एफसी (केओआर)
- अल अहली सऊदी एफसी (केएसए) बनाम बुरिराम यूनाइटेड (टीएचए)
- योकोहामा एफ. मैरिनोस (जेपीएन) बनाम अल नासर क्लब (केएसए)
- कावासाकी फ्रंटेल (जेपीएन) बनाम अल साद एससी (क्यूएटी)



# ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 में ऑटो माध्यम से अब तक निपटाए 2.16 करोड़ क्लेम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**





कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने चालू वित्त वर्ष में (6 मार्च तक) रिकॉर्ड 2.16 करोड़ ऑटो क्लेम का सेटलमेंट किया है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 89.52 लाख था। यह जानकारी सरकार द्वारा संसद में सोमवार को दी गई। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि 99.31 प्रतिशत से अधिक दावे अब ऑनलाइन प्राप्त हो रहे हैं और इसके लिए क्षेत्रीय कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। वित्त वर्ष 2024-25 (6 मार्च तक) 7.14 करोड़ क्लेम ऑनलाइन माध्यम से जमा किए गए हैं। ऑटो माध्यम से होने वाले क्लेम सेटलमेंट की सीमा को सरकार ने बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। इसके अलावा, बीमारी या अस्पताल में भर्ती होने के लिए एडवांस के अलावा, आवास, शिक्षा और विवाह के लिए एडवांस भी ऑटो माध्यम से दिया जा रहा है।

### सरकार ईपीएफओ में क्लेम को सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है

करंदलाजे ने बताया, 18.01.2025 को इसके लॉन्च होने के बाद से, फरवरी 2025 के अंत तक 55,000 से अधिक सदस्यों ने अपने खातों को डी-लिंक कर लिया है। सरकार ईपीएफओ में क्लेम के सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए जल्द ही नया सिस्टम 'ईपीएफओ 3.0' आने जा रहा है। इसके बाद सदस्य बैंक की तरह एटीएम से प्रॉविडेंट फंड (पीएफ) अकाउंट का पैसा निकाल सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा था कि नया सिस्टम बैंकिंग की तरह सुविधाजनक होगा। इसमें कई डिजिटल फीचर्स दिए जाएंगे, जिससे लेनदेन आसान हो जाएगा। ईपीएफओ 3.0 मौजूदा सिस्टम का एक उन्नत वर्जन होगा। इसे निकासी की प्रक्रिया को तेज और यूजर-फ्रेंडली बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। सदस्य बैंक खाते से नकदी निकालने की तरह ही एटीएम के माध्यम से भी अपना पीएफ का पैसा निकाल सकेंगे।

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, फाइनेंशियल व ऑटो शेयरों में हुई खरीदारी



**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 341.04 अंक या 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,169.95 और निफ्टी 111.55 अंक या 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,508.75 पर था। बाजार में तेजी की वजह फार्मा और फाइनेंस शेयरों में खरीदारी होना था। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स 1.03 प्रतिशत और निफ्टी फार्मा इंडेक्स 1.56 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, मेटल, एनर्जी और बैंकिंग इंडेक्स भी हरे निशान में बंद हुए हैं। वहीं, एफएमसीजी, रियल्टी और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 336.70 अंक या 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,461.80 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 71.05 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,968.40 पर था। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, इन्फोसिस और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में सरकार ने अब तक झुग्गीवासियों को वितरित किए 90 लाख घर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सरकार द्वारा सोमवार को संसद में कहा गया कि 3 मार्च 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को 90.60 लाख घर दिए गए हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पीएमएवाई-यू के तहत मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख मकानों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 112.46 लाख मकानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 3 मार्च 2025 तक 90.60 लाख मकान पूरे हो चुके हैं या लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि फंडिंग पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति में बदलाव किए बिना स्वीकृत घरों को पूरा करने के लिए योजना की अवधि 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। राज्य मंत्री ने कहा कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) 25 जून, 2015 से पीएमएवाई-यू के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता कर रहा है।

## टाटा मोटर्स ने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतें 2 प्रतिशत तक बढ़ाई, अप्रैल से होंगी प्रभावी

**मुंबई(आईएएनएस)**





भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने सोमवार को अपनी पूरी कमर्शियल वाहनों की रेंज की कीमतों में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का ऐलान किया। नई कीमतें 1 अप्रैल से लागू होंगी। कंपनी ने कहा कि बढ़ती इनपुट लागत की भरपाई के लिए यह बढ़ोतरी आवश्यक है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा,"भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज अपने सभी कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है और यह 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी होगी। कंपनी ने आगे कहा कि मूल्य वृद्धि इनपुट लागत में वृद्धि की भरपाई के लिए की गई है और यह वृद्धि अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी। भारतीय ऑटो इंडस्ट्री को कच्चे माल की बढ़ती लागत, अधिक लॉजिस्टिक खर्च और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



## अदाणी इलेक्ट्रिसिटी को ब्रैंडन हॉल, यूएसए में 'गोल्ड एचआर एक्सीलेंस अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया

**मुंबई (आईएएनएस)।** अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने सोमवार को कहा कि उसे अमेरिका के फ्लोरिडा में आयोजित ब्रैंडन हॉल एचआर एक्सीलेंस अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कंपनी ने बताया कि उसे यह सम्मान अदाणी मार्वेल्स (ए-मार्वेल्स) लीडरशिप प्रोग्राम के लिए बेस्ट लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम कैटेगरी में मिला है। यह सम्मान नेतृत्व के लिये प्रतिभा को बढ़ावा देने और कर्मचारियों के विकास में कंपनी का समर्पण दिखाता है।

## पुल निर्माण कार्य में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

# खपरमंडा नदी पर घटिया पुल निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन, विधायक ने जताई नाराजगी




### संवेदक पर भड़के विधायक, अधिकारियों ने स्वीकार की खामियां

विधायक ने पुल निर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर संवेदक (ठेकेदार) पर नाराजगी जताई और विभागीय अधिकारियों से इस पर जवाब मांगा। इसके बाद विभाग के जेई, एसडीओ और इंजीनियर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की जांच की। जांच के दौरान अधिकारियों ने स्वीकार किया कि निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पुल की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** खपरमंडा नदी पर बनाए जा रहे पुल के घटिया निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें पांकी के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता भी शामिल हुए। विधायक ने मौके पर पहुंचकर पुल निर्माण की गुणवत्ता की जांच की और निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई।

**पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण का आश्वासन :** विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों और विधायक को आश्वासन दिया कि अब निर्माण कार्य पूरी निगरानी में स्वीकृत इस्टीमेट के अनुसार किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जो भी घटिया निर्माण किया गया है, उसे ध्वस्त कर फिर से गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाएगा।

**ग्रामीणों ने जताया संतोष, लेकिन चेतावनी भी दी :** विभागीय आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने संतोष जताया, लेकिन साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि निर्माण कार्य में फिर से लापरवाही बरती गई तो वे आंदोलन तेज करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस मामले में गंभीरता दिखानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताएं न हों।

### 15वीं रोजा पर इफ्तार का आयोजन



**छतरपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के खाटिन में करबल्लाह रोड के असलम हुसैन के घर पर रमजान के पवित्र महीना के 15 वीं रोजा के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें कई रोजेदार शामिल हुए व इफ्तार किया। मौके पर आयोजक असलम हुसैन ने कहा कि इस पवित्र महीना में सभी रोजेदार को इफ्तारी कराने से बरकत होती है। रोजा एक साथ होने पर आपसी भाई चारगी का पैगाम भी देता है। इन्होंने कहा कि रोजेदार का इफ्तारी जरूर करना चाहिए। मौके पर असगर हुसैन, सदर खालिद राजा,सक्रेटरी मुस्तकीम अब्बासी,मुबारक हुसैन,नजरुल अंसारी,गुलाम मुस्तफा अंसारी,इमरान अंसारी,आरिफ अंसारी,फिरदौस आलम,मुस्लिम खलीफा,शौकत अब्बासी,समेत काफी संख्या में लोग इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

## न्यूज | बॉक्स

### डालटनगंज में ऑर्किड आउटरीच गैस्ट्रो क्लीनिक का उद्घाटन 22 मार्च को

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज स्थित लाल मेडिकल हॉल में 22 मार्च 2025 को सुबह 10:00 बजे ऑर्किड आउटरीच गैस्ट्रो क्लिनिक का शुभारंभ होगा। इस क्लिनिक में रांची के प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश यादव (एमबीबीएस, एमडी, डीएम - गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) मरीजों को परामर्श देंगे। यहाँ पेट और लीवर से जुड़ी समस्याओं जैसे गैस, अपच, एसिडिटी, फैटी लिवर, पित्त की पथरी, हेपेटाइटिस बी व सी, लिवर सिरोसिस, पैंक्रियाटाइटिस, आंतों की सूजन (आईबीडी), आईबीएस और खाद्य एलर्जी के इलाज के लिए परामर्श लिया जा सकता है। परामर्श शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए श्री आकाश वर्मा (9304284818) से संपर्क किया जा सकता है। डॉ. अखिलेश यादव से हर महीने के अंतिम शनिवार को लाल मेडिकल हॉल (सेवा सदन के विपरीत, डालटनगंज) में परामर्श लिया जा सकता है।

### सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक परीक्षा शुरू, 19 मार्च तक चलेगी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सरकारी और सहायता प्राप्त गैर-सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई, पहले दिन कक्षा 5 में हिंदी और कक्षा 6-7 में विज्ञान विषय की परीक्षा हुई, परीक्षा 19 मार्च तक चलेगी, जिले में कुल 2,53,867 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, कक्षा 1 व 2 की परीक्षा मौखिक जबकि कक्षा 3 से 7 तक की परीक्षा लिखित हो रही है, कक्षा 5 से 7 तक विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा 50-50 अंकों की होगी, जबकि 10-10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित किए गए हैं।,

# होली पार्टी में विवाद के बाद चली गोली, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के निमिया में होली की पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति धीरेन्द्र कुमार सिंह को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया।



**आपसी रंजिश में चली गोली**

रविवार देर रात निमिया में होली पार्टी के दौरान धीरेन्द्र कुमार सिंह और विजय कुमार सिंह के बीच विवाद हो गया। बहस के बाद विजय कुमार सिंह अपने घर गया, हथियार लाया और धीरेन्द्र कुमार सिंह के घर में घुसकर गोली चला दी। गोली धीरेन्द्र कुमार सिंह की पीठ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

**पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

घटना की सूचना मिलते ही पाटन थाना प्रभारी लालजी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विजय कुमार सिंह और रंजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फायरिंग में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के बीच पहले से रंजिश थी, जो होली पार्टी के दौरान हिंसक झगड़े में बदल गई।

**जेएमएम नेता भी शामिल, आरोपियों को भेजा गया जेल**

गिरफ्तार आरोपियों में से एक झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का नेता बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए एमएमसीएच भेजा, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### प्रैक्टिकल परीक्षा देकर लौट रहे छात्र पर हमला सिर में गंभीर चोट

**मेदिनीनगर।** पलामू के तरहसी हाई स्कूल के छात्र शुभम कुमार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर लाठी-डंडे से पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, शुभम प्रैक्टिकल परीक्षा देकर घर लौट रहा था, घटना के बाद परिजन उसे एमएमसीएच ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है, शुभम के सिर में गंभीर चोट आई है, घटना की सूचना मिलते ही तरहसी थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, थाना प्रभारी ने कहा कि दोषियों की पहचान कर जल्द कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय परिसर से सबमर्सिबल पंप की चोरी

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरहु स्थित राज संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर से चापानल खोलकर सबमर्सिबल पंप की चोरों ने कर ली गई। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मोहन प्रसाद आर्य ने शीला ओपी में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज करने की बात कही है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि होली के बाद जब विद्यालय खुला तो विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में पाया कि विद्यालय परिसर के पीछे स्थित चापनल से चोरों ने सबमर्सिबल पंप को चोरी कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी विद्यालय परिसर से चोरों द्वारा चोरी की गई है। शीला ओपी प्रभारी राहुल दुबे ने कहा कि मामला दर्ज कर कांड के उद्भेदन के लिए कर्रवाई की जा रही है।

# झामुमो की सरकार में हर वर्ग को मिल रहा है सम्मान : बैद्यनाथ राम

**चंदवा।** झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को मिशन स्कूल के समीप स्थित प्रहलाद बैंकेट हॉल में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष बैधनाथ राम,झामुमो जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव,पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा,पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे मुख्य रूप से मौजूद थे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव कर रहे थे। सम्मेलन में पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि आज झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार हर वर्ग को सम्मान देने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार का एक ही उद्देश्य है। बिना भेदभाव के सभी वर्ग समुदाय का सर्वांगीण विकास हो हमारी सरकार ने महिलाओं को मार्च माह में 7500 रुपये की सम्मान राशि देकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। सरकार की ओर से मंईयां सम्मान राशि मिलने से परिवार में उनका कद भी बढ़ा है। उन्होंने सभी नव चयनित पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि गांव से लेकर जिला व प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करना है। झामुमो की नीति व सिद्धांतों से प्रभावित हो कर दूसरे दल के लोग भी झामुमो का दामन थाम रहे हैं। जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि किसी भी संगठन में कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। हमारे लिए कार्यकर्ताओं का मान सम्मान ही सर्वोपरि है। मौके पर पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा ने बताया कि पार्टी के निर्देश पर चंदवा प्रखंड के सभी पंचायत में कमेटी का गठन किया जा चुका है। इसके बाद प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाना है। 14-15 अप्रैल को केंद्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व ही हमें सभी प्रखंड में कमेटी का गठन कर सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंपना है। सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष, सचिव,उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव के उम्मीदवार पर सर्व सहमति नहीं बनने के कारण सूची को केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजने का निर्णय लिया गया। मौके पर इशितयाक खान उर्फ पप्पन खान,शितमोहन मुंडा,मोहन गंझू हरि कुमार भगत,सुरेश गंझू,मनोज कुमार चौधरी,मो इजहार,मो. सरफराज,रंजीत कुमार,सुमन सुनील सोरेन,धन्नू खान,नौशाद अंसारी,धीरज जायसवाल,जतरु मुंडा,ब्रह्मदेव प्रजापति,रोबिन उरांव,मो. खुर्शीद,अंकित तिवारी समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कचरवा डैम का सुंदरीकरण कार्य शुरू, बनेगा आकर्षक पर्यटन स्थल

**● 9.75 करोड़ की लागत से होगा जीर्णोद्धार, पार्क और नौका विहार की सुविधा मिलेगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कचरवा डैम का जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण कार्य शुरू हो गया है, इसे अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत 9.75 करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है, इंडियन इलेक्ट्रिकल सर्विस लिमिटेड कंपनी इस परियोजना को पूरा करेगी, योजना के तहत डैम के आसपास पार्क, पैदल पथ, बिजली और पानी की सुविधा विकसित की जाएगी, इसके पूरा होने के बाद यह क्षेत्र शहरवासियों और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन जाएगा। गौरतलब है कि जुलाई 2024 में पलामू सांसद बीडी राम ने इस परियोजना का शिलान्यास किया था, लेकिन भारी बारिश के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका था, अब पानी निकालने के बाद काम तेज कर दिया गया है, नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता कार्तिक कुमार ने बताया कि इस डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को एक नया पिकनिक स्पॉट मिलेगा।

**डैम का पानी निकालने की नौबत आई, जल संकट की आशंका**

पिछले साल हुई भारी बारिश के कारण डैम पूरी तरह लबालब था, जिससे काम शुरू नहीं हो सका, अब फाटक खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे कुछ लोगों को जल संकट की आशंका है, क्योंकि इसी डैम से मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को जलापूर्ति की जाती है, हालांकि, अधिकारियों ने भरोसा दिया है कि मलय डैम से कचरवा डैम को जोड़ा जाएगा।

## स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया धीमी, अब तक सिर्फ 10 प्रतिशत उपभोक्ताओं को मिला लाभ

# भ्रम और जागरूकता की कमी बनी बाधा, बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग सक्रिय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिजली चोरी रोकने और बिलिंग प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना चलाई जा रही है। यह योजना पिछले कई महीनों से जारी है, लेकिन अब तक सिर्फ 10% उपभोक्ताओं को ही इसका लाभ मिल पाया है।

**शहर में 60 हजार उपभोक्ता, मात्र 6 हजार मीटर लगे :** मेदिनीनगर में करीब 60 हजार बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन धारक शामिल हैं। अब तक मात्र 6,000 उपभोक्ताओं के घर ही स्मार्ट मीटर लगाए जा सके हैं। विभाग का मानना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद रीडिंग की परेशानी खत्म हो जाएगी और उपभोक्ता मोबाइल की तरह बिजली का भी रिचार्ज कर सकेंगे।

**उपभोक्ताओं के बीच भ्रम, जागरूकता की जरूरत :** हालांकि, कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने से कतरा रहे हैं, जिससे इस योजना की गति धीमी हो गई है। बिजली विभाग भी इस तथ्य से इनकार नहीं करता। कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने बताया




कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है, उपभोक्ताओं को यह मीटर निशुल्क दिए जा रहे हैं और साथ ही सर्विस तार भी मुफ्त में दी जा रही है।

**फिलहाल पोस्टपेड मोड में, बाद में होंगे प्रीपेड :** वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पोस्टपेड मोड में काम कर रहे हैं। ये ऑनलाइन बिलिंग सिस्टम से जुड़े होंगे, जिससे उपभोक्ता को बिल की धनराशि, रीडिंग और डिस्कनेक्शन की तारीख मीटर पर ही दिखेगी। शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा होने के बाद सभी मीटरों को एक साथ प्रीपेड मोड में बदला जाएगा।

**बिजली विभाग की अपील :** कार्यपालक अभियंता ने सभी शहरी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे पुराने मीटर की जगह स्मार्ट मीटर का उपयोग करें। इससे उपभोक्ताओं को बिलिंग में पारदर्शिता मिलेगी और बिजली विभाग को भी सही तरीके से राजस्व की प्राप्ति होगी।

### झुके हुए पोल और लटके तारों की करें मरम्मत : कार्यपालक अभियंता

**● बिजली विभाग की बैठक में गर्मी के मौसम से पहले सुरक्षा पर जोर**

पलामू जिले के डाल्टनगंज डिवीजन के कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने शहरी क्षेत्र के बिजली विभाग के कर्मचारियों, लाइनमैन और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी :** उन्होंने टेढ़े और झुके हुए पोल, लटके तारों और असेंबली बॉक्स की मरम्मत जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि शहर में कई जगहों पर लटके हुए तार दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं, जिन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाना



चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेने और त्वरित समाधान करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर आते हैं, तो उस पर अमल कर संबंधित पदाधिकारी को सूचित किया जाए।

**स्मार्ट मीटर लगवाने की अपील :** कार्यपालक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं को अपने घर के अंदर की बजाय बाहर स्मार्ट मीटर लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि घर के अंदर मीटर लगाने से कई समस्याएं होती हैं और बिजली टेंपरिंग के मामले भी बढ़ते हैं।

**गलत तरीके से बिजली उपयोग करने वालों पर कार्रवाई होगी :** उन्होंने उपभोक्ताओं को आगाह किया कि वे स्मार्ट मीटर का उपयोग करें और बिजली की चोरी से बचें। यदि कोई जानबूझकर स्मार्ट मीटर नहीं लगवा रहा है या गलत तरीके से बिजली उपयोग कर रहा है, तो उसके खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर को सुरक्षित और सुविधाजनक मानते हुए इसे अपनाने की अपील की है, ताकि बिजली की बचत हो और बिलिंग प्रक्रिया पारदर्शी बने।

## परेशानी | गरज व बूंदाबांदी से रबी फसलों के नुकसान को लेकर किसान सशंकित

# लू के प्रभाव से पहले ही सूख गए हैं पौधे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम की बेरुखी किसानों के लिए एक बार फिर से मुसीबत बन खड़ी नजर आने लगी है। किसानों का कहना है कि पहले से ही पछुआ हवा और लू के प्रभाव ने रबी फसलों के साधारण पैदावार के आसरे पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि अब वह रविवार सुबह से ही आसमान में बादलों के मंडराने, कई बार गरज और बूंदाबांदी के बाद मौसम की नजाकत को देखते हुए ओलावृष्टि की संभावना को लेकर सशंकित हैं। जैसा कि ऐसे मौसम में अक्सर ऐसी स्थिति देखने को मिलती रही है। ऐसा हुआ तो इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन फसलों में तब कटनी करने के लिए कुछ बचेगा ही नहीं। आम, महुआ और सहजन जैसे फलों के फूल व कोंचा भी भारी प्रभाव पड़ेगा। वैसे



ही बादलों के गरजने से भी इनको नुकसान पहुंचता है। ऐसे में भरपूर मात्रा में मंजर, कोंचा और फुलों से लदे इनके पेड़ से इनके अच्छे उत्पादन मिलने की उम्मीद जाती रहेगी। वैसे, भी मौसम पूर्वानुमान में 19 से 22 मार्च तक बारिश का आसार जताया गया है। मेघ गर्जना की भी संभावना जताई गई है। किसान रामजन्म राम, कमलेश मेहता, प्रवेश पासवान, कृष्णा यादव और अन्य का कहना है कि रबी फसलों खासकर, चना, अरहर और गेहूं की अच्छी पैदावार की संभावना पहले से ही काफी कम हो गई थी। वैसे, भी अरहर और चना की फसलें, तो नीलगायों के ग्रास बनते चले गए थे। बीज के लिए इनके दाने मिलने की उम्मीद बची है। वह भी मौसम की बेरुखी से पूरी होती नजर नहीं आती है। ऐसे में इन फसलों की बोवाई में निवेश और मेहनत-मशक्कत की भरपाई पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। इससे उनकी मनोदशा को समझा जा सकता है।

# आरपीएफ ने महिला बोगी में यात्रा कर रहे सात पुरुष यात्रियों को पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने जांच अभियान चलाकर महिला बोगी में यात्रा करने के आरोप में 7 यात्रियों को पकड़कर जुर्माना वसूल किया। बताया जा रहा है कि आरपीएफ को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि महिला बोगी में पुरुष यात्री बैठ कर अनाधिकृत रूप से यात्रा करते हैं। जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है। शिकायत के आलोक में आरपीएफ ने सोमवार को जांच अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न ट्रेनों से महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा करते 7 पुरुष यात्री को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत जुर्माना वसूल किया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि महिला व दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से पुरुष रेल यात्री बैठकर सफर करते हैं। जिससे महिला यात्रियों व दिव्यांगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस आलोक में पुलिस ने जांच अभियान चलाकर 7 यात्री को पकड़ कर जुर्माना वसूल किया है। उन्होंने सुरक्षित यात्रा के लिए पुरुष यात्रियों को महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा नहीं करने की अपील की। इस अभियान में एसआई कार्तिक बिंझा, एएसआई उमेश चंद्रा, आरक्षी सुधीर कुल्लू, अनवर हुसैन, छोटेलाल यादव, बिनोद यादव समेत कई अन्य आरक्षी शामिल थे।

## पेज एक के शेष

### विधानसभा का बजट...

भाजपा का कहना है कि होली के ठीक पहले जितने लाभार्थियों को लाभ मिला है, उनकी संख्या दिसंबर 2024 से 18 लाख कम है। दूसरी ओर, इन दोनों मामलों पर सत्ता पक्ष के रुख से साफ है कि सत्ता पक्ष ने भी जवाबी प्रहार करने के लिए कमर कस ली है। सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों संग बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिए थे कि सत्र की कार्यवाही के दौरान उपस्थिति बनाए रखें। सत्र के दौरान सत्ता पक्ष का आरोप रहा है कि विपक्ष बिना मतलब के मुद्दे उठाकर सदन का समय बर्बाद करना चाहती है।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना...

मोबाइल ऐप के लांच होने के बाद युवाओं के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और देश की टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना और भी आसान हो जाएगा। आवेदक प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत पहले दौर में 1.27 लाख युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर मिला था। अब दूसरे दौर में 1.25 लाख से ज्यादा युवाओं को इंटर्नशिप का मौका देने का लक्ष्य रखा गया है।

### खूंटी के 3...

नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय उन बच्चों के लिए एक विशेष स्थान है, जिनकी पृष्ठभूमि मुश्किल भरी रही है। यहां के छात्र अनाथ, एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित परिवार और मानव तस्करी से मुक्त कराए गए बच्चे हैं। यह विद्यालय इन बच्चों को शिक्षा, खेल और जीवन के अन्य क्षेत्रों में अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है। स्कूल के 30 बच्चों के अलावा आसपास के गांव की बच्चियों को भी यहां निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय वार्ता की

# भारत-न्यूज़ीलैंड के बीच हुए छह करार

- चार घोषणाएं हुईं, भारत ने खालिस्तान का विषय भी उठाया
- हिंद-प्रशात सागरीय पहल से जुड़ा हुआ है न्यूज़ीलैंड

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को छह करार हुए। यह रक्षा, आर्थिक क्षेत्र, बागवानी-कृषि, पर्यावरण, शिक्षा और खेल के क्षेत्र से जुड़े हैं। इसके अलावा चार घोषणाएं की गई हैं। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए तथा कौशल एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवाजाही पर वार्ता करेंगे। न्यूजीलैंड हिंद-प्रशात सागरीय पहल (आईपीओआई) से जुड़ा है और आपदा अनुकुल बुनियादी ढांचा के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) का सदस्य बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 16 से 20 मार्च की भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री लक्सन का गर्मजोशी भरा और पारंपरिक स्वागत किया गया। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री लक्सन ने वार्ता से पहले राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि अर्पित की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री लक्सन के साथ रायसीना संवाद के 10वें संस्करण का भी उद्घाटन किया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार दोनों प्रधानमंत्रियों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया और बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। भारत और न्यूजीलैंड एक खुले, समावेशी, स्थिर और समृद्ध हिंद प्रशांत के मजबूत पक्षधर हैं। दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित किया। न्यूजीलैंड में भारतीय मूल की आबादी लगभग छह प्रतिशत है। दोनों नेताओं ने भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर सहमति व्यक्त की।

वार्ता के बाद सचिव (पूर्व) जयदीप मजुमदार ने बताया कि वार्ता के दौरान खालिस्तान का भी मुद्दा उठा। उन्होंने बताया कि हम अपने दोस्तों को उनके देशों में भारत-विरोधी तत्वों की गतिविधियों और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग के लिए सचेत करते हैं। इसमें आतंकवाद को महिमामंडित करने और हमारे राजनयिकों, संसद या भारत में हमारे इवेंट पर हमलों की धमकी देने जैसे विषय शामिल हैं। न्यूजीलैंड की सरकार संवेदनशील है और अतीत में भी हमारी चिंताओं का संज्ञान लेती रही है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के लिए अपनी अप्रयुक्त क्षमता का एहसास करने और समावेशी एवं टिकाऊ आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग के लिए भारत-न्यूजीलैंड के ज्ञापन के हस्ताक्षर का स्वागत किया।



### रक्षा क्षेत्र में समझौता संबंधों को बढ़ाने की हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है : लक्सन

संयुक्त प्रेस वक्तव्य में रक्षा क्षेत्र में हुए समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि यह रक्षा संबंधों को बढ़ाने की हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है और हमारी रणनीतिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण नया आयाम जोड़ता है। सहयोग के विभिन्न नए क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उनकी सरकार का मानना है कि हमें भारत में अधिक कर्मियों की आवश्यकता होगी। यही कारण है कि न्यूज़ीलैंड भारत में राजनयिक उपस्थिति को 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने पर विचार कर रहा है। यह संबंधों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और इसे बढ़ता हुआ देखने की महत्वाकांक्षा रखता है। इसे सचिव (पूर्व) ने भी पत्रकार वार्ता में रेखांकित किया और कहा कि पीएम लक्सन ने भारत में उनकी राजनयिक उपस्थिति को बढ़ाने की प्राथमिकताओं के बारे में बताया और उन्होंने कहा कि वे भारत में अपने दूतावास और वाणिज्य दूतावासों की क्षमता को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

# सोशल मीडिया की खबरों का होने लगा फैक्ट चेक

### कई संस्थानों, मीडिया कंपनियों ने फैक्ट चेक करने वाली कंपनियों की सेवाएं लीं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अब इतनी ग़लत व तथ्यहीन ख़बरें आने लगी हैं कि कई संस्थानों व मीडिया कंपनियों ने फैक्ट चेक करने वाली कंपनियों की सेवाएं ले ली हैं। अनेक स्वतंत्र फैक्ट चेकर भी इस तरह का काम कर रहे हैं। अभी तक तो यह काम सोशल मीडिया में वायरल होने वाली खबरों और वीडियो के मामले में किया जाता था, लेकिन अब कई संस्थान व मीडिया हाउस तो पीएम के भाषण का फैक्ट चेक करवाने लगे है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीएम संसद में भाषण देते हैं या किसी सरकारी कार्यक्रम में बोलते हैं तो उसका फैक्ट चेक किया जाता है। कई बार लोगों ने गलतियां पकड़ी हैं और कई बार यह पता चला है कि पीएम ने आधा सच बताया। जैसे लोकसभा में प्रधानमंत्री ने मिजोरम में आईआईएमसी खोले जाने का दावा किया, जबकि वहां आईआईएमसी की स्थापना मोदी के प्रधानमंत्री बनने से तीन साल पहले यानी 2011 में हो गई थी। इसी तरह प्रधानमंत्री ने बिहार के दरभंगा में एम्स बनाने का दावा किया, जबकि वहां अभी तक एम्स की नींव भी नहीं पड़ी है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि उसने जमीन दे दी है, लेकिन केंद्र सरकार के अड़ंगा लगाने की वजह से एम्स नहीं बन रहा है। जब विवाद बढ़ा तो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि राज्य सरकार ने जमीन में देरी की और बाद में जगह बदल दी। कारण चाहे जो हो, लेकिन तथ्य यह है कि अभी एम्स नहीं बना है लेकिन प्रधानमंत्री ने एम्स बनाने का दावा कर दिया।इसी तरह 1966 में मिजोरम पर हमला कराने की बात पीएम ने कही।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने मिजोरम के लोगों पर बम गिरवाए थे। सच्चाई यह है कि इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ दिन बाद ही मिजो विद्रोहियों ने सरकार पर कब्जा कर लिया था और अपने को भारत से अलग स्वतंत्र देश घोषित कर दिया था। उस समय पूर्वी कमान के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मानेक शॉ थे, वे जो इलाके का हवाई दौरा करने गए तो उनके हेलीकॉप्टर पर भी फायरिंग हुई थी, जिसके बाद सेना की मदद से विद्रोह को कुचलने और मिजोरम को वापस हासिल करने का अभियान चला था।यह तथ्य नहीं बताए।

## पुतिन से बात करेंगे ट्रंप, क्या रुकने वाला है रूस-यूक्रेन युद्ध!



**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन की देर रात की फ्लाइट के दौरान एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा, "हम देखना चाहते हैं कि क्या हम युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। शायद हम कर सकते हैं, शायद हम नहीं भी कर सकते, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास बहुत अच्छा मौका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "मैं मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात करूंगा। वीकेंड में बहुत काम किया गया है।

## अमेरिकी विमानवाहक पोत को निशाना बनाकर हूती ग्रुप ने किया दूसरा हमला

**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को उत्तरी लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत को निशाना बनाकर दूसरा हमला किया। इससे पहले अमेरिकी सेना ने हूती ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने एक बयान में कहा, 'हमारे देश के खिलाफ जारी अमेरिकी हमलों के जवाब में... हमारे सशस्त्र बलों ने 24 घंटे से भी कम समय में दूसरी बार उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस हैरी ट्रूमैन को बैलिस्टिक, क्रूज मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया। सरिया ने कहा, "हमारे सशस्त्र बलों ने एक शत्रुतापूर्ण हमले को नाकाम करने में कामयाबी हासिल की, जिसे दुश्मन हमारे देश के खिलाफ करने की तैयारी में था। कई रॉकेट और ड्रोन दागे गए जिससे दुश्मन के युद्धक विमानों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा।



## वैज्ञानिकों ने ढूंढा कैंसर से बचाव के लिए कोशिकाओं के इस्तेमाल का नया तरीका

**सिडनी (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने कैंसर से बचाव से जुड़ी एक नई प्रक्रिया खोजी है, जो टेलोमेयर नामक संरचनाओं पर केंद्रित है। टेलोमेयर गुणसूत्रों (क्रोमोसोम) के सिरे पर मौजूद सुरक्षात्मक आवरण होते हैं, जो कोशिकाओं को कैंसर से बचाने में मदद कर सकते हैं। टेलोमेयर उम्र बढ़ने और कैंसर रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्र बढ़ने के साथ, ये धीरे-धीरे छोटे होते जाते हैं। जब टेलोमेयर बहुत छोटे हो जाते हैं, तो वे कोशिकाओं को विभाजन रोकने का संकेत देते हैं। यह एक प्राकृतिक सुरक्षा प्रक्रिया है, जो कैंसर को फैलने से रोकती है।न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह जानकारी सिडनी स्थित चिल्ड्रन मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमआरआई) के एक अध्ययन में सामने आई है। सीएमआरआई के जीनोम इंटेग्रिटी यूनिट के टोनी सेसारे के अनुसार, "हमारे डेटा से पता चलता है कि टेलोमेयर बहुत ज्यादा सक्रिय होते हैं। वे स्ट्रेस पर तुरंत प्रतिक्रिया दे सकते हैं और उम्र बढ़ने जैसी दिखने वाली सेलुलर प्रतिक्रिया को शुरू कर देते हैं। वे ऐसा कैंसर से बचने के लिए करते हैं।" इस शोध में, सेसारे और उनकी टीम ने जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर यह समझने का प्रयास किया कि टेलोमेयर कैंसर से बचाव में सक्रिय भूमिका कैसे निभाते हैं। यह अध्ययन नेचर कम्युनिकेशंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। टोनी सेसारे के अनुसार, "अधिकतर लोग मानते हैं कि टेलोमेयर सिर्फ निष्क्रिय रूप से छोटे होते जाते हैं। लेकिन हमारा शोध बताता है कि वे सक्रिय रूप से कोशिकाओं की सुरक्षा भी करते हैं। टेलोमेयर कोशिका चक्र को रोककर या कोशिकाओं को खुद से मरने के लिए प्रेरित करके, उन कोशिकाओं को नष्ट करने में मदद करते हैं जिनमें गुणसूत्र क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।




## नौ महीने से फंसी सुनीता विलियम्स आज पृथ्वी पर वापस आएंगी

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस**

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर नौ महीने से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर नासा ने पुष्टि की है कि वे मंगलवार की शाम पृथ्वी पर लौट आएंगे। बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स एक अन्य अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और एक रूसी कॉस्मोनॉट के साथ स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन यान से वापस आएंगे, जो रविवार सुबह आईएसएस पर पहुंचा था। नासा ने रविवार शाम को कहा कि इन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी मंगलवार को फ्लोरिडा तट पर समुद्र में उतरने का समय शाम 5:57 बजे (भारतीय समयानुसार 19 मार्च की सुबह 3:30 बजे) होगी। पहले यह वापसी बुधवार से पहले नहीं होने जा रही थी। विल्मोर और विलियम्स जून 2023 से आईएसएस पर हैं। वे बोइंग स्टारलाइनर यान के पहले मानवयुक्त परीक्षण उड़ान में गए थे, लेकिन उसमें तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वह सुरक्षित वापसी के लिए अनुपयुक्त हो गया। नासा ने बताया कि इस वापसी का समय इस तरह तय किया गया है कि आईएसएस के दल अपना काम पूरा करने का समय मिल जाए और साथ ही सप्ताह के अंत में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए लचीलापन बना रहे। नासा ने कहा है कि वो स्पेसएक्स क्रू-9 के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर लौटने का सीधा प्रसारण करेगा। ये प्रसारण 17 मार्च की रात 10:45 बजे (अमेरिका के समय के अनुसार) से शुरू होगा। भारत में ये समय लगभग 18 मार्च की सुबह 8:30 बजे होगा।



## यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 53 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा घायल



**सना (आईएएनएस)।** यमन की राजधानी सना में रातभर हुए अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत कम से कम 53 लोग मारे गए। हूती द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमलों में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अमेरिका ने यमन के ईरान समर्थित हूतियों विद्रोहियों के खिलाफ अपने हमलों को तेज कर दिया है। शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के साथ 'एकजुटता' में लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने वाले विद्रोहियों के खिलाफ 'अत्यधिक घातक बल' का उपयोग करने की शपथ ली। यमन की राजधानी सना और अन्य क्षेत्रों में कई अमेरिकी हमलों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। हूती लड़ाकों ने भी जवाबी कार्रवाई में तेजी लाने की कसम खाई है, क्योंकि अक्टूबर 2023 में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से उन्हें सबसे बड़े हमलों में से एक का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका ने रविवार आधी रात से यमन में कई ठिकानों पर रातभर हवाई हमले किए।

## भारत की खालिस्तानियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग, राजनाथ सिंह-तुलसी गबार्ड बैठक में उठा मुद्दा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड के साथ बैठक की। इस दौरान सिंह ने अमेरिकी धरती पर भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहे खालिस्तानी चरमपंथियों का मुद्दा उठाया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को हुई बातचीत में मंत्री ने खालिस्तानी संगठन एसएफजे (सिख फॉर जस्टिस) की भारत विरोधी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। एसएफजे को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने के लिए देश में प्रतिबंधित किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया, "भारत ने अपनी चिंता व्यक्त की और अमेरिकी प्रशासन से गैरकानूनी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय चर्चा की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# 'उडारियां' फेम कपल प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता हुए अलग!




बिग बॉस 16 में अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी दोनों ही साथ नजर आए थे, जिनके बारे में लंबे समय से एक-दूसरे को डेट करने की अफवाह थी। लेकिन अब सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। क्या इन दोनों का ब्रेकअप होने वाला है?

## एक्टर्स ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम से अनफॉलो किया

उडारियां सीरियल से फेमस हुए प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता काफी लंबे समय से एक-दूसरे को डेटिंग कर रहे थे। हालांकि, इंस्टेंट बॉलीवुड के अनुसार, दोनों ने अब एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है, जिससे उनके फैंस सोच रहे हैं कि क्या वे अलग हो गए हैं।

प्रियंका और अंकित ने सलमान खान के शो बिग बॉस 16 में एक साथ हिस्सा लिया था। हालांकि उन्होंने कहा कि वे केवल दोस्त हैं, लेकिन उनकी केमिस्ट्री ने फैंस को कुछ और ही सोचने पर मजबूर कर दिया। शो खत्म होने के बाद, उन्हें अक्सर एक साथ समय बिताते और इंस्टाग्राम पर प्यार भरी तस्वीरें शेयर करते देखा गया। दरअसल, हाल ही में उनकी शादी की अफवाहें इंटरनेट पर घूम रही थीं। इस चर्चा के बीच, पोर्टल ने एक स्क्रीनशॉट शेयर किया जिसमें दिखाया गया कि अंकित और प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है।

उनके फैंस ने निराशा व्यक्त की, एक ने टिप्पणी की, "ओह नहीं! यह कैसे संभव है? मेरी पसंदीदा जोड़ियों में से एक, प्रियांकित - मुझे लगा कि इस रिश्ते को निश्चित रूप से नाम मिलेगा।" एक अन्य ने लिखा, "असंभव, यार... ऐसा नहीं हो सकता।" एक फैंस ने टिप्पणी की, "नज़र बहुत वास्तविक है।" एक और आशावादी टिप्पणी में लिखा था, "वे पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर वापस आएंगे।

### अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी का रिश्ता

अंकित और प्रियंका की पहली मुलाकात उनके शो उडारियां की शूटिंग के दौरान हुई थी। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फैंस का दिल जीत लिया, जिससे वे टेलीविजन के सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक बन गए। बाद में वे सलमान के रियलिटी शो बिग बॉस 16 में शामिल हुए, जहां उनकी प्यारी नोकझोंक ने फैंस को उनका सपोर्ट करने पर मजबूर कर दिया। सलमान खुद अक्सर घर में उनके रिश्ते के बारे में उन्हें चिढ़ाते हुए देखे गए। अंकित को घरवालों ने घर से निकाल दिया, जबकि प्रियंका तीसरे स्थान पर रहीं, लेकिन अपनी बिग बॉस की जर्नी से संतुष्ट रहीं।

